# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ


R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 16 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-29 ■ पृष्ठ -13 ■ मूल्य : 01 ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## सूबे में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए वोटिंग आज

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। इससे पहले रविवार को राज्यसभा चुनाव को दिनभर बैठकों का दौर चला। सुबह में जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर एनडीए नेताओं की बैठक हुई। बैठक में बीजेपी के राज्यसभा चुनाव पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी पहुंचे। वहीं मंत्री लेसी सिंह के आवास पर जदयू विधायकों की, वहीं स्टेट गेस्ट हाउस में बीजेपी ने बैठक की, जिसमें पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर भी विधायकों का जुटान हुआ। यहां विधायकों को मॉक पोल की प्रैक्टिस कराई गई। शाम में जेडीयू नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर विधायकों के लिए डिनर बैठक हुई। इस बैठक में सीएम नीतीश भी मौजूद थे। यहां चुनावी रणनीति की अंतिम समीक्षा की गयी और कल होने वाले राज्यसभा चुनाव की फाइनल स्ट्रैटजी तैयार की गई

**एनडीए पूरी तरह एकजुट :** लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राजेश भट्ट ने राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए के पांचों उम्मीदवार के जीतने का दावा किया है। कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए पूरी तरह एकजुट है। डॉ. भट्ट ने विपक्ष पर तंज करते हुए कहा कि विपक्ष आज भी पुरानी संस्कृति में है। विपक्ष अपने सभी विधायकों को होटल में कैद कर रखे हुए हैं, जो राजद के शासनकाल वाली अपहरण संस्कृति का प्रतीक है।




### एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों की जीत तय : विजय



**पटना (एनएसबी)।** जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को दावा किया है कि एनडीए के सभी पांच प्रत्याशियों की जीत तय है। बिहार के मंत्री चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा, "एनडीए को कोई संदेह नहीं है। एनडीए के सभी घटक दल के नेता कह रहे हैं कि सभी सीटों पर हमारी जीत पक्की है। जब तक चुनाव होना है तब तक मतदाता (विधायक) एक दूसरे से मिलते-जुलते हैं। चुनाव तक रहना सबको पटना में है और कोई दूसरा काम नहीं है। इससे वोट के गणित पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।"

### बड़े मार्जिन से 5वीं सीट जीतेंगे : संजय झा



जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि लोग चाहते हैं कि बिहार में विकास हो, अगले 5 साल एनडीए सरकार बिहार में काम करेगी। 4 सीटों पर कोई समस्या नहीं है, पांचवी सीट पर जो मुकाबला है, उसपर बड़े मार्जिन से एनडीए की जीत होगी।

### जीत एनडीए की होगी पक्की : श्रवण कुमार



जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर बैठक में बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय शर्मा और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जेडीयू कोटे के मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए। बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा और जेडीयू के कई बड़े नेताओं ने चुनावी समीकरण और जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक खत्म होने के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि महागठबंधन भले ही अपनी जीत का दावा करे।

## महागठबंधन के विधायक होटल में नजरबंद, एक साथ देने जाएंगे वोट

**पटना (एनएसबी)।** राजद के विधायक आज रात होटल पनाश में ही रुकेंगे। महागठबंधन के नेता यहां जुटे हैं। बताया जा रहा है कि पांचवीं सीट पर फंसी पेंच को सुलझाने के लिए विधायकों को एकजुट रखा जा रहा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शाम में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में तेजस्वी यादव के साथ अख्तरूल ईमान और आईपी गुप्ता बैठे थे। इफ्तार के बाद बंद कमरे में नेताओं की बातचीत हुई, जिसमें तेजस्वी, ईमान और एडी सिंह मौजूद थे। तेजस्वी यादव ने कहा कि एआईएमआईएम की ओर से इफ्तार का आयोजन किया गया था।

**विधायकों के नजरबंद पर जदयू ने सवाल उठाए :** वहीं विधायकों के नजरबंद होने पर जदयू ने सवाल उठाए हैं। मंत्री और जदयू नेता विजय चौधरी ने ने कहा कि वोट देना ही है, जीतना है ही तो बैठक की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिनको विधायकों पर विश्वास नहीं है, वे उन्हें होटल में रखे हैं। जिनको डर लग रहा है, वे विधायकों को बंद किए हुए हैं।



### हमारे साथ 45 से ज्यादा विधायकों का समर्थन

आईपी गुप्ता ने कहा कि हम लोग इस होटल में इसलिए रुके हैं, क्योंकि कल वोट देने जाएंगे तो सभी लोग एक साथ जाएंगे। वह लोग तो रोज अलग-अलग आवास पर खाना खिला रहे हैं। कांग्रेस के विधायक नजर नहीं आ रहे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उधर कहां कोई नजर आ रहा है। 41 नहीं हमलोग के साथ 45 से 50 हो सकते है, इंतजार कीजिए।

## संक्षिप्त खबरें

### औरंगाबाद में छज्जा गिरने से दो की मौत

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान खुशियों का माहौल तब मातम में बदल गया जब जयमाला के दौरान छज्जा टूटकर गिर गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मझियावां गांव की है, जहां शादी समारोह के दौरान सभी रस्में निभाई जा रही थीं। इसी क्रम में जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था, जहां वर और वधू पक्ष की बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। जहां यह कार्यक्रम चल रहा था, वहीं छत का छज्जा भरभरा कर गिर गया।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**पुंछ।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में 'ऑपरेशन DIGGI-2' के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यानी LoC के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक अङ राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ली महिला की जान

**पूर्व मेदिनीपुर।** जिले में रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा दीघाझनंदकुमार राष्ट्रीय सड़क पर फतेपुर इलाके में हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक महिला की पहचान गौरी जाना (34) के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह सुबह साइकिल से अपने काम पर जा रही थीं। उसी दौरान दीघा की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौरी जाना की मौके पर ही मौत हो गई।

### गरोठ हाईवे सडक हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र में गरोठ हाईवे पर शनिवार-रविवार की रात में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार परिवार के चार सदस्य घायल हो गए थे। जिसमें से 11 साल के बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल पिता ने भी कुछ ही देर में दम तोड़ दिया।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का ऐलान

### तमिलनाडु-असम-केरल और पुडुचेरी में एक जबकि प. बंगाल में दो चरणों में होगा मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने रविवार को देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इसके तहत पुडुचेरी, केरल और असम में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। वहीं, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक चरण में वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होगा, जिसमें 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग कराई जाएगी।

सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज शाम 4 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि संबंधित पांच राज्यों में लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए 824 विधानसभा सीटों पर करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस पूरी चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए लगभग 25 लाख चुनाव कर्मी तैनात किए जाएंगे। आयोग के मुताबिक, पांचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होगा, जबकि तमिलनाडु विधानसभा का कार्यकाल 10 मई तक है। असम विधानसभा का कार्यकाल 20 मई और केरल विधानसभा का कार्यकाल 23 मई को समाप्त होगा। वहीं, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा का कार्यकाल 15 जून तक है। विधानसभा सीटों की बात करें तो कुल 824 सीटों में से असम में 126, केरल में 140, पुडुचेरी में 30, तमिलनाडु में 234 और पश्चिम बंगाल में 294 सीटें शामिल हैं। इन राज्यों में कई सीटें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। असम में 9 एससी और 19 एसटी सीटें, केरल में 14 एससी और 2 एसटी सीटें, पुडुचेरी में 5 एससी सीटें, तमिलनाडु में 44 एससी और 2 एसटी सीटें तथा पश्चिम बंगाल में 68 एससी और 16 एसटी सीटें आरक्षित हैं। मतदाताओं की संख्या के अनुसार, असम में करीब 2.50 करोड़, केरल में लगभग 2.70 करोड़, पुडुचेरी में करीब 9.44 लाख, तमिलनाडु में लगभग 5.67 करोड़ और पश्चिम बंगाल में करीब 6.44 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने की बात कही है।




| राज्य | सीट | कुल वोटिंग | वोटिंग की तारीखें |
|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 294 | 6.44 करोड़ मतदाता | 23 व 29 अप्रैल को |
| तमिलनाडु | 234 | 5.67 करोड़ मतदाता | 23 अप्रैल को |
| केरल | 140 | 2.70 करोड़ मतदाता | 09 अप्रैल को |
| असम | 126 | 2.50 करोड़ मतदाता | 09 अप्रैल को |
| पुडुचेरी | 30 | 9.44 लाख मतदाता | 09 अप्रैल को |

04 मई को नतीजा

### एआई और डीपफेक के दुरुपयोग के खिलाफ होगी कार्रवाई : ज्ञानेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने मतदाताओं को गुमराह करने के लिए चुनाव प्रचार में डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपयोग करने वालों को कड़ा संदेश दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मीडिया ब्रीफिंग में आईएएनएस के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि गलत सूचना और डीपफेक के संबंध में, प्रत्येक राज्य में हमारे नोडल अधिकारी ऐसे मामलों की निगरानी करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जिसमें सामग्री को हटाना या जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज करना शामिल है।

### 17.4 करोड़ मतदाता, 824 विधानसभा क्षेत्र, 2.19 लाख पोलिंग बूथ और 25 लाख कर्मी चुनाव प्रक्रिया में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी विधानसभा चुनावों की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की टीम ने सभी चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया। आयोग के अनुसार, इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में कुल 824 विधानसभा क्षेत्र हैं। लगभग 2.19 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे और करीब 25 लाख निर्वाचन कर्मी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेंगे। वहीं, मतदाताओं की बात करें तो असम में लगभग 2.50 करोड़, केरल में लगभग 2.70 करोड़, तमिलनाडु में लगभग 5.67 करोड़, पश्चिम बंगाल में लगभग 6.44 करोड़ और पुडुचेरी में लगभग 9.44 लाख मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अनुसार, शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला होती है। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में कुल मिलाकर लगभग 17.4 करोड़ मतदाता भाग लेंगे। यह संख्या इतनी बड़ी है कि कई महाद्वीपीय देशों की कुल जनसंख्या के बराबर है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बीस से अधिक देशों के निर्वाचन आयोगों के प्रतिनिधि भी भारत आएंगे और यहां की पारदर्शी और प्रभावी चुनाव व्यवस्था को देखेंगे। चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करते समय आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मुलाकात कर उनके सुझाव प्राप्त किए।



### महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती विस सीटों के लिए उपचुनाव 23 अप्रैल को

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटें राहुरी (अहिल्यानगर जिला) और बारामती (पुणे जिला) में उपचुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान और चार मई को मतगणना की घोषणा की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे इन दोनों सीटों पर उपचुनाव निर्विरोध करवाने का प्रयास करेंगे लेकिन अगर चुनाव की नौबत आई तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तैयार है।

## तेल सप्लाई स्थिर रखने के लिए 40 करोड़ बैरल रिजर्व जारी करेगा आईईए

**पेरिस (एजेंसी)।** वैश्विक तेल आपूर्ति पर बढ़ते दबाव के बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने आपातकालीन भंडार से लगभग 40 करोड़ बैरल कच्चा तेल बाजार में जारी करने का फैसला किया है। एजेंसी का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति को सामान्य बनाए रखना और कीमतों में संभावित अस्थिरता को कम करना है। आईईए के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, खासकर इजराइल, ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए एजेंसी के सदस्य देशों ने मिलकर अपने रणनीतिक भंडार से बड़ी मात्रा में तेल जारी करने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने बताया कि एशिया और ओशिनिया क्षेत्र में मौजूद तेल भंडार से आपूर्ति तुरंत शुरू की जाएगी, ताकि बाजार में मांग और सप्लाई के बीच संतुलन बना रहे। वहीं अमेरिका और यूरोप के रणनीतिक भंडार से तेल की आपूर्ति मार्च के अंत तक शुरू होने की संभावना है। आईईए के अधिकारियों का मानना है कि यह कदम वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने और संभावित आपूर्ति संकट को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्य देश स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और जरूरत पड़ने पर आगे भी आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।




## मुजफ्फरपुर से सीवान का कुख्यात अयूब खान गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार के सिवान के चर्चित 'खान ब्रदर्स' गिरोह के मुख्य सरगना और कुख्यात अपराधी अयूब खान को पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई सीवान से आई विशेष पुलिस टीम और मुजफ्फरपुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, अयूब खान मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा स्थित अपने एक आवास में छिपा हुआ था। सीवान पुलिस को उसके यहां होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मुजफ्फरपुर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया और मिठनपुरा इलाके में घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने रविवार शाम गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि सीवान पुलिस द्वारा यह विशेष छापेमारी की गई थी, जिसमें मुजफ्फरपुर पुलिस ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



## भाजपा की सरकार में एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा : अमित शाह

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), असम प्रदेश के सौजन्य से गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित 'युवा शक्ति समारोह' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए राज्य में घुसपैठियों का संरक्षण करने का आरोप लगाया, साथ ही राज्य के सामूहिक विकास के लिए भाजपा को वोट देने का आह्वान किया। रविवार को राज्य के 1.5 लाख से अधिक युवाओं को गृह मंत्री ने संबोधित करते हुए उपरोक्त आह्वान किया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और दरंग-उदालगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा और प्रदेश भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद एवं विधायक भी कार्यक्रम में मौजूद थे। भाजयुमो के इस कार्यक्रम के जरिए आज राज्य के प्रत्येक जिले के युवा मतदाताओं ने भाजपा की चुनावी रणभेरी बजाई।



असम के विकास और उत्थान की यात्रा में युवा शक्ति के संकल्प को दृढ़ करने के लिए यह युवा शक्ति समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम की युवा शक्ति के इस महासमागम ने राज्य में भाजपा के जनसमर्थन की मजबूत तस्वीर पेश की है। उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने उन्हें फोन करके युवाओं के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की कोई भी राजनीतिक पार्टी इस तरह का विशाल युवा सम्मेलन आयोजित नहीं कर सकी है। उन्होंने असम के युवाओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

### हाईकोर्ट से झटका

## केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने इस केस में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई कर रही दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच से दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने की मांग की है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि अगर यही जज सुनवाई करते हैं तो निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं हो पाएगी। इससे पहले, उन्होंने बेंच बदलने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को भी पत्र लिखा था। उन्होंने इस अनुरोध को ठुकरा दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच के सामने सोमवार को इसी मामले की सुनवाई होगी।



## खबरें : एक नजर में

### गैस की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गई

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना द्वारा जिला-स्तरीय अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं अन्य के साथ गैस की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान रखने तथा ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर है। उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो इसके लिए अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा एलपीजी गैस के ब्लैकमार्केटिंग एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के हित में एलपीजी घरेलू गैस के पारदर्शी एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए अधिकारीगण तत्पर हैं। अपर जिला दंडाधिकारियों एवं अन्य जिला-स्तरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों अनुमंडल-स्तरीय पदाधिकारियों तथा प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एलपीजी गैस डीलर्स एवं वितरकों के यहाँ नियमित तौर पर 'निरीक्षण तथा छापामारी' की जा रही है। 'उपभोक्ताओं तथा आम जनता से फीडबैक' भी लिया जा रहा है। 'ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने का निदेश' दिया गया है। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी लोगों के विरुद्ध एस्मा एक्ट 'आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम' के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के निवारण एवं सिलेंडर की जमाखोरी की रोकथाम हेतु 28 धावा दल का गठन किया गया है। इन धावा दलों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति निरीक्षकों एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। ये सभी नोडल पदाधिकारी उपभोक्ताओं नियंत्रण कक्षों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निवारण कर रहे हैं। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड स्तरों पर घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु गठित धावा दलोंध्व्यवस्था के वरीय प्रभारी पदाधिकारी के तौर पर नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित मामलों के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर हेल्पलाईन जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या 0612-2219810) क्रियाशील है। कोई भी उपभोक्ता या आम जनता इस संबंध में सूचना, शिकायत या जानकारी इस हेल्पलाईन नम्बर पर 09:00 बजे पूर्वा से 06:00 बजे अपरा तक दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं, शिकायतों एवं सुझावों को विहित प्रपत्र में पंजी में संधारित किया जा रहा है। इन पर विधिवत कार्रवाई हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तैनात किया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी अपने अनुमंडलों में नियंत्रण कक्षों को क्रियाशील रखने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

### जिलाधिकारी ने गाँधी मैदान का किया निरीक्षण, ईद की तैयारियों का लिया जायजा

**पटना (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, पटना त्यागराजन एस़एम़ ने वरीय पदाधिकारियों के साथ गाँधी मैदान, पटना का निरीक्षण किया तथा ईद के नमाज की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर ही उन्होंने समीक्षात्मक बैठक भी की। जिलाधिकारी ने नमाज-ए-इदैन कमिटी के प्रतिनिधियों से भी विमर्श किया। उन्होंने पदाधिकारियों को कमिटी के साथ समन्वय स्थापित कर मानकों के अनुसार त्रुटिहीन प्रशासनिक तैयारी करने एवं उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, अचूक सुरक्षा व्यवस्था, सुचारू यातायात संचालन तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर, नगर पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था, अपर समाहर्त्ता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, अध्यक्ष नमाज-ए-इदैन कमिटी, कार्यपालक पदाधिकारी पटना नगर निगम, विद्युत कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी सहित अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि ईद के त्योहार के अवसर पर गाँधी मैदान में नमाज अदा की जाती है जिसमें काफी संख्या में लोग भाग लेते हैं। अतः मानकों के अनुरूप सारी तैयारी की जा रही है। इसके लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है। गाँधी मैदान में साफ-सफाई, पार्किंग, विधि-व्यवस्था, जलापूर्ति, प्रकाश की व्यवस्था सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विधिवत तैयारी हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया है।

नूतन राजधानी अंचल, पटना नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी गाँधी मैदान की ससमय एवं समुचित सफाई सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम, नूतन राजधानी अंचल, पटना गाँधी मैदान स्थित नमाज स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई अधिष्ठापित हाईमास्ट लाईट को ऊर्जान्वित कराना पशुओं के गांधी मैदान में प्रवेश को रोकना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, यांत्रिकी नमाज-ए-इदैन कमिटी से समन्वय स्थापित कर नमाज अदा करने के दिन गाँधी मैदान में चिन्हित स्थलों पर समुचित संख्या में वाटर टैंकर वाटर एटीएम का प्रबंध करते हुए जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, यातायात वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

भवन कार्यपालक अभियंता बैरिकेडिंग कराना एवं गड्ढों को भरना, समतलीकरण सुनिश्चित करेंगे।

जिला नजारत उप समाहर्ता प्रबंधक, गांधी मैदान में अधिष्ठापित सभी सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में रखेंगे।

ईद के नमाज के अवसर पर आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु गाँधी मैदान में डक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ एम्बुलेंस सिविल सर्जन प्रतिनियुक्त करेंगे।

**मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ पटना मैराथन 2026**

# पटना मैराथन 2026 : दौड़े हजारों कदम, नशामुक्त बिहार के संकल्प को मिला जनसमर्थन

**पटना (एनएसबी)।** मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पटना मैराथन 2026 का सफल आयोजन आज 15 मार्च 2026 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। रन फर नशामुक्त बिहार थीम पर आयोजित इस मैराथन में लगभग 10,000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त और स्वस्थ बिहार के संकल्प को मजबूत समर्थन दिया।

मैराथन का उद्देश्य बिहार को नशामुक्त बनाने, लोगों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान जुम्बा सेशन से हुई, जिसने सभी प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार कर दिया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी़ वी़ सिंधु, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग अजय यादव, आयुक्त उत्पाद-सह-



विजेता को सम्मानित करते अतिथि।

निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल, पटना सर्किल के चीफ जनरल मैनेजर अनुराग जोशी, जनरल मैनेजर नेटवर्क-साउथ बिहार रवींद्र कुमार श्रीवास्तव, जनरल मैनेजर नेटवर्क-नर्थ बिहार आऱ नटराजन तथा जनरल मैनेजर नेटवर्क-झारखंड विवेक चंद्र जायसवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मैराथन की शुरुआत प्रातः 3:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या-01 से की गई। निर्धारित रूट गांधी मैदान से प्रारंभ होकर जेपी गंगा पथ और अटल पथ तक था। अटल पथ से यू-टर्न लेकर प्रतिभागी उसी मार्ग से वापस गांधी मैदान के गेट संख्या-01 तक पहुंचे, जहां फिनिशिंग लाइन पर दौड़ का समापन हुआ। विभिन्न श्रेणियों की दौड़ को निर्धारित अंतराल पर गेट संख्या-01 से हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराया गया। मैराथन के सफल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे। मार्ग पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए अस्थायी चिकित्सा शिविर, विशेषज्ञ डक्टरों एवं कार्डियोलजिस्ट की व्यवस्था की गई थी। 10.5 किलोमीटर के बिंदु पर एंबुलेंस और चिकित्सकों की तैनाती के साथ-साथ पूरे मार्ग पर दो एंबुलेंस लगातार गतिमान रहीं। इसके अतिरिक्तपीएमसीएच, एनएमसीएच, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान तथा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं, अपरेशन थिएटर एवं ट्रमा सेंटर भी तैयार रखे गए थे। पटना मैराथन 2026 में मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा स्टेट बैंक अफ इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एआई की मदद से तेज और पारदर्शी होंगे भूमि सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्य : उपमुख्यमंत्री

## बंदोबस्त कार्यालयों में बनेगा विशेष एआई सेल, कर्मियों को दिया जाएगा चरणबद्ध प्रशिक्षण

**समय सीमा में संभव हो सकेगा भूमि सर्वेक्षण, कमिटी में बंदोबस्त अधिकारी से लेकर विशेष सर्वेक्षण के सभी स्तर के कर्मी**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से राज्य में भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाकर राजस्व प्रशासन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को जमीन से जुड़े मामलों में सरल, त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एआई आधारित कार्यप्रणाली से विभाग की दक्षता बढ़ेगी और सर्वे के कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।

राज्य में राजस्व प्रशासन को आधुनिक, अधिक प्रभावी और समय सीमा में पूरा करने की दिशा में अब विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने राज्य के सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।


उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

निदेशक श्री सुहर्ष भगत की तरफ से जारी पत्र के अनुसार, जिलों के बंदोबस्त कार्यालयों में एआई सेल का गठन किया जाएगा, जो विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम में एआई के संभावित उपयोग पर कार्य करेगा। इस सेल की अध्यक्षता बंदोबस्त पदाधिकारी करेंगे, जबकि इसमें आईटी प्रबंधक, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (आईटी/ इंजीनियरिंग), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो और विशेष सर्वेक्षण अमीन सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

निर्देश के मुताबिक, एआई सेल की बैठक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक बंदोबस्त कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह समिति जिला स्तर पर एआई के उपयोग से जुड़े निर्णय लेने, कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करने तथा एआई पाठ्यक्रम लागू करने का कार्य करेगी। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कर्मियों को परीक्षा के बाद प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

पत्र में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2026 से बंदोबस्त कार्यों में एआई आधारित टूल्स के प्रारंभिक उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए संबंधित कर्मियों में जागरूकता बढ़ाने और आवश्यक प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया है। निदेशालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि भारत सरकार द्वारा स्थापित इंडिया एआई मिशन और राज्य में चल रहे बिहार एआई मिशन के अनुरूप राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, दक्ष और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। एआई के उपयोग से कार्यों की गति, बेहतर निर्णय-प्रक्रिया और संभावित त्रुटियों या अनियमितताओं की पहचान करना आसान होगा। इससे तय सीमा में निर्धारित कार्यों की मनिटरिंग भी आसान हो जाएगी, जिससे तय समय पर सभी स्तर के काम संभव हो सकेंगे

अधिकारियों से कहा गया है कि एआई टूल्स के उपयोग को बढ़ावा देकर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत इज अफ लिविंग के लक्ष्य को साकार करने में राजस्व प्रशासन अग्रणी भूमिका निभा सकेगा।

## राज्य के किसानों को गन्ना मूल्य का 91 फीसदी हुआ भुगतान

**पटना (एनएसबी)।** पेराई सत्र समाप्त होने के पूर्व ही चीनी मिल संचालकों ने किसानों से खरीदे गए गन्ना मूल्य का 91 फीसदी राशि का भुगतान कर दिया है। शेष बकाये राशि का शीघ्र भुगतान करने की आदेश गन्ना उद्योग विभाग ने मिल संचालकों को दिया है। गन्ना उद्योग विभाग के रिकर्ड के अनुसार पेराई सत्र 2025-26 शुरू होने के साथ ही राज्य में चीनी मिलों ने गन्ने की खरीद शुरू कर दिया, जिसमें राज्य के किसानों से करीब 2 हजार 110 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से लगभग 5 करोड़ 67 लाख टिल गन्ने की खरीद की गई।

इसके एवज में चीनी मिल संचालकों ने 12 मार्च 26 तक करीब 1 हजार 918 करोड़ 23 लाख रुपए का भुगतान गन्ना किसानों को कर दिया है। बताया जाता है कि गन्ना की खरीदारी शुरू होने के बाद हरिनगर चीनी मिल ने सबसे अधिक गन्ना की खरीद की है। जबकि दूसरे स्थान पर नरकटियागंज चीनी मिल और तीसरे स्थान पर बगहा चीनी मिल है।

## महिलाओं के लिए आयोजित जब फेयर में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां लेंगी भाग

**पटना (एनएसबी)।** कौशल विकाश प्रशिक्षण योजना के तहत पटना के ज्ञान भवन परिसर में 16 और 17 मार्च को महिला मेगा जब फेयर लगेगा। इसमें कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर महिलाओं की नियुक्ति करेंगी। इनमें प्रमुख रूप से ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट, बजाज अटो लिमिटेड, मुथूट फाइनेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, क्रोमा टाटा एंटरप्राइज, एथर एनर्जी, जूडियो, मेडमिक्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीवीएस मोटर कंपनी, आईटीसी लिमिटेड, वेस्टसाइड, एयरटेल, अपोलो हस्पिटल्स तथा योकोहामा सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इसका आयोजन महिला एवं बाल विकास निगम की तरफ से किया जा रहा है।

**क्रोमा टाटा एंटरप्राइज, एथर एनर्जी, टीवीएस मोटर, अपोलो हस्पिटल्स समेत अन्य कंपनियां शामिल**

इस जब फेयर में रिटेल, हस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, आईटीध्बीपीओ, टेक्सटाइल, मैन्युफै रिंग, सिक्योरिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी, जहां 2000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा प्रतिभागियों के अन-द-स्पट इंटरव्यू लेकर चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

इस जब फेयर में 10वीं, 12वीं, ्तक, तकनीकी डिग्री एवं आईटीआई योग्यता प्राप्त महिलाएं भाग ले सकती हैं। प्रतिभागियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड, बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्वा 09 बजे से संध्या 06 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं ूबकबइपींतहवअपद पर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठा सकती हैं।

## फिट इंडिया महज अभियान नहीं, स्वस्थ्य और सशक्त राष्ट्र के निर्माण से जुडा जन आंदोलन : खेल मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** स्पोर्ट्स ऑथरिटी आफ इंडिया (साई) द्वारा फिट इंडिया कार्निवल, 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में फिटनेस, खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर राज्य की खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनका स्वागत स्पोर्ट्स अथरिटी अफ इंडिया, पटना के केंद्र प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण द्वारा बुके एवं शल प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम में एम़ रामचंद्रुडु, आईएएस, निदेशक जनगणना, अजय कुमार, अध्यक्ष बिहार ओलंपिक एसोसिएशन तथा हरिद्वार से आए राकेश आचार्य जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में खेल मंत्री ने सभी को दैनिक जीवन में बुनियादी फिटनेस गतिविधियों को अपनाने की अपील की और कहा कि स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि फिट इंडिया केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक जन आंदोलन है। हमें अपने दैनिक जीवन में खेल और शारीरिक गतिविधियों को शामिल कर फिटनेस को एक आदत बनाना होगा। ऐसे आयोजन समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**स्पोर्ट्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया द्वारा फिट इंडिया कार्निवल का हुआ आयोजन**

कार्यक्रम की शुरुआत जुम्बा सेशन से हुई, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात अतिथियों के स्वागत के बाद पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

फिट इंडिया कार्निवल के दौरान ताइक्वांडो, वुशु एवं योग खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। विभिन्न खेल संघों की तरफ से सड़क पर डेमो सत्र आयोजित किए गए, जिससे खेलों और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ उनकी व्यापक दृश्यता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में मल्लखंब, जिम्नास्टिक, अत्या-पत्या, स्केटिंग, बास्केटबल, ताइंडो, वुशु, सेपक टकरा, योगासन, जुम्बा एवं मिनी जिम जैसे खेलों के स्टल और प्रदर्शन लगाए गए।

उद्घाटन के बाद खेल मंत्री ने सभी खेल स्टल एवं डेमो सत्रों का भ्रमण किया तथा खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। फिट इंडिया कार्निवल, 2026 के आयोजन ने समाज में फिट इंडिया आंदोलन को मजबूत करने तथा लोगों को नियमित शारीरिक गतिविधियां अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना के वृहद परिषद की बैठक आयोजित

**पटना (एनएसबी)।** रविवार को 11 बजे दिन से बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना के वृहद परिषद की बैठक दो सत्रों में महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र- उद्घाटन सत्र के रूप में मनाया गया। जिसका उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय उपेन्द्र प्रसाद सिंह, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में ड तपन कुमार शांडिल्य, प्राचार्य, टी़ पी़ एस. कॉलेज, सुनीता राय, प्राचार्या, विक्रम ने भाग लिया। उद्घाटन से पूर्व सभी आगन्तुक अतिथियों के द्वारा डा ए. के़ सेन साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण सेन साहेब की मूर्ति पर महासंघ के पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य सदस्यों ने भी किया। सभी आगन्तुक अतिथियों को अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

मंच का संचालन संरक्षक श्री ब्रज किशोर प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया साथ ही मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा द्वारा कर्मचारियों से सम्बन्धित मुद्दों को विस्तृत रूप से सभा के समक्ष रखा गया। सभी आगन्तुक अतिथियों द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया साथ ही उनके द्वारा कर्मचारी से सम्बन्धित समस्याओं के निदान करने के लिए वचनबद्धता दिखाई गई। साथ ही उन्होंने कर्मचारी महासंघ द्वारा आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। पाटलिपुत्र विवि के कुलपति ने कर्मचारी की समस्याओं के निदान हेतु पहल करने का आश्वासन दिया। धन्यवाद ज्ञापन महासंघ के महामंत्री रोहित कुमार द्वारा किया गया।



रविवार को 11 बजे दिन से बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना के वृहद परिषद की बैठक दो सत्रों में महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

दूसरे सत्र में वृहद परिषद् की कार्यवाही अध्यक्ष वेंकटेश कुमार की अध्यक्षता में पुनः प्रारम्भ हुई। महामंत्री रोहित कुमार द्वारा पूर्व की बैठक के कार्यवृति को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे सबों ने एकमत होकर अनुमोदन किया। महामंत्री द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये निर्णय से सभा में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया जिसे भी सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति अनुमोदन प्रदान किया। वृहद परिषद् की बैठक में निम्नांकित व्यक्तियों ने अपना विचार रखा - मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा, संरक्षक ब्रजकिशोर सिंह, राजदेव राय, इन्द्र कुमार दास, राजीव रंजन, पवन कुमार, विनय कुमार झा, मो सुशील मंडल, प्रेमचन्द, राजेन्द्र कुमार, गणेश कुमार सिंह, हरिहर मोहन, सुरेश प्रसाद सिंह, दीपक कुमार, मनोज कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, शशिरंजन, प्रेमचन्द, अशोक मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, राजीव भाष्कर, विनोद कुमार ने सम्बोधित किया।

## तमिलनाडु के निवेशकों ने किया वर्षों से बंद मढ़ौरा चीनी मिल का निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** वर्षों से बंद मढ़ौरा चीनी मिल को पुनः चालू के लिए राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल अब धरातल पर दिखाई पड़ने लगा है। तमिलनाडु के निवेशकों ने रविवार को सारण जिले में स्थित बंद मढ़ौरा चीनी मिल का निरीक्षण किया। मिल परिसर की वर्तमान स्थिति और वहां उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। इसके बाद गन्ना किसानों से वहां की समस्याओं पर चर्चा की।

विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के तहत बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के साथ ही राज्य में 25 नई चीनी मिलें स्थापित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। इसको लेकर गन्ना उद्योग विभाग भी सक्रिय हो गया है। बताया जाता है कि राज्य सरकार की पहल पर तमिलनाडु के एसएनजे ग्रुप अफ कंपनीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एस एन जयमुरुगन, अध्यक्ष सेल्वा कुमार, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण और ग्रुप अडिटर बिमलेंद्र मिश्रा ने गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ बंद पड़ी मढ़ौरा चीनी मिल का निरीक्षण किया। वर्तमान स्थिति का आकलन किया। दौरे के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के किसानों से मुलाकात कर गन्ना उत्पादन से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की तथा खेतों में गन्ना फसल की स्थिति का अवलोकन किया।

**आधारभूत संरचनाओं का जायजा लेने के साथ ही निवेशकों ने किया किसानों से बातचीत**

**सात निश्चय 3 के अंतर्गत 'समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार' की दिशा में गन्ना उद्योग विभाग की पहल**

गौरतलब हो कि सारण जिले में स्थित मढ़ौरा चीनी मिल देश और बिहार का पहला चीनी है, जिसकी स्थापना 1904 में ब्रिटिश सरकार ने की थी। बताया जाता है कि 90 के दशक में यह चीनी मिल बंद हो गई। धीरे धीरे इस मिल के सभी उपकरण बर्बाद हो गए। राज्य सरकार के पहल से एक बार फिर इस मिल के खुलने की उम्मीद जग गयी है। निवेशकों के निरीक्षण के दौरान सहायक ईखायुक्त श्री वेदवत कुमार एवं ईख पदाधिकारी श्री कोमर कानन भी मौजूद रहे।

बताते चलें कि राज्य सरकार के सात निश्चय3 के अंतर्गत 'समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में गन्ना उद्योग विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# अब घर बैठे देश दुनिया में फिल्म द ताज स्टोरी को देख सकेंगे लोग

## सीए सुरेश झा निर्मित सुपरहिट फिल्म द ताज स्टोरी लायंस गेट इंटरनेशनल ओटीटी पर हुआ रिलीज

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित सुपरहिट फिल्म द ताज स्टोरी को लायंस गेट इंटरनेशनल ओटीटी पर रिलीज किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए फिल्म के निमार्ता सी ए सुरेश झा ने कहा कि जिस तरह सिनेमाघर में दर्शकों ने इस फिल्म को सराहा इस तरह रिलीज होते ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म की काफी सराहना हो रही है।

उन्होंने इसके लिए दर्शकों सहित फिल्म निर्माण से जुड़े सभी कलाकारों एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो की लगभग तीन माह पूर्व इस फिल्म को देश-विदेश के 1000 से अधिक सिनेमाघरो में एक साथ रिलीज किया गया था। ताजमहल के गुढ़ रहस्य को जिस तरह फिल्मांकन किया गया उसकी जमकर तारीफ हुई और लोग ताजमहल की सच्चाई से वाकिफ हो सके। फिल्म मे गाइड की भूमिका में सुपरस्टार परेश रावल की दमदार भूमिका को लोगों ने खूब सराहा। फिल्म मे बॉलीवुड के कई नामचीन कलाकारों के अलावा बिहार के चर्चित कलाकार अखिलेंद्र मिश्रा, अंजनी कुमार, वीणा झा, सर्वज्ञ झा एवं स्वर्णिम झा आदि ने अपने अभिनय का



खुशी मनाते द ताज स्टोरी के निर्माता सीए सुरेश झा व अन्य। *फाइल फोटो*

अद्भुत छटा बिखेरा है। इस फिल्म का निर्माण देश के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट भाजपा के वरिष्ठ नेता दरभंगा जिला के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के घनश्यामपुर श्री गोई लगमा निवासी सुरेश झा के द्वारा किया गया है।

ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्म बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन बिहार के इस लाल ने उस चुनौती को स्वीकार करते हुए विश्व के सातवे आश्चर्य ताजमहल जैसे विषय पर फिल्म बना डाली जिसकी सिर्फ कल्पना की जा सकी थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दिया। द ताज स्टोरी के निर्देशक तुषार अमरीश गोयल ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से फिल्मांकन किया है। उनके स्पष्ट सोच और निडर प्रस्तुति को व्यापक सराहना मिली है।

वहीं क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम ने अपनी रचनात्मक दृष्टि से फिल्म को भावनात्मक और सिनेमाई रूप से मजबूती प्रदान की है। लगभग 11 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म ताजमहल के अनकहे सच को उजागर करते हुए 30 करोड़ से अधिक का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है और बॉक्स ऑफिस पर सफलतापूर्वक 6 सप्ताह पूरे किए थे। अब ओटीटी पर फिल्म रिलीज होने के बाद लोग पूरे देश दुनिया में घर बैठे इस फिल्म को देख सकेंगे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जयंतीपुर के मरलिया चौक के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। बताया जाता है कि जयंतीपुर निवासी शत्रुघ्न यादव के 30 वर्षीय पुत्र दुर्गा नंद यादव अपनी बाइक से डखराम से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल दुर्गा नंद को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु डीएमसीएच (दारभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल) रेफर कर दिया। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिल भोलू यादव ने आशीर्वाद प्राप्त किया



**दरभंगा (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भोलू यादव ने पटना जाकर पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। राजद नेता भोलू यादव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलकर कार्यकर्ताओ को ऊर्जा मिलती है। जब भी उनसे मिला हूँ उन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया है। उनके मूल्यों पर आधारित कार्यों को आगे बढ़ा जायेगा।

### वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा बहेड़ी थाना का किया गया वार्षिक निरीक्षण

**बहेड़ी(एनएसबी)।** थाना का वरीय पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न पंजी जैसे आगंतुक पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, महिला हेल्प डेस्क, लोकशिकायत पंजी, लूट पंजी, डकैती पंजी, सी डी पार्ट 2,अपराध पंजी, दागी पंजी,जेल से छूटे हुए अपराधियों की पंजी, केस डिस्पोजल, दैनिकी पंजी, ओ डी पंजी, गुंडा पंजी, अपराध अनुसंधान पंजी, हाजत पंजी,गिरफ्तारी पंजी, मालखाना पंजी, चार्टशीट, स्टेशन डायरी, समन वारंट कुर्की इश्तिहार पंजी ,सहित अन्य प्रकार के पंजियों की जांच की गई। जिसमें लूट पंजी,सी डी पार्ट 2, डकैती पंजी,आगंतुक पंजी, समन वारंट इश्तिहार कुर्की पंजी,लोकशिकायत पंजी संधारित नहीं पाए गए तथा मालखाना पंजी भी जून 2025 तक ही संधारित पाए गए।लोकशिकायत पंजी अद्यतन नहीं रहने के कारण इसके प्रभारी पुङ्गअङ्गनिङ्गफहीम खान से स्पष्टीकरण तथा पीसी रजिस्टर अद्यतन नहीं रहने के कारण पीसी प्रभारी पुङ्गअङ्गनिङ्ग रौशन कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है । मालखाना पंजी जून 2025 तक ही अद्यतन रहने और थानाध्यक्ष के द्वारा थाना में पंजी के अद्यतन की स्थिति की समीक्षा नहीं करने के कारण बहेरी थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया है ।

### म्यांमार के राजदूत ने सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार सिंह को किया सम्मानित

**दरभंगा (एनएसबी)।** म्यांमार एंबेसी ,दिल्ली में 12 देश के राजदूतों ने संयुक्त रूप से एशिया इंडिया बिजनेस मीट एवं पीस कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन किया।



राजदूत के हाथों सम्मानित होते रोहित कुमार सिंह।

जिसकी अध्यक्षता एशिया के 12 देश के एंबेसडर के चेयरमैन म्यांमार के एंबेसडर महामहिम यू मोई क्यो अंग कर रहे थे।मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 14 सालों से लगातार सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों के लिए म्यांमार के राजदूत ने सम्मानित किया म्यांमार के राजदूत ने कहा जब रोहित कुमार सिंह का प्रोफाइल मेरे नजदीक आया तो मुझे यह पता चला की भारत में रोहित सिंह जैसे युवा लगातार सामाजिक न्याय को स्थापित करने के लिए अपने आप को देश सेवा में लगा दिया है।

### मच्छरों से निजात पाने के लिए छिड़काव शुरू

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद पदाधिकारियों की नींद खुल गई। मच्छरों से निजात पाने के लिए शनिवार से फौगिंग मशीन से छिड़काव शुरू कर दिया। लेकिन हकीकत में फौगिंग मशीनें बेकार हैं। नगरवासी परेशान हैं।गर्मियों और मानसून के दौर में डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन बेनीपुर नगर परिषद की लापरवाही से फौगिंग का नामोनादान रह गया है। करोड़ों की लागत से खरीदी गई फौगिंग मशीनें धूल फांक रही हैं। समाचार छपने के वाद शनिवार को नगर परिषद शहरी क्षेत्र के कुछ इलाकों में दवा का छिड़काव किया गया। लेकिन आम लोगों का कहना है कि लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं। कुछ देर तक धुआं तो दिखाई दिया लेकिन इस धुआं से मच्छड़ पर कोई प्रभाव देखने को नही मिल रहा है।लोग अभी भी घरेलू उपाय , जैसे मच्छरदानी ही एकमात्र सहारा बने हुए हैं। कार्यपालक पदाधिकारी लगभग महीने से अवकाश पे है। जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। स्वच्छता पदाधिकारी इंद्रजीत पाल बेचारे बने हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि मशीन ठीक है। कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर नगर परिषद क्षेत्र में फौगिंग करवा देंगे।"नगरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि वादे पर अमल तो हुआ लेकिन मच्छड़ से तो निजात नही मिला।

### प्रीमियर लीग सीजन 6 के फाइनल मुकाबला मनोहर 11 बहेरी बना विजेता

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रीमियर लीग सीजन 6 के फाइनल मुकाबला मनोहर 11 बहेरी और इकबाल 11 मधुबनी के बीच जननायक कपूर्री ठाकुर बाबा नागार्जुन स्टेडियम बेनीपुर में खेला गया जिसमें मनोहर 11 बहेरी ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 249 रन 5 विकेट के नुकसान पर बनाया एवं इकबाल 11 को 250 का लक्ष्य दिया जहां लक्ष्य का पीछा करते हुए इकबाल 11 ने 20 ओवर में 208 रन ही सिमट गया और मनोहर 11 बहेरी ने ये मैच 41 रनो से जीत लिया, मनोहर 11 के नजारे मैन ऑफ द मैच और रोहित मॉनिस्टर को मैन ऑफ द सीरीज मे स्कूटी दिया गया। विजेता टीम को र 11,1151 एक लाख ग्यारह हजार एक सौ इक्यावन मुख्य पार्षद मोहम्मद अकबाल के द्वारा उपविजेता को 51151 इक्यावन हजार एक सौ इक्यावन रुपया का राशि उप मुख्य पार्षद राजीव ठाकुर के द्वारा दिया गया ,आयोजक सुबोध कामत, विश्वनाथ पासवान, राजा झा , नवीन पासवान, सुरेश कामती, शशि महतो, उपस्थित थे।

## डीएम ने लोहिया चौक पंडासराय पथ, आरओबी, पंडासराय,दिल्ली मोड़ और बेला का किया औचक निरीक्षण

# निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने लोहिया चौक से पंडासराय पथ, पंडासराय आरओबी,दिल्ली मोड़ आरओबी तथा बेला मोड़ का स्थल निरीक्षण किया। शहर की विकास योजनाओं का की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि लोहिया चौक से पंडासराय तक सड़क का चौड़ीकरण तथा सड़क के दोनों किनारे नाला निर्माण का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), समस्तीपुर द्वारा कराया जाना है। मार्ग पर एक एलिवेटेड सड़क का भी निर्माण किया जाएगा, जो पंडासराय को आरओबी से जुड़ेगा।

जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, एनएच, समस्तीपुर को निर्देश दिया कि नाला निर्माण का कार्य अविलंब गुणवत्ता के साथ प्रारंभ कराया जाए। जिलाधिकारी ने उक्त मार्ग में अतिक्रमण को शीघ्र चिन्हित कर हटाने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, सदर को दिया। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को विधिवत नोटिस देने तथा माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया, ताकि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें। अतिक्रमण हटाने के पश्चात कार्यपालक अभियंता को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा को निर्देश दिया गया कि मार्ग को शीघ्र नापी कराते हुए प्रभावित मकानों की मार्किंग करायें। पंडासराय आरओबी के एलाइनमेंट में जहाँ-जहाँ भू-अर्जन की आवश्यकता है, वहाँ शीघ्र चिन्हित कराने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान अमीन द्वारा बताया गया कि एलाइनमेंट में कुछ स्थानों पर पक्के मकान भी आ रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन संरचना प्रमंडल, दरभंगा को ऐसे मकानों का शीघ्र मूल्यांकन कर रिपोर्ट भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**अतिक्रमण हटाने के उपरांत सरकारी भूमि की अंतिम सीमा से नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए**

दिल्ली मोड़ आरओबी के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सदर ने बताया कि सड़क किनारे सरकारी जमीन की नापी एवं मार्किंग करा दी गई है तथा संबंधित लोगों को नोटिस भी जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने अतिक्रमण को शीघ्र हटाने का निर्देश दिया। वरीय परियोजना अभियंता, पुल निर्माण द्वारा बताया गया कि सड़क के दोनों किनारों पर नाला निर्माण किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने के उपरांत सरकारी भूमि की अंतिम सीमा से नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवश्यक भू-अर्जन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बेला मोड़ आरओबी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वरीय परियोजना अभियंता को यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। सड़क के दोनों किनारों पर नाला निर्माण का कार्य पुल निर्माण निगम द्वारा शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने पुल निर्माण निगम को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया।

## सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का उत्साह



कार्यक्रम में डॉ. धर्मशीला गुप्ता एवं अन्य।

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस, परिश्रम और टीम भावना का सबसे बड़ा विद्यालय : डॉ. धर्मशीला गुप्ता**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के लहेरियासराय स्थित नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिहार भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस, परिश्रम और टीम भावना का सबसे बड़ा विद्यालय है। खेल के मैदान में उतरने वाला युवा केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि अपने व्यक्तित्व को मजबूत बनाने और अपने सपनों को साकार करने के लिए भी खेलता है। आज देश में खेलों के प्रति जो नई ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण बना है, उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। उनके नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया जैसे अभियानों से गांव-गांव और शहर-शहर के युवाओं में खेल के प्रति नई जागरूकता और आत्मविश्वास पैदा हुआ है। आज भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। महोत्सव के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता, बैडमिंटन, कराटे, शतरंज और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिला प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में खेल पदाधिकारी कुमार परिमल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कुमार अनुराग ने किया।

## चैती दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



पूजा समिति के पदाधिकारी ।

**हायाघाट (एनएसबी)।** लक्ष्मीपुर ड्योढ़ी के प्रांगण में रविवार को वासंती दुगार्पूजा को लेकर श्री श्री 108 वासन्ती दुर्गा पूजा समिति, आनंदपुर ,सहोड़ा पूजा समिति के सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अशोक पेपर मिल थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने की। बैठक में पूजा आयोजन के 50 वे वर्ष के उपलक्ष में आगामी 19 मार्च गुरुवार को सुबह 7 बजे से पूर्ण भक्तिमय माहौल में भव्य कलश शोभायात्रा निकालने को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सह मुखिया कृष्णकांत चौधरी, उपाध्यक्ष रामबाबू झा, कोषाध्यक्ष विपिन चंद्र झा, प्रवक्ता पारस नाथ चौधरी, सचिन शुभम कुमार सौरभ, महासचिव वेद प्रकाश झा, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा, रमन जी चौधरी, विवेकानंद चौधरी, संजय पासवान, गोपाल चौधरी, नवीन चौधरी, रोशन झा, पंडित बैजू झा, पंडित गजेंद्र झा, प्रवेश मिश्रा, टिंकू चौधरी, अमरजीत पासवान, कृष्ण भगवान चौधरी, केशव चौधरी, सच्चिदानंद झा, रामविलास साहू, गोपाल जी चौधरी, त्रिपुरारी चौधरी, अमित दास, लालबाबू राम के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फरसा से हमला कर शिक्षक को किया जख्मी

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** अरई गांव में बदमाशों ने गांव के ही एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर फरसा से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी गांव के ही मो सादीक को इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी भेजा गया है। इस मामले में शिक्षक मो सादीक के आवेदन पर सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें गांव के ही मो मेराज, मुस्ताक हजाम, एजाज हजाम, हैदर, मोतिउर रहमान सहित बारह लोगों को नामजद किया गया है। उसने बताया है कि मधुबनी से एक लड़की को भगाकर लाने के मामले में पुलिस गांव में छानबीन कर रही थी। इस संबंध में जब गांव के ही मंजूर के दरवाजे पर बैठे मिराज हजाम से मैंने जानकारी के लिए पूछा तो वह नाराज होकर बदसलूकी करने लगा। इफ्तार के लिए जब मैं अपने दोस्त मो गाजी एवं मो फैसल के साथ अपने मामू के निमंत्रण पर आरई नया टोला पेट्रोल पंप के पास गया था। तो घात लगाए बैठे आरोपियों ने हमला कर दिया। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## देश की राजधानी दिल्ली में मिथिला की संस्कृति और कला को मिलेगा नया आयाम : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की जनशताब्दी के अवसर पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 20 मार्च को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं में गायन के माध्यम से भाषाई एकता को मजबूती प्रदान की जाएगी।

श्रद्धेय श्री बाजपेई ने मिथिला क्षेत्र के सुपौल की धरती पर मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की घोषणा की थी तथा इस कार्यक्रम में सुपौल की बेटी मिथिला की प्रसिद्ध लोकसंगीत की गायिका प्रिया मल्लिक के द्वारा सभी 22 भाषाओं में गायन कर देश की राजधानी में मिथिला की सांस्कृतिक गरिमा को स्थापित किया जाएगा। देश के पूर्व मानव संसाधन मंत्री तथा श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई के निकटतम सहयोगी डॉ मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ साथ देश के कई केंद्रीय मंत्रियों विभिन्न राज्यों के सांसदों सहित दिग्गजों का जुटान होगा। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को इस कार्यक्रम के निमित्त सीएम रेखा गुप्ता के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के क्रम में इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा है कि अटल भाषा सम्मान समारोह भारत की भाषाई एकता तथा सांस्कृतिक विविधता को समर्पित एक ऐसा आयोजन है जिसमें एकता में विविधता की भारतीय भावना की महान अंतर्भावना छुपी हुई है तथा इसके माध्यम से श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई के विचारों उनकी लेखनी तथा उनके नेतृत्वक्षमता को देश के हर कोने में पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ।

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि देश की प्रसिद्ध गायिका मिथिला की बेटी प्रिया मल्लिक 20 मार्च को स्वरांजली कार्यक्रम में संविधान की अष्टम सूची में शामिल 22 भाषाओं में अपने गायन के माध्यम से मिथिला की ज्ञान परंपरा को देश स्तर पर स्थापित करेगी।गायन करने जा रही है। मिथिला क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस समारोह की सफलता के लिए 17 मार्च को पूर्वांचल मोर्चा की एक वृहत बैठक आहूत की गई है जिसमें मिथिला क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर सुप्रसिद्ध गायिका प्रिया मल्लिक, पूर्वांचल मोर्चा के संजीव चौधरी, पूर्व निगम पार्षद सुजित कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## एस.वी. हॉस्पिटल लहेरियासराय ने किया मल्टी-स्पेशलिटी नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** समस्तीपुर जिले के सिंघिया नगर पंचायत वार्ड संख्या 14 स्थित तारा मध्य विद्यालय, सिंघिया में 15 मार्च 2026 को एस. वी. हॉस्पिटल, लहेरियासराय के तत्वावधान में एक मल्टी-स्पेशलिटी निःशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के 400 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर का संचालन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया।



मेडिकल कैंप में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा एवं अन्य ।

मेडिकल कैंप में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह दी। महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना गौतम ने लगभग 150 महिला मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं जनरल फिजिशियन डॉ. अश्विनी कुमार ने करीब 100 मरीजों की जांच की।शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं तथा ब्लड शुगर की जांच भी की गई। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी।इस मेडिकल कैंप का आयोजन मिंकू कुमारी, चेयरमैन, सिंघिया नगर पंचायत वार्ड संख्या-14 के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में जितेंद्र पंडित, सेतु, आशुतोष, मनीष कुमार पोद्दार, संजय दास, रौशन कुमार, सरफराज अहमद, सुषमा सिस्टर, मनोहर एवं गोविंदा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा के तत्वावधान में पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कुशेश्वरस्थान उत्तरी मंडल स्थित हिरणी गांव में मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला की शुरूआत मुख्य अतिथि सह बिहार प्रदेश किसान मोर्चा के प्रशिक्षण प्रमुख मणि कान्त झा ने उद्घाटन सत्र में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का मूल आधार है। मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी ने पार्टी के आलाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं कार्यक्रम में अजय कुमार सिंह, प्रकाश चौधरी, अंकित कुमार सिंह, मदन मोहन झा, राधेश्याम पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान मेला में मिथिला ग्राम नाबार्ड रुरल मार्ट के स्टॉल पर उमड़ी किसानों की भीड़

**पूसा(एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला 2026 में इस वर्ष भी मिथिला पेंटिंग युक्त उत्पाद साड़ी, सूट, दुपट्टा, शॉल, पाग, पर्स, रुमाल, थैला, शर्ट, कुर्ता एवं पेंटिंग किसानों, अतिथियों और पदाधिकारियों के आकर्षण का केंद्र बनी है। इस दौरान नाबार्ड की महाप्रबंधक अनामिका ने नाबार्ड प्रायोजित मिथिला ग्राम नाबार्ड रुरल मार्ट के स्टॉल का अवलोकन व निरीक्षण किया और समस्तीपुर के नये कलाकारों के कामों की जम कर प्रशंसा की।



उन्होंने कहा कि यह देखना बेहद सुखद है कि समस्तीपुर में नई पीढ़ी मिथिला कला को नई ऊंचाई देने की दिशा में अग्रसर हैं। तीन दिनों में कलाकार सौम्या सुमन एवं मनिषा कुमारी ने मेले में आए किसानों व अतिथियों को मिथिला कला और हस्तकला से जुड़ने और इसके संरक्षण व संवर्धन केलिए जागरूक किया। वहीं नाबार्ड के स्टॉल पर आए लोगों ने मिथिला कला से सुसज्जित व हस्तकला निर्मित वस्तुओं की खूब प्रशंसा की। मौके पर डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण, संवर्द्धन संस्थान अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के सचिव ललित कुमार, विवेक कुमार, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।

### किसानो को रिझा रहे घरेलू तकनीक से बने शिवम डेयरी के दुग्ध उत्पाद




**पूसा (एनएसबी)।** व्यवसाय के साथ-साथ सम्मानित उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसमें हम कोई समझौता नहीं करते। यही कारण है कि इतने कम समय में जिले में आधे दर्जन आउटलेट के साथ दुग्ध उत्पादों में स्वाद एवं शुद्धता का प्रतीक के रूप में शिवम डेयरी ने अपनी अलग पहचान बनाई है।हमारे उत्पादों ने तेजी ग्राहकों को आकर्षित किया है। उक्त बातें डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किसान मेला में शिवम डेयरी के संस्थापक राम सकल सिंह ने उक्त बातें संवाददाता से कही। उन्होंने ने कहा कि, बाजार में उपलब्ध घी, दही, पनीर की गुणवत्ता, स्वाद और शुद्धता की गारण्टी नहीं रही। दही में रसायनों का प्रयोग, पनीर एवं मिठाईयों के बिगडे स्वाद इसका प्रमाण है। श्री सिंह ने बताया कि बाजार में उपलब्ध दही में स्वभाविक गुण और स्वाद नहीं रहने के कारण लोगों का स्वाद बिगड़ चुका है। देखा जा रहा है कि, लोग अब दही खाने से परहेज करने लगे है। इसलिए लोगों का स्वाद वापस लाने और मिथिला का परंपरागत व सांस्कृतिक पहचान दही का चस्का लगाने के लिए हम संकल्पित हैं। इस केलिए बिलकुल घरेलू तकनीक से हम दही तैयार करते है। इसमें पहले लकडी की आग पर दूध गर्म कर घरेलू जमावन की सहायता से दही तैयार करते हैं। श्री सिंह ने बताया कि विमुख हो रहे दही के शौकीनों को फिर से दही का स्वाद याद दिलाने और खाने की आदत लगाने के उद्देश्य से हम मिट्टी के बर्तन में दही लाये है। उन्होंने कहा कि 250 ग्राम, 500 ग्राम, 1 किलो, 5 किलों एंव 8 किलों के बर्तन में दही उपलब्ध है। इसके अलावा मिठाई, छाछ, लस्सी आदि भी अपने वास्तविक स्वाद और गुणवत्ता के कारण ग्राहको को पसंद आ रहे है।

### मानव समाज का आदर्श आचार शास्त्र है श्रीरामचरित मानस : शिवराम दास

**मोरवा (एनएसबी)।** मानव समाज का आदर्श आचार शास्त्र है श्री रामचरितमानस। अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य डॉक्टर सत्यनारायण मिश्र ने सूर्य पुर यती बाबा स्थान में आयोजित अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के 61 वें जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान श्री रामजानकी ठाकुर बाड़ी नरघोघी के महंत आचार्य शिवराम दास ने श्रीरामचरित मानस को कलयुग का कल्प वृक्ष बताया। वहीं गुढ़मा ठाकुर बाड़ी के महंत आचार्य दामोदर दास ने इसे जीवन की सारी समस्याओं का समाधान बताया। सूर्यपुर यती बाबा स्थान के महाविष्णु महायज्ञ के यज्ञाधीश आचार्य ऋषिकांत महाराज ने जिला सम्मेलन आयोजित कराने वाले आचार्य सत्यनारायण मिश्र, ईंद्रकांत झा एवं संयोजक फूल बाबू झा तथा श्याम लाल राय को धन्यवाद दिया। इस दौरान रामलगन सिंह, डॉक्टर मित्र कुमार ठाकुर, पंडित हरिकांत झा, पंकज कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, रामबली सिंह, प्रद्युम्न प्रसाद सिंह, लाल बाबू ईश्वर, पंडित महेश कुमार झा, ने कालजयी ग्रन्थ मानस की उपयोगिता और इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। आचार्य सत्यनारायण मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन को आचार्य लक्ष्मी शरण शास्त्री, प्रो अवधेश कुमार झा,भोलाराम दास, रामनारायण सिंह, अंजनी कुमार झा, गोपी रमण झा, सीताराम ठाकुर, सुमन कुमार झा, शिवजी झा, राम सुरेश शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार झा, श्यामलाल राय, हर्षवर्धन झा, प्रशांत कुमार झा, आलोक कुमार आदि ने संबोधित किया। मौके पर समस्तीपुर, बेगूसराय, मधुबनी, मुजफ्फरपुर,नयी दिल्ली सहित विभिन्न जिलों के संत कथावाचक एवं प्रवचन कर्ता मौजूद थे।

### सुधांशु हत्याकांड में मुख्य आरोपी मलिंगा समेत पांच गिरफ्तार

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भुसारी गांव में हुए सुधांशु कुमार उर्फ शर्मा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रविवार को एएसपी संजय कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि, इस मामले में मुख्य आरोपी विकेश कुमार उर्फ मलिंगा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि, 13 मार्च 2026 को भुसारी वार्ड संख्या 17 स्थित उदय पासवान के खेत से सुधांशु कुमार का सिर कटा शव बरामद हुआ था। इस मामले में मृतक की पत्नी सोनम कुमारी के आवेदन पर मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 126/26 दर्ज किया गया था। एसपी अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर एएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विकेश कुमार उर्फ मलिंगा को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके निशानदेही पर जमीन में दबा मृतक का सिर, पोखर से साइकिल, हत्या में प्रयुक्त तलवार और मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के क्रम में उसने अपने साथियों के साथ 10 मार्च की रात धारदार हथियार से हत्या करने में संलिप्तता स्वीकार कर लिया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने भी जुटाए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विकेश कुमार उर्फ मलिंगा, राजेश कुमार रंजन उर्फ राजन, अर्जुन पासवान, दीपक पासवान और नितीश कुमार शामिल हैं। शेष अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



### समस्तीपुर में बढ़ी गर्मी, सामान्य से ऊपर पहुंचा तापमान, बड़े बुखार और पेट के मरीज

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में गर्मी का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। इस बाबत डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा स्थित जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र ने जारी मौसम प्रतिवेदन में बताया है कि रविवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 2 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सुबह 7 बजे सापेक्ष आर्द्रता 93 प्रतिशत और दोपहर 2 बजे 63 प्रतिशत रही। हवा की गति 5.8 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई तथा हवा की दिशा पुरवा रही। पिछले 24 घंटों में जिले में वर्षा नहीं हुई। वाष्पोत्सर्जन की मात्रा 2.8 मिमी दर्ज की गई। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के कारण लोगों को दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव और बढ़ती गर्मी की वजह से बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या अस्पतालों और क्लीनिकों में बढ़ रही है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि बदलते मौसम में साफ पानी पिएं, बासी भोजन से बचें, हल्का और ताजा भोजन करें तथा धूप में निकलते समय सावधानी बरतें, ताकि बीमारियों से बचा जा सके।

# पारा मेडिकल छात्र निलेश की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, मऊ बाजार रहा बंद

**एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा**
**पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो को दबोचा,**
**एफएसएल टीम ने घटनास्थल से एकत्रित किए नमूने , एक खोखा बरामद**
**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, मऊ बाजार को कराया बंद**
**एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा दिया आश्वासन, करीब 8 घंटे बाद यातायात हुआ बहाल**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित वार्ड संख्या - 5 निवासी पप्पू झा के पुत्र पारा मेडिकल छात्र निलेश कुमार झा की शनिवार देर संध्या हत्या को लेकर ग्रामीणों व स्वजनों का आक्रोश गहरा गया। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित लोगों ने दूसरे दिन रविवार की अल सुबह एनएच 122 बी मुख्य पथ को जाम कर अपने आक्रोश का इजहार किया। सड़क जाम के दौरान कतिपय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिसिया कार्यशैली पर विरोध प्रकट किया। लोग पुलिस अधीक्षक को बुलाने व मामले में दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने वार्ता कर भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा और सभी अभियुक्त सलाखों की जद में होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित वार्ड संख्या - 6 स्थित सुबोध साह के घर पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। उधर हत्याकांड को लेकर शनिवार की देर रात पुलिस की सघन छापेमारी जारी रही। दलसिंहसराय पुलिस उपाधीक्षक विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित वार्ड संख्या - 6 में सुबोध साह के घर का खुलासा करते हुए घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। एफएसएल टीम ने मध्य रात्रि में ही घटनास्थल पर पहुंच कर क्राइम सीन का अवलोकन करते हुए घटना से संबंधित नमूने एकत्रित किया। वहीं पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या - 6 निवासी स्व . महावीर साह के पुत्र सुबोध साह व उनके पुत्र सुशांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीन अन्य लोगों को भी आवश्यक पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है। एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की जद में होंगे, पूरे मामले का उद्भेदन जल्द हो जाएगा। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अच्छा काम किया है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से कार्य कर रही हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।



घटनास्थल का मुआयना करते एसपी व अन्य।

### नीलेश हत्या कांड में नौ नामजद, प्राथमिकी दर्ज,

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के निलेश कुमार झा उर्फ राजा की शनिवार की संध्या गोली मार कर हत्या मामले में मृतक के पिता ने नौ लोगो पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को आवेदन दिया है। मृतक के पिता मऊ धनेशपुर उत्तर के वार्ड पाँच निवासी पप्पू झा ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि, मेरे पुत्र निलेश कुमार झा उर्फ राजा को कल फोन कर शेरपुर गांव के विपिन कुमार राय के पुत्र हरिओम कुमार ने सुबोध साह के घर वार्ड छह पर मिलने के लिए बुलाया था। वहाँ जाते वक्त निलेश ने बताया कि हरिओम कुमार, शिवम कुमार दोनों पिता विपिन कुमार राय, नीतीश कुमार उर्फ घोघन राय पिता महेश्वर राय काली स्थान मड़वा, सुनील कुमार महतो पिता दिलीप महतो मरवा गोपालपुर, हिमांसू कुमार, प्रियांशु कुमार दोनों पिता संजीव कुमार चौधरी शेरपुर, सुशांत कुमार साह पिता सुबोध कुमार साह एवं सुबोध साह मऊ धनेशपुर उत्तर वार्ड छह एवं नीतीश दास पिता अशरफी दास शेरपुर ने मिलने केलिए बुलाया है। मैं मिलकर आता हूँ। संध्या में मेरे मोबाइल पर फोन आया की मैं प्रियांशु बोल रहा हूँ निलेश को सुबोध साह के घर पर गोली मार दिया है। सूचना मिलते ही जब मैं गया तो सुबोध के घर के आगे खून गिरा था। वहां जानकारी मिली उसे मुस्कान सेवा सदन ले जाया गया है तो वहां गया तो पाया कि निलेश की लाश अंदर में पड़ी थी उसके गर्दन में गोली लगी थी। सीसी टीवी फुटेज में हरिओम कुमार और सुमित कुमार को बाइक से निलेश की लाश को लाकर फेक कर फरार होते देखा गया है। घटना स्थल से एसएफएल की टीम ने खून का नमूना और एक खोखा बरामद किया है। इस सभी अभियुक्तों ने मेरे पुत्र की हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

## डिजिटल तकनीक, नवाचार, परिस्थितिजन्य अनुसंधान और जल प्रबंधन को बढ़ावा देने कि जरूरत : मंत्री

**पूसा (समस्तीपुर)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि देश में कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए डिजिटल तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार नई योजनाओं और तकनीकों पर काम कर रही है।




संबोधित करते मंत्री।

मंत्री ने कहा कि देश के कई हिस्सों में किसान पानी की कमी और कहीं-कहीं जलजमाव जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में वर्षा जल के बेहतर उपयोग और भूजल रिचार्ज की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बड़ी मात्रा में बारिश का पानी बहकर नष्ट हो जाता है। यदि इस पानी को वैज्ञानिक तरीके से जमीन के भीतर पहुंचाया जाए तो इससे भूजल स्तर में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान खेती नहीं कर पाते। खेतों में पानी जमा रहने से फसल उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसलिए ऐसी तकनीकों को विकसित करने की जरूरत है जिससे अतिरिक्त पानी को बाहर निकाला जा सके और उसका उपयोग भूजल रिचार्ज के लिए किया जा सके। इससे जमीन के नीचे पानी का स्तर भी बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी समाधान मिल सकेगा।

मंत्री ने कहा कि उत्तर बिहार के कई क्षेत्रों, खासकर मुजफ्फरपुर और आसपास के इलाकों से जलजमाव और सिंचाई की समस्या की शिकायतें आती रहती हैं। सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक संस्थानों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्रबंधन के माध्यम से पानी के बेहतर उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज कृषि के क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। दुनिया के कई देशों में आधुनिक खेती के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं। भारत को भी कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और तकनीक को बढ़ावा देकर उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान किसानों को नई तकनीक और वैज्ञानिक जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जब वैज्ञानिकों का ज्ञान और किसानों का अनुभव एक साथ जुड़ता है, तब कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव संभव होता है। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान और किसानों के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। किसान मेला जैसे आयोजनों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और नई खेती पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं।

## पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण के साथ तीन दिवसीय किसान मेला सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में 13-15 मार्च 2026 तक विकसित कृषि - उन्नत भारत थीम पर आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला किसानों और हितधारकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा, कि "किसान मेला ने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों की क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मैं विश्वविद्यालय के अभिनव प्रयासों और नवाचारी कार्यकलापों की सराहना करता हूं। साथ ही किसानों और हितधारकों के लिए आयोजित इस सफल मेगा के आयोजन लिए विश्वविद्यालय के कुलपति सहित पूरी टीम को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि, पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा और किसान कल्याण के क्षेत्र में अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय की पहल डिजिटल कृषि और दीक्षारंभ पूरे देश का पथप्रदर्शक है और इसे पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में लागू किया गया है। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पांडेय ने कहा, "किसान मेला ने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक मंच प्रदान किया है। हम किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं के साथ मिलकर एक समृद्ध और स्थायी कृषि क्षेत्र की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" वहीं, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रत्नेश कुमार झा ने कहा, "किसान मेला में विभिन्न विषयों पर किसानों की गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हुईं। हमने किसानों को मखाना, श्री अन्न और अन्य फसलों पर जानकारी प्रदान की।" विश्वविद्यालय ने कृषि मेले में 25 लाख से अधिक उत्पादों की बिक्री की, जिनमें बीज, पौध सामग्री और अन्य शामिल हैं।



पुरस्कार वितरण करते अतिथि व अन्य।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए मजबूत कृषि जरूरी, पूसा किसान मेला कृषि में नवाचार का बड़ा मंच : कुलपति

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला किसानों, वैज्ञानिकों और कृषि उद्यमियों के बीच नई तकनीकों और अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। मेले के दौरान कुलपति ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पूसा का किसान मेला वर्षों से किसानों के लिए नई तकनीक, उन्नत बीज प्रजातियों और कृषि नवाचारों को जानने का बड़ा अवसर प्रदान करता रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों के किसान हर साल इस मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यहां से वे नई-नई बीज प्रजातियां, पौधे और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी लेकर अपने खेतों तक पहुंचाते हैं।



संबोधित करते वीसी।

कुलपति ने कहा कि इस वर्ष मेले में कई अद्भुत पौधे और कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिन्हें देखकर किसान काफी उत्साहित नजर आए। कई ऐसी नई प्रजातियां और नवाचार यहां देखने को मिले, जिन्हें आम तौर पर किसान पहले नहीं देख पाए थे। इससे किसानों को खेती में नई संभावनाओं और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रयोगों को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में कृषि उद्यमी भी पहुंचे हैं, जो अपने-अपने उत्पादों के साथ यहां आए हैं। इन उत्पादों की अच्छी बिक्री भी हुई और कई उद्यमियों ने लाखों रुपये का कारोबार किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि कृषि आधारित उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से अवसर बढ़ रहे हैं और युवा भी इस क्षेत्र में आगे आ रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करनी होगी। देश के संसाधनों और स्वदेशी उत्पादों का अधिक उपयोग करना जरूरी है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि जब देश का पैसा देश के भीतर ही संचालित होगा, तभी भारत वास्तविक अर्थों में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

उन्होंने विशेष रूप से मखाना उत्पादन का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के लिए यह एक महत्वपूर्ण फसल है। केंद्र सरकार द्वारा मखाना बोर्ड के गठन का निर्णय राज्य के किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे मखाना उत्पादन, अनुसंधान और विपणन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में बिहार मखाना उत्पादन और अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाएगा।

कुलपति ने मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में भी बिहार की प्रगति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में बिहार देश में अग्रणी बनता जा रहा है। इस क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं और शहद के साथ-साथ कई प्रकार के मूल्य संवर्धित उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाएं मजबूत हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय में मौजूद बड़ी संख्या में गौवंश से प्राप्त गोबर और अन्य जैविक संसाधनों का उपयोग कर प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पाद तैयार करने की दिशा में काम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना और किसानों को पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए प्रेरित करना है।

कुलपति ने कहा कि किसान मेला केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विभिन्न विषयों पर गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया है। इन गोष्ठियों में कृषि तकनीक, किसानों की आय बढ़ाने के उपाय, ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और कृषि व उद्यमिता के क्षेत्र में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में वैज्ञानिक किसानों से सीधे संवाद करते हैं, उनकी समस्याओं को सुनते हैं और वैज्ञानिक समाधान भी बताते हैं। इससे वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचता है।

कुलपति ने यह भी कहा कि इस मेले में बड़ी संख्या में स्कूलों के बच्चे भी पहुंचे। कई बच्चों ने पहली बार फसलों, पौधों और कृषि से जुड़े विभिन्न पहलुओं को नजदीक से देखा। बच्चों ने यह भी जाना कि गेहूं, चना जैसी फसलें खेतों में कैसे उगती हैं और उनसे खाद्य पदार्थ कैसे तैयार होते हैं। इससे नई पीढ़ी को खेती और प्रकृति के प्रति जागरूक बनाने में मदद मिलती है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमित इंटरप्राइजेज मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली प्रखंड के मंगती चौक के पास रविवार को अमित इंटरप्राइजेज मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ दरभंगा के जानेमाने चिकित्सक डॉ. एसएन गोइत, प्रमुख कुमारी उषा, पूर्व प्रमुख सह जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख राजेन्द्र यादव, भाजपा नेता शंभूनाथ ठाकुर द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर आगत अतिथियों ने कहा कि यहां अंग्रेजी, आयुर्वेदिक एवं पशुओं की सभी प्रकार की दवाएं आमजन को थोक मूल्य पर उपलब्ध होगी। प्रोपराइटर डॉ. बलराम यादब ने कहा कि सभी प्रकार की दवाओं के अतिरिक्त यहां बच्चों के दूध, हॉर्लिक्स, ग्लूकोज, सेरेलेक, बोर्नवीटा, कॉम्प्लान आदि भी थोक मूल्य पर आमजन को उपलब्ध होंगे। वहीं जॉनसन एंड जॉनसन के सब डिस्ट्रीब्यूटर के रुप में भी उक्त कंपनी की सभी सामग्री यहां उपलब्ध होगी। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ. किशोरी भगत, डॉ. राम दिनेश यादव, डॉ. देव कुमार, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. शिव शंकर प्रसाद, डॉ. नगेन्द्र प्रसाद, डॉ. हेमन्त कुमार,रामनरेश यादव,सुमित कुमार,अनिश झा,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### पुलिस ने 2559 लीटर देशी शराब किया गया विनिष्ट

**खजौली (एनएसबी)।** स्थानीय थाना पुलिस द्वारा रविवार को थाना परिसर में तीन अलग-अलग मामलों में जब्त किये गए कुल 2559 लीटर देशी शराब को विनिष्ट किया गया। विभागीय आदेश पर दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय कुमार, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, एसआई राजेन्द्र चौरसिया आदि की उपस्थिति में शराब को विनिष्ट किया गया।



### एल०पी०जी० गैस की कालाबाजारी, भंडारण करते हुए एक अभियुक्त 72 गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेशार्नुसार जिला में एल०पी०जी गैस की कालाबाजारी एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को थानाध्यक्ष, रूद्रपुर थाना द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरीत कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा रूद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम-कर्णपुर में होमियोंपैथी के दुकान में छापेमारी की गई जहां होमियोपैथी संचालक द्वारा अपने दुकान मे अवैध रूप से खाली एल०पी०जी० गैस सिलेंडरों का अधीक मात्रा में भंडारण की गई थी। पुलिस द्वारा मौके से आरोपी मो० समीम को गिरफ्तार कर तथा बरामद सभी सिलेंडरों को विधिवत जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि आरोपी मो० समीम घरेलू उपयोग के एल०पी०जी० सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण कर ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी कर रहे थें। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा एल०पी०जी० गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील है कि यदि कहीं गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।



### बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ मधुबनी शाखा के चुनाव चुनाव संपन्न

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ मधुबनी शाखा के चुनाव कार्यक्रम के तहत रविवार को होमगाड्र्स कार्यालय परिसर में संघ के विभिन्न पदों के लिए गृह रक्षकों ने नामांकन किया । चुनाव पर्यवेक्षक सह केंद्रीय कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष देशबंधु आजाद ने बताया कि नामांकन समाप्ति एवं नामांकन वापसी के बाद सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया ।उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर विजय कुमार यादव ,सचिव विश्वनाथ यादव ,उपसचिव पद पर सुकराम यादव ,संगठन पद पर गंगा प्रसाद यादव,उमेश यादव ,गुरुदेव पासवान,रामेश्वर यादव ,कोषाध्यक्ष पद पर लालबिहारी गुप्ता , एवं कार्यालय सचिव पद पर जितेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं कर्ण कुमार पासवान निर्विरोध चुने गए इसी प्रकार संघ के महिला प्रकोष्ठ के विभिन्न पदों के लिए दाखिल नामांकन के बाद अध्यक्ष पद पर सुलेखा कुमारी ,सचिव पद पर कल्पना कुमारी ,सदस्य के लिए चांदनी कुमारी , नवीना चौधरी एवं मोती कुमारी निर्विरोध चुनी गई । इस नामांकन कार्यक्रम में चुनाव प्रभारी बटेश्वर राम ,नोडल प्रभारी शिवजी प्रसाद गुप्ता , पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ,राम गुलाम प्रसाद ,ललन प्रसाद यादव एवं विजय यादव के देख रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ ।



### रामनवमी की भव्य शोभायात्रा को लेकर बजरंग अखाड़ा की बैठक आयोजित

**जयनगर (एनएसबी)।** आगामी 27 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी की भव्य शोभायात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को जयनगर के शहीद चौक स्थित अनुसूचित जाति-जनजाति कार्यालय के सभागार में बजरंग अखाड़ा जयनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पवन कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन महासचिव रंजीत पासवान के नेतृत्व में किया गया। बैठक में शोभायात्रा को भव्य, आकर्षक एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव रंजीत पासवान ने अब तक की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी शोभायात्रा को लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी जयनगर में रामनवमी की शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए संगठन के कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।बैठक में उपस्थित संरक्षक सह मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था, श्रद्धा और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा में शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी अधिक से अधिक सनातन प्रेमियों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी शोभायात्रा को और अधिक उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा।कैलाश पासवान ने सभी धर्मों के लोगों से भी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ इस आयोजन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 26 मार्च को सभी सनातन प्रेमी अपने-अपने घरों पर भगवा झंडा लगाकर उत्सव का माहौल बनाएंगे तथा 27 मार्च को बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे। बैठक में उद्धव कुंवर ने सुझाव देते हुए कहा कि कार्यक्रम को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए कार्यकताओं की छोटी-छोटी टोलियां बनाकर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। इससे सभी कार्य समय पर और बेहतर ढंग से संपन्न हो सकेंगे। वहीं अरविन्द तिवारी ने शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए कोष संग्रह पर विशेष जोर दिया और कहा कि सभी कार्यकताओं को इस दिशा में सक्रिय होकर सहयोग करना चाहिए।बैठक में शोभायात्रा की रूपरेखा, मार्ग, सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, जनसंपर्क अभियान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर उद्धव कुंवर, गणेश पासवान, विनय सिंह, शंभू गुप्ता, गोपाल भगत, रंजीत गुप्ता, गुड्डा मंडल, धीरेन्द्र झा, दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोतीलाल यादव, विजय महतो, बैद्यनाथ ठाकुर, हीरा ठाकुर, हरे राम चौधरी, हरी कृष्ण गुड्डा, शिबू गुप्ता उर्फ शिबू महाजन, सुरेंद्र महतो सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# मधुबनी में विकास को मिलेगी नई रफ्तार : डीएम

## परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करे, ताकि योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को ससमय मिल सके : जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कल शनिवार देर शाम को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पथ निर्माण एवं भवन निर्माण विभाग से संबंधित जिले की शीर्ष 10 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया।उन्होंने बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा कर कई निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके और जिले के विकास को नई गति मिल सके।बैठक में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने से मधुबनी जिले में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क और बेहतर होगा,यातायात व्यवस्था सुगम एवं सुरक्षित बनेगी,व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा,


बैठक करते डीएम।

तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करे , ताकि योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को समय पर मिल सके।

### प्रमुख योजनाएं एवं उनकी वर्तमान स्थिति

निधि चौक - रेलवे स्टेशन (महावीर मंदिर) सड़क चौड़ीकरण

लगभग ₹3117.58 लाख की लागत वाली इस परियोजना का करीब 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने की दिशा में कार्रवाई जारी है।

औंसी जीरोमाइल - कमतौल कोठी (बिस्फी विद्यापति जन्मस्थली मार्ग) 15.50 किमी लंबी इस सड़क परियोजना पर लगभग ₹6667.64 लाख की लागत से कार्य प्रारंभ किया गया है और आधारभूत निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### बाबूबरही बाजार में पीक्यूसी सड़क एवं नाली निर्माण

लगभग ₹621.54 लाख की लागत से चल रही इस योजना का करीब 13.5 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

### सिघानिया चौक - सूडी हाई स्कूल सड़क निर्माण

स्टेडियम चौक, महाराजगंज चौक और गांधी चौक होते हुए बनने वाली 2.45 किमी सड़क पर ₹1752.65 लाख की लागत से कार्य जारी है और लगभग 9 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।

### आर.के. कॉलेज मुख्य द्वार -भुवना उद्यान सड़क एवं नाली निर्माण

1270.72 लाख की लागत वाली इस योजना का कायार्देश जारी कर दिया गया है तथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### राजनगर-मोतीपुर -खैरा सड़क चौड़ीकरण

12.50 किमी लंबी इस परियोजना पर ₹7337.73 लाख की लागत स्वीकृत है। कार्य प्रारंभ की प्रक्रिया जारी है।

### खजौली (संतु चौक) - सुक्की सड़क चौड़ीकरण

*लगभग ₹976.56 लाख की लागत वाली इस परियोजना के लिए पुनः निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

दीर्घकालीन सड़क अनुरक्षण योजना (- पैकेज 07ए

8229.28 लाख की लागत वाली इस योजना का लगभग 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

-पैकेज 07बी,इस योजना के अंतर्गत सड़क अनुरक्षण का कार्य ₹7173.73 लाख की लागत से किया जा रहा है, जिसमें लगभग 82 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है।

### खुटौना बाजार - तेनुआही सड़क चौड़ीकरण

15.55 किमी लंबी इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पर ₹8356.24 लाख की लागत स्वीकृत है। अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं और परियोजना अंतिम चरण में है।

# 18 मार्च को पटना में समता महाजुटान एवं राजभवन मार्च में भाग लेंगे हजारों छात्र-नौजवान

**मधुबनी (एनएसबी)।** यूजीसी गाइडलाइन को लागू कराने तथा शिक्षा में सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 18 मार्च 2026 को पटना के गांधी मैदान स्थित 10 नंबर गेट से आयोजित होने वाले समता महाजुटान एवं राजभवन मार्च को सफल बनाने के लिए आज मधुबनी में डीएम आवास के सामने स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित।

प्रेस वार्ता को आइसा के प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक कुमार, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष आलोक देवराज, बिनोद क्रांति, सतनारायण यादव, अवधेश ऋषि, सुरेश पासवान, चंदेश्वर सदय, पिंकी कुमारी, रामबिलास राम और राजा कुमार यादव ने संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की मंशा यूजीसी की उन महत्वपूर्ण गाइडलाइनों को लागू नहीं होने देने की है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों में सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित समुदायों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सीधे तौर पर सामाजिक न्याय के प्रावधानों को समाप्त करने का साहस नहीं जुटा पा रही है, इसलिए अदालतों के माध्यम से दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित करने की कोशिश की जा रही है।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सामाजिक न्याय को कमजोर करने की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण और प्रतिनिधित्व के सवाल पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि समता आंदोलन के आह्वान पर 18 मार्च को पटना में राजभवन मार्च आयोजित किया जाएगा। इसके ठीक अगले दिन 19 मार्च को इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित है। ऐसे में सुनवाई से पहले राज्यभर से दलित, पिछड़े, अति पिछड़े और अन्य वंचित तबकों के लोग पटना पहुंचकर अपनी मजबूत आवाज दर्ज कराएंगे और सामाजिक न्याय के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े सवाल केवल किसी एक वर्ग का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज के लोकतांत्रिक भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। इसलिए समाज के सभी प्रगतिशील, लोकतांत्रिक और न्यायप्रिय लोगों को इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि मधुबनी जिले से हजारों छात्रझ्रनौजवानों और सामाजिक न्याय के समर्थकों को गोलबंद कर 18 मार्च को पटना ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए गांवझ्रटोला स्तर पर बैठकों का आयोजन, जनसंपर्क अभियान और व्यापक प्रचार-प्रसार युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

वक्ताओं ने अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ सभी सामाजिक और लोकतांत्रिक ताकतों से एक मंच पर आने की अपील करते हुए कहा कि 18 मार्च का यह समता महाजुटान शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एक निर्णायक पहल साबित होगा।

# उद्यमियों की समस्याओं पर प्रशासन गंभीर, हर माह वर्कशॉप व मेंटेनेंस डे का निर्णय

## औद्योगिक विकास को रफ्तार देने की पहल, बिजली-पानी-सुरक्षा पर प्रशासन का फोकस

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उद्योग संवाद का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।उद्योग संवाद में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, मधुबनी,क्षेत्रीय प्रबंधक, बीआईएडीए, पंडौल, परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मधुबनी सहित बीआईएडीए क्षेत्र के सभी उद्यमी उपस्थित रहे।संवाद के दौरान उद्यमियों द्वारा मुख्य रूप से बिजली कटौती, विद्युत दरों में व्यावहारिक कठिनाइयों तथा अनियमित आपूर्ति की समस्याएं उठाई गई। जिलाधिकारी ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उद्यमियों से फिक्स चार्ज एवं अन्य समस्याओं के संबंध में सुधार के संबंध विस्तृत प्रस्ताव की मांग की गयी जिस पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उद्योग हित में पूर्व में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय कि समीक्षा की गई जिस पर उद्यमियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की समुचित निकासी, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, अग्निशमन केंद्र की उपलब्धता सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया एवं बताया गया इस पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बियाडा के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि इस संबंध में एक प्राक्कलन तैयार कर पटना कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई एवं निर्णय हेतु उपलब्ध करा दिया गया है।जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक मे प्रत्येक माह के द्वितीय सोमवार को उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु वर्कशॉप/सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके संपुष्टि उद्यमियों द्वारा की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।


बैठक करते जिलाधिकारी।

## किसानों के आंदोलन से ही देश में बदलाव संभव : बादल सरोज

### किसानों की हकमारी बर्दाश्त नहीं करेंगे : विनोद झा

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार राज्य किसान सभा, मधुबनी के जिला सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को राम खेलावन यादव नगर बस्ती पंचायत में आयोजित सत्र में किसानों की समस्याओं, कृषि नीतियों और संगठनात्मक मजबूती पर व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान जिला सचिव के प्रतिवेदन पर लगभग 40 साथियों ने बहस में भाग लेते हुए किसानों की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। दूसरे दिन के सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज ने कहा कि मधुबनी जिला पूरी तरह खेती पर आधारित क्षेत्र है और यहां के किसान अत्यंत परिश्रमी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और पसीने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के खिलाफ नीतियां बना रही है और कृषि क्षेत्र को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। बादल सरोज ने कहा कि किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना जानते हैं और इतिहास गवाह है कि जब भी किसान संगठित होकर खड़े हुए हैं, तब सरकारों को अपने फैसले बदलने पड़े हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन के माध्यम से ही देश में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित किसानों और कार्यकताओं से 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली बड़ी सभा में भाग लेने का आह्वान किया।

# मधुबनी की सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक विरासत को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक आयोजन : कुलपति प्रो. रमाकांत पाण्डेय







फोटो संख्या 3 उद्घाटन करते ।

## भामती वाचस्पति महोत्सव-2026' का परिचर्चा सत्र के साथ भव्य शुभारंभ

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ह्लभामती वाचस्पति महोत्सव-2026 का शुभारंभ आज एक गरिमामय एवं बौद्धिक वातावरण में परिचर्चा सत्र के साथ हुआ। यह महोत्सव मिथिला की समृद्ध दार्शनिक परंपरा, सांस्कृतिक चेतना तथा ज्ञान-साधना की गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन स्थल पर विद्वानों, शिक्षाविदों, संस्कृति प्रेमियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने इस महोत्सव को विशेष गरिमा प्रदान की।शुभारंभ अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाकांत पाण्डेय, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी नीतीश कुमार, भामती वाचस्पति समिति के अध्यक्ष श्री रत्नेश्वर झा, प्रो. देवनारायण झा, प्रो. सुरेश्वर झा, प्रो. दीपनाथ झा तथा डॉ. संजीत कुमार सहित अनेक विद्वतजन एवं गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भामती और वाचस्पति मिश्र की दार्शनिक परंपरा, मिथिला की बौद्धिक धरोहर और भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

परिचर्चा सत्र में वक्ताओं ने कहा कि मधुबनी केवल कला और लोकसंस्कृति की भूमि ही नहीं, बल्कि दर्शन, तर्कशास्त्र, शास्त्रार्थ और वैचारिक परंपरा की भी एक महान भूमि रही है। वाचस्पति मिश्र और भामती जैसी विभूतियां इस क्षेत्र की उस प्रखर बौद्धिक चेतना का प्रतीक हैं, जिसने भारतीय ज्ञान-संपदा को नई दिशा दी। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि ऐसे महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने, सांस्कृतिक अस्मिता को मजबूत करने तथा स्थानीय गौरव को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट्री 'सर्वतन्त्र स्वतंत्र' का विधिवत विमोचन किया गया। यह डॉक्यूमेंट्री भामती-वाचस्पति परंपरा, मिथिला की ज्ञानधारा तथा इस सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न आयामों को प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत करती है। इसके साथ ही स्मारिका 'वाचस्पति दर्पण-2026' का भी औपचारिक लोकार्पण किया गया। स्मारिका में महोत्सव, भामती-वाचस्पति परंपरा तथा क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण और शोधपरक आलेख संकलित हैं, जो इस आयोजन को एक स्थायी वैचारिक दस्तावेज का स्वरूप प्रदान करते हैं।महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर यह स्पष्ट रूप से प्रतिध्वनित हुआ कि भामती वाचस्पति महोत्सव-2026 केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मिथिला की आत्मा, उसकी स्मृति, उसकी विद्वत्ता और उसके सांस्कृतिक गौरव का उत्सव है। यह आयोजन स्थानीय परंपराओं के सम्मान, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण तथा ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं विद्वानों ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, मिथिला की शास्त्रीय परंपरा को पुनर्प्रतिष्ठित करना तथा समाज में साहित्य, संस्कृति और दर्शन के प्रति व्यापक रुचि का विकास करना है। इस प्रकार के आयोजन मधुबनी को एक सशक्त सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगे।महोत्सव के अंतर्गत आज संध्या 6:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्रीय लोक-संस्कृति, पारंपरिक कला, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मिथिला की जीवंत सांस्कृतिक आत्मा का मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों ने जिले के नागरिकों, कला प्रेमियों, विद्यार्थियों, बुद्धिजीवियों एवं संस्कृति अनुरागियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने की अपील की है। 'भामती वाचस्पति महोत्सव-2026' का यह शुभारंभ मधुबनी के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल अतीत के गौरव को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि वर्तमान को सांस्कृतिक चेतना से संपन्न करने और भविष्य को वैचारिक आधार प्रदान करने की दिशा में भी एक प्रेरक पहल है। जिला प्रशासन, मधुबनी तथा कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार की यह संयुक्त पहल निश्चित रूप से जिले की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डाक सेवा में नॉर्थ रीजन देश में नँबर वन व बिहार सर्किल नंबर टू, सेवा से समृद्धि समारोह में 467 डाककर्मी सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** डाक विभाग के पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय उत्तरी क्षेत्र मुजफ्फरपुर द्वारा डाक बचत सेवा उत्कृष्टता टूनार्मेंट के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों के सम्मान में रविवार को समारोह आयोजित किया गया। नगर के रामदयालु नगर स्थित होटल अतिथि के सभागार में आयोजित इस समारोह में डाक महाध्यक्ष उत्तरी परिक्षेत्र पवन कुमार सिंह एवं निदेशक डाक सेवा मुख्यालय पटना पवन कुमार की उपस्थिति में डाकघर बचत बैंक तथा आईपीपीबी की विभिन्न सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 467 से अधिक डाककर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने कहा कि डाककर्मियों की




कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्य के परिणामस्वरूप वर्तमान में नॉर्थ रीजन पूरे भारत में प्रथम स्थान पर तथा बिहार सर्किल द्वितीय स्थान पर पहुंच गया है। वहीं आईपीपीबी की कई सेवाओं में भी यह क्षेत्र पूरे भारत में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला उपभोक्ता आयोग में मना विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला उपभोक्ता आयोग में रविवार को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने बताया कि यह दिवस प्रतिवर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाये रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता



है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। उन्होंने बताया कि जिला उपभोक्ता आयोग मुजफ्फरपुर, उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति काफी सजग है। यहाँ काफी संख्या में मामले आते है, जिसका निष्पादन आयोग के द्वारा काफी मजबूती के साथ किया जाता है। जिला उपभोक्ता आयोग मुजफ्फरपुर, उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए चट्टानी मजबूती के साथ खड़ा है। आयोग का मुख्य उद्देश्य ही है उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना। मौके पर आयोग के कार्यालय सहायक धीरज कुमार, प्रधान लिपिक अमित कुमार झा, संतोष कुमार, गीतांजलि कुमारी, अभिनव कुमार, बबलू कुमार सहित सभी कर्मीगण तथा रविरंजन शाही उर्फ सोनू शाही, प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सोनू पाण्डेय सहित दर्जनों की संख्या में अधिवक्तागण एवं मानवाधिकार कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग से आधा दर्जन घर सहित लाखों की संपत्ति राख के ढेर में बदला, आधा दर्जन परिवार प्रभावित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गरहा थाना क्षेत्र के महापुर गांव में शनिवार की देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी भीषण आग से आधा दर्जन घर सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस आगलगी की घटना को लेकर गांव में देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने सामुहिक प्रयास से आग पर काबू पाने की हर संभव कोशिश की। लेकिन आग के भयावह रूप को देखकर वे आगे कुछ कर पाने की हिम्मत नहीं जुटा सके।



इस बीच तेजी से फैली आग की लपटों ने आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया और देखते देखते कई घर सहित कीमती सामान, फर्नीचर और घरेलू उपकरण जलकर राख हो गए। वहीं स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस औऱ फायर ब्रिगेड टीम को दी। सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुँची। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उनका कहना था कि आग की शुरूआती अवस्था में तुरंत कार्रवाई नहीं होती तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। फायर ब्रिगेड टीम के लोगों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल रहा है। हालांकि ग्रामीण एक घर में हुई बिजली के शॉर्ट सर्किट से यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक यह घटना घटी, किसी को भी इतनी भीषण आगलगी की घटना होने की आशंका नहीं थी। उधर, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी की घटना हुई है। साथ हीं पुलिस ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर की पंचवर्षीय नई कार्यकारिणी गठित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर का पंच वर्षीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर चित्तरंजन सिन्हा कनक को अध्यक्ष, डां शारदा चरण कार्यकारी अध्यक्ष, उदय नारायण सिंह प्रधानमंत्री, उत्तम कुमार वित्तमंत्री, मधुमंगल ठाकुर कार्यकारी वित्तमंत्री, डॉ विनोद कुमार सिन्हा उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, डॉ वंदना



विजय लक्ष्मी उपाध्यक्ष, डॉ संजय पंकज उपाध्यक्ष, डॉ प्रियंवदा दास, डॉ लोकनाथ मिश्र एवं डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह साहित्य मंत्री, गणेश प्रसाद सिंह प्रचार मंत्री, पंकज वसंत संगठन मंत्री, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी बनाए गए। वहीं संगठन के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ बी के मल्लिक, डॉ उषा किरण, उमानाथ सिंह, उमा शंकर चौरसिया एवं देवेन्द्र प्रसाद शर्मा के नाम की घोषणा की गई।

### 5वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए आयुवेर्दाचार्य पंडित नागेन्द्रनाथ ओझा

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के छोटी सरैयागंज स्थित श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट के शहीद भगवान लाल पुस्तकालय सभागार मे आयुवेर्दाचार्य पं.नागेंद्र नाथ ओझा की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। समिति के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने स्व ओझा जी की तस्वीर पर फूल



माला अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में रणवीर अभिमन्यु ने कहा की ओझा जी समाज सेवी के साथ हिंदु हृदय सम्राट थे।वे विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष सहित नवयुवक समिति के कोषाध्यक्ष पद पर रहने के साथ साथ विभिन्न संगठनो से जुड़े रहे। वे सहृदय कवि भी थे। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी स्व नागेन्द्रनाथ ओझा को याद करते हुए अपनी भावनाओं को प्रकट किया। मौके पर उनके सुपुत्र सुनील ओझा अधिवक्ता, डा.जगदीश शर्मा, अंजनी कुमार पाठक, प्रो श्रीप्रकाश, डा हरिकिशोर प्रसाद सिंह, मुन्नी चौधरी, सच्चिदानंद तिवारी, दीनबंधु आजाद, गौरीशंकर राय, रंजन कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार, अजय कुमार, समाजसेवी मोहन प्रसाद सिंहा आदि उपस्थित थे।अंत मे कार्यक्रम में शामिल सभी का धन्यवाद ज्ञापन स्व ओझा जी के सुपुत्र सुनील कुमार ओझा ने किया।

### मुजफ्फरपुर भारोत्तोलन टीम घोषित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** 28 से 30 मार्च को सुगौली मोतिहारी में आयोजित तृतीय कैडेट बिहार राज्य बालक एवं बालिका भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सलेक्शन ट्रायल जी डी मदर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। जिसमे विभिन्न विद्यालय एवं क्लब से कुल 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे 10 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के लिए किया गया। ज़िला संघ के सचिव दिलमोहन झा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी मुजफ्फरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी के विरूद्ध हुई कठोर कार्रवाई, चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने खाद्यान्न वितरण मामले पर निगरानी रखने का दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकारी योजनाओं के तहत विद्यालयों में वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की कालाबाजारी के विरुद्ध जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। इस मामले में डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन अभिकर्ता अशोक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अशोक कुमार तथा वाहन चालक धर्मेंद्र कुमार, मजदूर संजीव कुमार व राजा कुमार के विरुद्ध सरकारी अनुमोदित खाद्यान्न को कालाबाजारी के उद्देश्य से विचलित करने के आरोप में बेनीबाद थाना में कांड संख्या 43/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में एसएफसी के अधिकारी ने प्राथमिकी में कहा है कि टीपीडीएस गोदाम गायघाट से मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में वितरण हेतु 35.50 क्विंटल चावल निर्धारित वाहन से भेजा गया था। उक्त वाहन पर चालक के साथ दो मजदूर भी सवार थे और इस खाद्यान्न को प्रखंड के सात विद्यालयों



खाद्यान्न मामले में गड़बड़ी करने के मामले को लेकर चेतावनी देते जिला पदाधिकारी।

तक पहुंचाने के लिए कुल सात चालान निर्गत किए गए थे। निर्धारित वाहन संख्या द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि सात विद्यालयों के लिए निर्गत खाद्यान्न में से केवल चार विद्यालयों तक ही चावल पहुंचाया गया। शेष विद्यालयों तक खाद्यान्न नहीं पहुंचने की शिकायत मिली। जांच में पाया गया कि वाहन पर कुल 50 बैग चावल मौजूद था। जबकि ऑनलाइन ट्रैकिंग रिपोर्ट के अनुसार चार विद्यालयों में ही खाद्यान्न का वितरण किया गया। जिसमें मध्य विद्यालय शिवदाहा में 9 क्विंटल, प्राथमिक विद्यालय शिवदाहा अनुसूचित जाति में 1 क्विंटल, प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम में 4.5 क्विंटल तथा प्राथमिक विद्यालय बरूआरी में 0.5 क्विंटल चावल का वितरण किया गया । अर्थात कुल चार विद्यालयों में 15 क्विंटल( 30 बैग) चावल वितरित किए जाने की पुष्टि हुई। जबकि गोदाम से वाहन पर कुल 35.50 क्विंटल यानी 71 बैग चावल सातों विद्यालयों में वितरण के लिए लोड किया गया था। यदि चार विद्यालयों में 15 क्विंटल (30 बैग) चावल वितरित किया जा चुका था, तो वाहन पर शेष 20.5 क्विंटल यानी 41 बैग चावल होना चाहिए था। किंतु जांच के दौरान वाहन पर 50 बैग हीं चावल पाया गया, जो निर्धारित मात्रा से 9 बैग अधिक था।

इस मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने कालाबाजारी मामले की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की तथा डीएम एसएफसी को मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा मामले की जांच कर सभी तथ्यों के साथ बेनीबाद थानाध्यक्ष को आवेदन देते हुए चार अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया।

इसके उपरांत बेनीबाद थाने में कांड संख्या 43/26 दिनांक 14 मार्च 2026 दर्ज किया गया। यह मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न के उठाव, परिवहन और वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी तथा पश्चिमी को निर्देश दिया है कि सभी टीपीडीएस गोदामों से विद्यालयों एवं अन्य लाभार्थी संस्थानों तक खाद्यान्न की आपूर्ति की नियमित निगरानी की जाए तथा ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली का प्रभावी उपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि मध्याह्न भोजन योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या कालाबाजारी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति या संस्था सरकारी खाद्यान्न के दुरुपयोग या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आपूर्ति कार्य से जुड़े जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक के तमाम अधिकारियों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति को आगाह करते हुए खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

# मुजफ्फरपुर में 5 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 27 मार्च से

## पद्मश्री निर्मला देवी, पद्मश्री डॉ अनिल रेस्तोगी सहित एनएसडी के कई चर्चित कलाकार होंगे शामिल

**मुजफ्फरपुर/एनएसबी।** आकृति रंग सस्थान 27 से 31 मार्च तक जिला स्कूल मैदान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन कर रहा है. जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीम नाटक की प्रस्तुत करेगी. महोत्सव में चित्र प्रदर्शनी, मुखौटा प्रदर्शनी, कार्यशाला और रंग संवाद का आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेटर डॉ संजय कमार सुमन ने रविवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स में रविवार को आयोजित




प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन की संयुक्त रूप से जानकारी देते आयोजक गण।

प्रेसवार्ता में दी. आकृति रंग संस्थान के संयोजक डॉ सुनील फेकानिया ने कहा कि कार्यक्रम में सुजनी कला की कलाकार पद्मश्री निर्मला देवी, लखनऊ से अभिनेता पद्मश्री डॉ अनिल रेस्तोगी, मुंबई से इस्ट जोन कल्चर सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ ओम प्रकाश भारती, एनएसडी के चर्चित कलाकार अभिषेक मुद्गल, बीएचयू की विजुअल आर्ट की डीन प्रो उत्तमा दीक्षित और उनकी टीम, एनएसडी के रजिस्टार प्रदीप कुमार महंती, एनएसडी पासआउट और बेगूसराय के कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी, एनएसडी के कलाकार शुभादीप राहा मुख्य रूप से शामिल हो रहे हैं, महोत्सव में रोज रंग संवाद और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति की ओर से स्मारिका भी निकाली जाएगी, जिसका संपादन बिहार विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्टमेंट में सहायक प्रोफेसर डॉ सुशांत कुमार करेंगे. पहले दिन शहर के आकृति रंग संस्थान नटबख्खो, दूसरे दिन जयपुर के रंगमस्ताने टीम महारथी, तीसरे दिन मुजफ्फरपुर की किलकारी टीम तेतू और जयपुर की टीम आसमान जोगिया, चौथे दिन लखनऊ की टीम आखिरी वसंत और पांचवें दिन आकृति रंग संस्थान की सिविल लाइंस नाटक की प्रस्तुति होगी. प्रेसवार्ता को चित्रकार सुजीत कुमार व मनोज कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया. इस मौके पर रंग निर्देशक स्वाधीन दास, कामेश्वर प्रसाद, वीरेन नंदा, बैजू कुमार, रमेश रत्नाकर, प्रमोद आजाद, सुमन वृक्ष, डॉ संतोष सारंग, विनय कुमार, अशोक अंदाज, निशा साहू, प्रमोद कुमार सहनी, राजेश कुमार, इब्रान, अमीर हम्जा, रौशन कुमार, सौरभ कौशिक, श्रीनिवास चौधरी, सुभाष कुमार, संचय कुमार, शीतल रानी, प्रतिभा रानी, राजू सहनी, ऋचा, जीत बर्मन, ऋतिक बर्मन, विवेक, मुकेश कुमार, कृति भक्ता, मिनाक्षी, मिहिर मनीष भारती, उदय कुमार, आदित्य वर्मा, ऋषिका पोद्दार, राजू कुमार सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे.

# कांटी नगर परिषद क्षेत्र में पीसीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 4 ढेवहां में पीसीसी सड़क व वार्ड 19 रतनपुरा में नाला निर्माण कार्य का रविवार को स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 38 लाख रुपए की लागत से पीसीसी सड़क व नाला निर्माण हो जाने से




सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास करते कांटी विधायक।

स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ यह काम होगा औऱ वे स्वयं समय-समय पर मॉनिटरिंग और समीक्षा भी करेंगे। उन्होंने कांटी नगर परिषद क्षेत्र में भी शीघ्र हीं विकास के अनेकों सौगात जनता को देने की बात कही। उन्होंने बताया कि उनके अथक प्रयास से नगर परिषद के किशुनगर भगवती स्थान के समीप बने नए सम्राट अशोक भवन का भी जल्द ही भव्य समारोह के साथ उद्घाटन होगा। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, नगर परिषद कांटी के मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, मुखिया इंद्रमोहन झा, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, अशोक चौधरी, चंदन पांडे, राम मोहन पासवान, संतोष पासवान, पार्षद प्रतिनिधि बिनोद सिंह, शंकर महतो, अजय कुमार, मुन्ना ठाकुर, गुड्डू चौधरी, बबलु चौधरी, राज कुमार चौधरी, सुरेश चौधरी, मनोज चौधरी, गरीब सिंह, भैरव पांडेय, ब्रज भूषण शर्मा, सुजीत कुमार, जदयू नेता कारी साहू, महेश चौधरी, सुमन कुमार सिंह, रजनीश कुमार सिंह उर्फ फौजी साहब, दीपक कुमार उर्फ टुन्ना, प्रभु गुप्ता प्रोफेसर अशोक गुप्ता, नवल किशोर उर्फ पप्पू गुप्ता, मुरारी झा, नीरज मिश्रा, प्रिंस ठाकुर समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में सौ से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** स्थानीय जेपी चौक स्थित जिला चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में एसोसिएशन के अध्यक्ष चित्रांश अजय नारायण सिन्हा की अध्यक्षता में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन चित्रांश अजय नारायण सिन्हा, काजी मोहम्मदपुर थाना के इंस्पेक्टर नवलेश आजाद, डॉ ब्रजेश श्रीवास्तव, महामंत्री प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव, संयोजक राकेश सम्राट तथा संगठन मंत्री सतेन्द्र कुमार ह्यपिंकूह्व ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं आगत अतिथियों का स्वागत सह संयोजक सर्वजीत प्रियदर्शी द्वारा किया गया। मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के लोगों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से एसोसिएशन




द्वारा समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन किए जाते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चक्रधर सिन्हा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, संजीव कुमार रमण, अधिवक्ता मनोज कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, उदय नारायण सिन्हा, जगत नारायण सिन्हा, राजीव सिन्हा, सदाशिव वर्मा, सुजय कुमार, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार, संतोष कुमार सहित एसोसिएशन के अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में कई आवश्यक जांच निःशुल्क किए गए। शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ ब्रजेश श्रीवास्तव द्वारा किए गए सराहनीय योगदान के लिए एसोसिएशन की ओर से उन्हें धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।

# तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों ने शुरू की अपनी तैयारी

## एनडीए समर्थित पूर्व प्रत्याशी ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी की गई है। क्षेत्र के शिक्षक और शिक्षिका अपनी किसी भी समस्या की जानकारी सोमवार से शनिवार तक जारी किए गए नंबर पर फोन कर दर्ज करा सकते हैं। संबंधित कार्यालय से बात कर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल की जाएगी। साथ हीं जिला प्रशासन की तरफ से शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए हर महीने कैंप भी लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उक्त बातें जदयू प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व एनडीए प्रत्याशी रहे अभिषेक झा ने रविवार को नगर के माड़ीपुर स्थित एक होटल में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को सीतामढ़ी के सांसद, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व




शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करते एनडीए समर्थित पूर्व प्रत्याशी व एनडीए के नेतागण।

विधान पार्षद व विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेशचंद्र ठाकुर, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर, मुजफ्फरपुर पूर्वी भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, रालोमो के वरिष्ठ नेता ठाकुर धर्मेंद्र सिंह व जदयू नेता डॉ शब्बीर अहमद पप्पू ने भी संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीतामढ़ी के सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि बिहार में शिक्षा क्रांति के जनक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। बिहार में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, शिक्षकों को सम्मान देने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में सरकार बनने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार, विस्तार और संरचनात्मक बदलाव किए गए हैं। उन्होंने नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार द्वारा वर्ष 2006 से लेकर 2024 तक बिहार के विद्यालयों में लाखों शिक्षकों की हुई बहाली, शिक्षकों के वेतनमान में बृद्धि तथा सरकारी स्तर पर शिक्षा में सुधार के लिए किए गए सुधार तथा शिक्षा व्यवस्था में हुई प्रगति व उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों से राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को वेतनमान, सेवा शर्त, स्थानांतरण और प्रोन्नति की व्यवस्था लागू कर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को संस्थागत सम्मान और बेहतर कार्य वातावरण दिया है। वही तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अभिषेक झा ने नीतीश कुमार सरकार द्वारा बिहार के शिक्षा बजट में कई गुणा बृद्धि किए जाने, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य में बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापकों की बहाली, नए विद्यालय भवनों का निर्माण, हर पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने की पहल तथा प्लस-टू विद्यालयों का विस्तार किए जाने, विद्यार्थियों के हित में भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू किए जाने, छात्र छात्राओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत करने, बिहार के युवाओं के लिए राज्य में वेहतर शिक्षा व रोजगार के अवसर प्रदान करने की चर्चा की।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊरी निवासी रमेश कुमार साह का गयाजी में सिविल कोर्ट प्रतियोगिता परीक्षा देने जाने के दौरान सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के देवरिया कोठी थाना अंतर्गत लखनऊरी निवासी रमेश कुमार साह का रविवार 15 मार्च की सुबह गयाजी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल कोर्ट प्रतियोगिता परीक्षा देने जाने के दौरान ट्रैक्टर से ठोकर लगने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि लखनऊरी निवासी रामचंद्र साह का छोटा पुत्र नौकरी के सिलसिले में गयाजी गया था। रात एक होटल में ठहरने के बाद परिक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र जाने के लिए बाटा मोर के पास खड़ा था। इस दौरान एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सामने टेम्पू को धका मारते आगे बढ़ा और रमेश सहित दो को बुरी तरह कुचल दिया। दोनों की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की खबर सुन कोतवाली थाना प्रभारी पहुँच दोनों शव को पोस्टमार्टम में भेज ट्रैक्टर तथा चालक को हिरासत में ले लिया है घटना की खबर सुनते ही लखनऊरी गांव में मातम का माहौल हो गया। मृतक के बड़े भाई विनय कुमार गयाजी पहुंचे। तथा वहां से शाम 4 बजे पुलिस से शव लेकर अपने घर के लिए प्रस्थान कर गये है। उधर घटना की सूचना मिलते सामाजिक कार्यकर्ता साहू भूपाल भारती गया की जिला प्रशासन से वार्ता कर पोस्टमार्टम, प्राथमिकी तथा अन्य सहायता की। श्री भारती ने कहा की मृतक के परिवार से पारिवारिक संबंध रहा हैं। उन्होंने कहा मृतक के आश्रित को हर संभव सहायता दी जाएगी। विदित हो कि मृतक तथा अन्य सहयोगी सिविल कोर्ट की परीक्षा देने गयाजी गये थे। दूसरा मृतक आरा जिला अंतर्गत बिहिया थाना क्षेत्र के निवासी आशुतोष सिंह बताया गया है।

### डुमरा प्रखंड के बाजितपुर में विचार गोष्ठी सह कवि गोष्ठी का आयोजन



विचार गोष्ठी सह कवि गोष्ठी में शामिल कवि साहित्यकार व अन्य

**जिंदगी के लम्हे को मधुमास कीजिए, खुद में ऐसी अदा तलाश लीजिए : गीतकार गीतेश**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** डुमरा, कला -संगम एवं पं. चंद्रशेखर धर शुक्ल साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डुमरा प्रखंड के बाजितपुर में विचार गोष्ठी सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया. मुरादपुर पंचायत के मुखिया संजीव कुमार बाजितपुरी के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला लेखा पदाधिकारी प्रियरंजन राय ने की। संचालन गीतकार गीतेश ने किया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने जिले की साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा के क्रम में अप्रैल माह में होनेवाले सीतामढ़ी लिटरेचर फेस्टिवल-2026 तथा शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाली पुस्तक 'सीतामढ़ी के व्यक्ति विशेष भाग -2' की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रति माह अलग-अलग विद्यालयों में जाकर 'मोबाइल से दूरी- बच्चों के लिए जरूरी' कार्यक्रम के तहत साहित्यिक परिचर्चा कराने का निर्णय लिया। वक्ताओं में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मी सूरज साह, पतंजलि युवा भारत के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, डॉ. सुनील सुमन, डॉ. शत्रुघ्न यादव, शिक्षाविद् राजकुमार, सुधांशु रंजन एवं संजीव कुमार बाजितपुरी मुख्य थे। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आगाज करते हुए गीतकार गीतेश ने अपनी रचना 'जिंदगी के लम्हे को मधुमास कीजिए, खुद में ऐसी अदा तलाश लीजिए' के माध्यम से जीवन में सकारात्मक सोच लाने पर जोर दिया। सुरेश लाल कर्ण के कर्ण प्रिय गीत ' कनक थाल में सजी हुई बिन बाती की ज्योति हो' ने महफि ल को गति प्रदान की। उर्दू शायर मो. कमरूद्दीन नदाफ की गजल 'राह सीधी मुझे दिखा देना, जिंदगी का मुझे पता देना' ने माहौल को जवां बना दिया। ज्वलंत समस्या पर आधारित प्रियरंजन राय की कविता ' लोग कहते हैं कि लकड़ी को भुलाकर सिलेंडर को गले लगाया है, पर आज इसकी किल्लत ने फिर वही दिन दिखाया है' ने श्रोताओं की भरपूर वाहवाही बटोरी।

### 19 केंद्रों पर सिविल कोर्ट कर्मी भर्ती परीक्षा, कड़ी सुरक्षा में दो पालियों में हुई परीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को सिविल कोर्ट चतुर्थवर्गीय कर्मी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार इस परीक्षा में कुल 11,868 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसके लिए जिले में 19 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक संचालित हुई। कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक केंद्र पर न्यायिक पदाधिकारियों को केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया, जबकि दूसरी पाली के अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक कराया गया। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। अहले सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

# तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों की समस्या के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी




हेल्पलाइन नंबर जारी करते सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा व अन्य

**सीतामढ़ी/मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सम्मानित शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु जदयू प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा की तरफ से एक हेल्पलाइन नंबर जारी की गई है। मुजफ्फरपुर शहर के माड़ीपुर स्थित होटल में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सीतामढ़ी सांसद, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चार बार विधान परिषद रहे, विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, जदयू प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर, मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा के अध्यक्ष विवेक कुमार, रालोमो के वरिष्ठ नेता ठाकुर धर्मेंद्र, जदयू नेता शब्बीर ने संयुक्त रूप से हेल्पलाइन नंबर को जारी किया। बताया गया है कि क्षेत्र के शिक्षक और शिक्षिका अपनी किसी भी समस्या की जानकारी सोमवार से शनिवार तक सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक इस नंबर पर फोन कर दर्ज करा सकते हैं। श्री झा ने बताया कि संबंधित कार्यालय से बात कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी। इसके अलावा जिला प्रशासन की तरफ से शिक्षकों की समस्या के निवारण हेतु हर महीने कैंप भी लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

सांसद माननीय देवेश चंद्र ठाकुर जी ने कहा कि बिहार में शिक्षा क्रांति के जनक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हैं। बिहार में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, शिक्षकों को सम्मान देने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। वर्ष 2005 में सरकार बनने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार, विस्तार और संरचनात्मक बदलाव किए गए हैं। सबसे पहले वर्ष 2006 में 11 माह के अस्थायी अनुबंध पर कार्य कर रहे लाखों शिक्षामित्रों को पंचायत स्तर पर ही लगभग 60 वर्षों के लिए स्थायी करते हुए उन्हें बड़ी राहत दी गई। यह शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे हजारों शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हुआ और विद्यालयों में पढ़ाई की व्यवस्था मजबूत हुई। इसके बाद वर्ष 2006 से 2010 के बीच स्थानीय निकाय के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की बहाली की गई।

वर्ष 2011-12 में शिक्षक पात्रता परीक्षा (ळएळ) आयोजित की गई, जिसका परिणाम 14 मई 2012 को जारी हुआ। इस परीक्षा में लगभग 26.79 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से लगभग 1.47 लाख (करीब 1,47,984) अभ्यर्थी सफल हुए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार कक्षा 1 से 5 (प्राथमिक) के लिए लगभग 60,730 तथा कक्षा 6 से 8 (उच्च प्राथमिक) के लिए लगभग 87,254 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इन सफल अभ्यर्थियों की विभिन्न चरणों में बहाली की गई, जिससे राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

श्री पुष्कर ने कहा कि वर्ष 2015 में नियोजित शिक्षकों को वेतनमान दिया गया तथा वर्ष 2020 में सेवा शर्त, स्थानांतरण और प्रोन्नति (प्रमोशन) की व्यवस्था लागू की गई, जिससे शिक्षकों को संस्थागत सम्मान और बेहतर कार्य वातावरण मिला। वर्ष 2021-22 में भी ळएळ शिक्षकों की बहाली की गई, जिससे शिक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिली। वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए शिक्षकों को पंचायती राज व्यवस्था से अलग कर उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया। इसके बाद शिक्षक ह्लविशिष्ट शिक्षकह्व और ह्लविद्यालय अध्यापकह्व के रूप में कार्य कर रहे हैं। पारदर्शी व्यवस्था के तहत बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित कर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला और विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर हुआ। अभिषेक झा ने कहा कि शिक्षा बजट की बात करें तो वर्ष 2005 में बिहार का शिक्षा बजट लगभग 4,366 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर आज लगभग 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह राज्य के कुल बजट का लगभग 20 प्रतिशत है, जिससे बिहार शिक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य में बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापकों की बहाली, नए विद्यालय भवनों का निर्माण, हर पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने की पहल तथा प्लस-टू विद्यालयों का विस्तार किया गया है।

**विद्यार्थियों के हित में भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई, जिनमें मुख्य रूप से :** बालिकाओं के लिए साइकिल योजना,पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, मध्याह्न भोजन योजना का विस्तार, स्वास्थ्य एवं वेलनेस शिक्षा की शुरूआत, गरीब और पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए आर्थिक सहायता इन योजनाओं से विद्यालयों में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा को नई गति मिली।

केवल स्कूल शिक्षा ही नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों और डिग्री कॉलेजों की संख्या में लगातार वृद्धि की गई है, जिससे बिहार के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। श्री विवेक कुमार ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। शिक्षकों का सम्मान बढ़ा है, छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिली हैं और युवाओं के लिए शिक्षा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। ठाकुर धर्मेंद्र ने कहा कि शिक्षकों की समस्या के समाधान की दिशा में यह पहल सराहनीय है और बहुत चुनौती पूर्ण है। शब्बीर ने अभिषेक झा की पहल के लिए उनके प्रति अपना आधारित किया। इस मौके पर पूरे तिरहुत प्रमंडल के हर जिले से सैकड़ो की संख्या में सम्मानित शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## देश के नवगीतकारों ने सीतामढ़ी पंच तीर्थ स्थल का किया भ्रमण



माता सीता जन्मभूमि के पंच तीर्थ स्थल दर्शन को पहुंचे कवि, साहित्यकार व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के संरक्षक विमल कुमार परिमल एवं निदेशक आग्नेय कुमार के नेतृत्व में देश के नवगीतकार कवि ने माता सीता जन्मभूमि के पंच तीर्थ स्थल दर्शन किया। संरक्षक विमल कुमार परिमल ने बताया जैसा कि ज्ञात है पिछले 12 मार्च को मुजफ्फरपुर में नवगीत कुटुंब और एलएनटी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में "नवगीत उत्सव" का बड़ा ऐतिहासिक आयोजन हुआ था जिसमें देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से नवगीतकारों का आना हुआ था। उन्हीं आगंतुक कवियों में कुछ कवियों का दिनांक 14/03/2026 को सीतामढ़ी भ्रमण हुआ। जिनका उद्देश्य सीतामढ़ी पंचतीर्थ दर्शन था। सीतामढ़ी के संस्कृतिधर्मी विमल कुमार परिमल और सीता संवाद अभियान के निदेशक आग्नेय कुमार ने अतिथियों को पंच तीर्थ दर्शन कराए। अतिथियों में डा वीरेंद्र आस्तिक, कानपुर, डा राम सुधार सिंह बनारस, डा. संजय पंकज मुजफ्फरपुर, डा. शिवानंद सिंह सहयोगी बनारस, डा. भावना तिवारी दिल्ली, भुवनेश्वर द्विवेदी प्रयाग, अशोक शर्मा जयपुर प्रमुख थे। अतिथिगण पंथपाकर में अलौकिक प्राकृतिक छटा और माता सीता के पावन डोली स्थल देख अभिभूत हो रहे थे और पुनौराधाम जानकी मंदिर में दर्शन के बाद गदगद हो अपने को धन्य समझ रहे थे। इन दो स्थानों पर साहित्यकारों ने काफी समय दिया। पंथ पाकर धाम के अध्यक्ष अरुण कुमार शाही की उपस्थिति में सभी आगंतुकों को सीता संवाद द्वारा प्रकाशित पंच तीर्थ दर्शन पुस्तिका प्रदान की गई। अन्य जगहों को देखते हुए आगे निकलते गये। अंत में अतिथियों को विमल कुमार परिमल द्वारा अंगवस्त्र और अपनी पुस्तक 'मानस में चरित्र और चेतना' देकर विदा किया गया। डॉक्टर आशा कुमारी द्वारा अतिथियों को मिथिला के व्यंजन से स्वागत किया गया।

## पुपरी राज बाग खेल मैदान के चारों ओर बनेगी पीसीसी सड़क

**स्वीकृति मिलने पर लोगों में खुशी**



सड़क की स्वीकृति को लेकर जिप अध्यक्ष को सम्मानित कर आभार प्रकट करते लोग।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुपरी स्थित ऐतिहासिक राज बाग खेल मैदान के चारों ओर पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जिला परिषद सीतामढ़ी की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला परिषद की अध्यक्ष अदिती कुमारी की अध्यक्षता में इस महत्वपूर्ण योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है और आसपास के मोहल्लों के लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राज बाग खेल मैदान के चारों ओर सड़क नहीं होने के कारण खिलाड़ियों, टहलने आने वाले लोगों और आसपास रहने वाले नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में कीचड़ और जलजमाव के कारण मैदान के चारों ओर आवागमन लगभग ठप हो जाता था। अब पीसीसी सड़क बनने से न केवल खिलाड़ियों और आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि पूरे इलाके की सुंदरता और व्यवस्था भी बेहतर होगी। जिला परिषद से इस योजना की स्वीकृति मिलने की खबर मिलते ही राज बाग मैदान के चारों ओर बसे लोगों ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने जिला परिषद अध्यक्ष अदिती कुमारी को सम्मानित करते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लोगों ने कहा कि लंबे समय से इस सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब मंजूरी मिलने से स्थानीय जनता की उम्मीदें पूरी हुई हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय मिश्रा तथा इंद्रजीत मिश्रा सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने जिला परिषद अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए इस विकास कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से खेल मैदान तक पहुंच आसान होगी और युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने

## डायट डुमरा में गणित ओलंपियाड, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता, 102 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर ह्लउन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहारह्व थीम के तहत रविवार को डायट डुमरा में जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के बीच गणित ओलंपियाड, क्विज प्रतियोगिता तथा चित्रकला (पेंटिंग/रंगोली) प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कक्षा छह से आठ तथा कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान प्रियदर्शी सौरभ, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा आयुष कुमार, संभाग प्रभारी सतेन्द्र कुमार, संजय पाठक तथा एसआरपी संजय कुमार मधु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डीपीओ माध्यमिक शिक्षा आयुष कुमार ने कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को निखारने का अवसर भी है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में ज्ञान, प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान प्रियदर्शी सौरभ ने बताया कि सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 22 से 24 मार्च तक सभी विद्यालयों, प्रखंड संसाधन केंद्रों तथा जिला स्तरीय कार्यालयों को नीली सीरीज लाइट से सजाया जाएगा। वहीं 23 मार्च को विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) कराया जाएगा, जिसमें उन्हें जिले के प्रमुख धार्मिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 102 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता के 6 से 8 बालक वर्ग में मध्य विद्यालय सोनबरसा के जयसूर्या साह प्रथम, मध्य विद्यालय भलूआहा के शुभम शर्मा द्वितीय तथा मध्य विद्यालय मझौरा के आदित्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय रेवासी पकड़ी की ईशा कुमारी प्रथम, कमल दास बालिका उच्च विद्यालय सुरसंड की सबा प्रवीण द्वितीय और मध्य विद्यालय पटदौरा की आहना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

गणित ओलंपियाड में बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय मझौरा की संगीता कुमारी प्रथम तथा मध्य विद्यालय मधुबन की मुस्कान कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में मध्य विद्यालय इंदरवा-1 के तनुकांत प्रथम, मध्य विद्यालय शहबाजपुर के अनिकेत कुमार द्वितीय और मध्य विद्यालय गौरा कन्या के अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता के 6 से 8 बालिका वर्ग में बुनियादी विद्यालय डुमरा की नीलू प्रथम, दीपाली एंजल द्वितीय तथा मध्य विद्यालय सड़वारा की सौम्या तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में मध्य विद्यालय सोनबरसा टोल के हिमांशु कुमार प्रथम, उच्च माध्यमिक विद्यालय रंजीतपुर पूर्वी के धर्मवीर द्वितीय तथा मध्य विद्यालय इंदरवा के मोनू कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 9 से 12 बालिका वर्ग की पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल शिवाइपट्टी की वर्षा भारती प्रथम, कमला गर्ल्स हाई स्कूल की सोनाली द्वितीय तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय चक राजोपट्टी की अनु तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं गणित ओलंपियाड के 6 से 8 बालक वर्ग में यूएचएस इंदरवा के ओमप्रकाश प्रथम, मध्य विद्यालय रायपुर के पुनीत कुमार द्वितीय तथा मध्य विद्यालय महीसौथा के मिथिलेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 9 से 12 बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल शिवाइपट्टी की आरुषि कुमारी प्रथम, उच्च माध्यमिक विद्यालय रीगा की लाडली कुमारी द्वितीय तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरादपुर की रौशनी कुमारी व शिवानी कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। सफल प्रतिभागियों को बिहार दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अभिषेक कुमार वर्मा, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, मनीषा कुमारी, अजीता भटनागर, वीणा कुमारी, मुकेश कुमार, अविनाश कुमार तथा नौशाद आलम शामिल थे।

## मदरसा रहमानिया मेहसौल की मस्जिद में खत्म तरावीह की नमाज अदा, मुल्क में अमन-ओ-अमान की दुआ



**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के मेहसौल स्थित मदरसा रहमानिया मेहसौल की मस्जिद में रमजान के मुबारक महीने में खत्म तरावीह की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाज़ियों ने शिरकत की। नमाज के बाद इमाम हजरत मौलाना खुर्शीद साहब ने विशेष दुआ कराई। दुआ के दौरान उन्होंने कौम-ओ-मिल्लत की तरक्की, आपसी भाईचारे तथा देश में अमन-ओ-अमान कायम रहने की दुआ मांगी। साथ ही अल्लाह से सभी लोगों के रोजे, इबादत और नेक अमल कबूल करने तथा समाज में मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम कायम रखने की प्रार्थना की। खत्म तरावीह के मौके पर मस्जिद में सैकड़ों की संख्या में रोजेदार और नमाजी मौजूद रहे। सभी ने अकीदत और खशू-खुजू के साथ नमाज अदा कर मुल्क और समाज की खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो. अरमान अली, सदस्य आरिफ दिलकश, फैयाज आलम उर्फ सोनू बाबू, मौलाना मजहर कासमी, मो. बशारत करीम गुलाब, हाजी मो. हशमत हुसैन, मौलाना मो. सोहराब, अब्दुल वदूद, मो. जौहर अली ताज, अरशद सलीम, हाफिज मो. निजाम, मो. मुतुर्जा, मो. अफरोज आलम, तौकीर अनवर उर्फ सिकंद, मो. मजहर अली राजा आदि नमाज अदा की।

# गैस एजेंसियों का निरीक्षण, घरेलू गैस आपूर्ति में नई व्यवस्था लागू

**मोतिहारी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) द्वारा रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गैस एजेंसियों का पुनः निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी संचालकों से गैस आपूर्ति, बुकिंग प्रक्रिया तथा उपभोक्ताओं को मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के क्रम में गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि 7 मार्च से उपभोक्ताओं द्वारा अपने मोबाइल से गैस बुकिंग करने पर प्राप्त होने के लगभग 3 से 4 दिनों के बाद गैस की डिलीवरी दी जा रही है। संचालकों ने यह भी जानकारी दी कि गत 8 मार्च से कंपनी द्वारा उपभोक्ता बुकिंग के आधार पर फिलहाल केवल घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पहले जहां 25 दिनों के अंतराल पर रिफिल बुकिंग की व्यवस्था थी, उसे कंपनी द्वारा बढ़ाकर अब 45 दिनों पर कर दिया गया है।इसके अतिरिक्त वर्तमान में कमर्शियल गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। हालांकि कंपनी की ओर से यह निर्देश दिया गया है कि यदि किसी विद्यालय को कमर्शियल गैस की आवश्यकता हो तो विद्यालय प्रबंधन द्वारा लेटर पैड पर लिखित आवेदन देने पर कमर्शियल गैस की आपूर्ति की जाएगीस निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों को कंपनी के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया।



गैस एजेंसी का निरीक्षण करते अधिकारी।

# 70 प्रतिभागियों को मिली मशरूम किट

## जलवायु अनुकूल खेती व मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

**पीपराकोठी।** महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान ने रविवार को मेहसी प्रखंड के हरिराम कठिया गांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें मशरूम किट वितरित की गईंसकार्यक्रम का मुख्य विषय जलवायु अनुकूल खेतीरू एकीत मडल और मशरूम उत्पादन द्वारा पोषण सुरक्षा था। इसका समन्वय ड़ अमोल कैलास जाधव और ड़ लैमेला ओझा ने किया। इसका उद्देश्य किसानों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को जलवायु अनुकूल खेती, एकीत षि मडल और मशरूम उत्पादन के माध्यम से पोषण सुरक्षा व आय वृद्धि के लिए प्रेरित करना थास प्रशिक्षण में कुल 70 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें 60 महिलाएं और 10 पुरुष थे। सत्र के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच टिकाऊ षि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन एक लाभकारी उद्यम है, जिसे वर्षभर किया जा सकता है और इसके लिए अतिरिक्तभूमि की आवश्यकता नहीं होती।

वैज्ञानिकों ने ग्रामीण महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन को एक बेहतर आजीविका विकल्प बताया। उनके अनुसार, महिलाएं घर पर रहकर भी आसानी से मशरूम का उत्पादन कर सकती हैं, जिससे परिवार की आय और पोषण स्तर में सुधार हो सकता हैस कार्यक्रम में ष्ण कुमार ने मशरूम उत्पादन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने प्रतिभागियों को पलीथीन बैग भरने से लेकर स्पन के इनोकुलेशन तक की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन कर समझाया, जिससे किसानों को तकनीक समझने में काफी मदद मिलीस वहीं, विजय कुमार प्रसाद ने मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन से संबंधित सरकारी योजनाओं व प्रोत्साहनों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे इन उद्यमों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैंस कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मशरूम किट वितरित की गईं, ताकि वे अपने घरों पर मशरूम उत्पादन शुरू कर सकें। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

## सैकड़ों लोगों ने जमा किया टैक्स

**मोतिहारी(एनएसबी)।** एकमुश्त कर योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी होल्डिंगधारियों के विभिन्न प्रकार के करों पर लगने वाले ब्याज एवं पेनाल्टी को माफ कर दिया गया है। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में एकमुश्त कर भुगतान के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज वार्ड संख्या 16, 17, 23 एवं 39 में शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपना बकाया टैक्स जमा किया और भारी ब्याज एवं पेनाल्टी से मुक्ति पाई। वहीं जिन लोगों का होल्डिंग नंबर निर्धारित नहीं था, उन्होंने भी मौके पर अपना होल्डिंग नंबर निर्धारित करवाया। वार्ड संख्या 23 के निगम पार्षद संजू निषाद ने कहा कि उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद के अथक प्रयास और मेहनत के कारण पूरे बिहार के दो करोड़ से अधिक शहरवासियों के टैक्स पर लगने वाले ब्याज और पेनाल्टी को माफ किया गया है। इससे लोगों में भारी उत्साह और खुशी देखी जा रही है।उन्होंने बताया कि आज उनके वार्ड संख्या 23 में बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर एकमुश्त कर जमा किया। उनका लक्ष्य है कि वार्ड के 100 प्रतिशत लोग अपना टैक्स जमा करें तथा जिन लोगों का अभी तक होल्डिंग नंबर नहीं है, उनका भी होल्डिंग नंबर निर्धारित कराया जाए।

# वाणिज्य संघ के 50वें वार्षिक आम बैठक को नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर ने किया संबोधन

**रक्सौल(एनएसबी)।** सीमावर्ती शहर बीरगंज में एक कार्यक्रम के दौरान नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर ड़ बिश्वनाथ पौडेल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र बैंक ऐसा माहौल बनाने की तैयारी कर रहा है, जहां नेपाली आईटी कंपनियां विदेश में इन्वेस्ट कर सकें।

बीरगंज उधोग वाणिज्य संघ की 50वीं सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए गवर्नर पौडेल ने बताया कि राष्ट्र बैंक एक ऐसी पलिसी बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिससे विदेश में नौकरी करने गए नेपाली अपनी इनकम को सुरक्षित तरीके से इन्वेस्ट कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा भले ही हम उम्मीद के मुताबिक 100 परसेंट सुधार न कर पाएं, लेकिन हम देश के हित और जायज मांगों को ध्यान में रखते हुए जरूरी पलिसी और नियमों में बदलाव करके आर्थिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ेंगे।कार्यक्रम में रक्सौल चौम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया, उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, सचिव राज कुमार गुप्ता, सहसचिव गिरधारी लाल श्रीवास्तव तथा अंकेक्षक मोहम्मद निजामुद्दीन आदि को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही गौतम स्कूल की फाउंडर उर्मिला लामा को शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह, रिलीफ सोसाइटी अफ कमर्स बीरगंज, महिला एंटरप्रेन्योर ज्योति श्रेष्ठ और नेहा अग्रवाल, और पत्रकार अंशु सर्राफ को सोशल सेक्टर में उनके योगदान के लिए सर्टिफिकेट और दोसल्ला देकर सम्मानित किया गया।

उपरोक्तकार्यक्रम में महासचिव शिवाजी प्रसाद साह ने वर्किंग कमेटी द्वारा पिछले एक साल में किए गए कामों की प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश की, जबकि कोषाध्यक्ष अनोज रुगंटा ने फाइनेंशियल रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के मुताबिक, एसोसिएशन ने फाइनेंशियल वर्ष 2081़082 में एक करोड़ चौबीस लाख रुपये संरक्षित किया हैस एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि गौतम की अध्यक्षता में हुए प्रोग्राम में वाणिज्य संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, प्रदीप केडिया, अशोक वैद्य, ओम प्रकाश सिकरिया और विजय कुमार सरावगी आदि के साथ कई लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधव राजपाल ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।उक्त जानकारी महासचिव सह मिडिया प्रभारी शम्भु प्रसाद चौरसिया ने दी।

# चैत्र नवरात्र व चैती छठ की तैयारी को लेकर सूर्य मंदिर समिति की बैठक

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के धार्मिक आस्था का केन्द्र ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर में शुक्रवार को मंदिर समिति के कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें आगामी 19 मार्च 2026 से शुभारम्भ होने वाले चौत्र नवरात्र तथा 24 और 25 मार्च को आयोजित होने वाले लोक आस्था के महापर्व चौती छठ के सफल, शांति, सद्भाव के साथ आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के वरीय सदस्य राकेश कुशवाहा ने कहा कि सूर्य मंदिर रक्सौल की ऐतिहासिक धरोहर होने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यहां आयोजित होने वाले सभी धार्मिक अनुष्ठानों को भव्य, दिब्य व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति संकल्पित है।

उन्होंने बताया कि चौत्र नवरात्र एवं चौती छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए सूर्य मंदिर परिसर व सूर्य मंदिर छठ घाट की व्यापक साफ-सफाई नगर परिषद रक्सौल के माध्यम से कराई जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि चौती छठ पूजा के अवसर पर सूर्य मंदिर छठ घाट पर बड़ी संख्या में छठ वती एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में समिति का प्रयास रहेगा कि किसी भी वती या श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त किया जाएगास बैठक के दौरान छठ घाट की सजावट, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुढ़ करने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर समिति के वरीय सदस्य राकेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, सुरेश कुमार, दीपक कुमार गुप्ता एवं दिनेश प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इसकी जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी।

# पाक रमजान का महीना हमें आपसी प्रेम, सद्भाव व भाईचारा का संदेश देता है : साबिर अली

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के लक्ष्मीपुर स्थित वाईएस रिसोर्ट में पूर्व राज्य सभा सदस्य साबिर अली द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे रक्सौल ,सुगौली व नरकटिया विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों हिन्दू व मुश्लिम समाज के लोगो ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की।

सभी लोगो ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया।हिन्दू मुश्लीम आपसी एकता का एक मिशाल देखने को मिला।पूर्व राज्यसभा सदस्य साबिर अली ने कहा की रमजान में इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी प्रेम ,सद्भाव व भाईचारा बढ़ता है।इससे बेतहर समाज का निर्माण होता है।हमे सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिये।उन्होंने कहा की इफ्तार कराने से नेकी मिलती है और दुवा कबूल होता है।

इफ्तार पार्टी में करीब पांच हजार लोग शामिल हुए।मौके पर पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद,पूर्व प्रत्यासी रामबाबू यादव,पूर्व प्रमुख नुरुल हसन,प्रमुख ब्यवसायी कलीम अहमद,पूर्व प्रमुख संतोष कुमार उर्फ पप्पू,जिला पार्षद महमद नविहसन, लोजपा (आर)के वरीय नेता लोहा पांडेय ,जुनैद अली ,अताउर्रहमान अता, ई अरशद अहमद,वसीम अहमद,भूषण सिंह,इरशाद अहमद,सोहैल अहमद,शमशुद्दीन आलम, जावेद अहमद सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।



दावत-ए-इफ्तार में भाग लेते लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### नागरिक सम्मान समारोह में पुलिस पदाधिकारियों का अभिनंदन

**नए थानाध्यक्ष का स्वागत व पूर्व थाना प्रभारी की भावभीनी विदाई**

**रक्सौल (एनएसबी)।** थाना परिसर में नागरिक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी हेमंत सिंह प्रशिक्षु आईपीएस का भब्य स्वागत करते उन्हें नागरिक सम्मान प्रदान किया। वहीं स्थानांतरित थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एसडीपीओ मनीष आनंद को भी उनके उत्ष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने हेमंत सिंह को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए शहर में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपेक्षा जताई। वहीं पूर्व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर शहर के कई सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष बिमल कुमार सर्राफ, इंडो नेपाल चौंबर अफ कमर्स के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जेडीयू नेता सन्नी पटेल, जेडीयू नगर अध्यक्ष प्रदीप भारती, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, सोनू गुप्ता, कांग्रेस नेता मनोरंजन तिवारी, भारत विकास परिषद के रजनीश प्रियदर्शी, कपड़ा बैंक की निदेशिका ज्योति गुप्ता, रमेश गुप्ता, राजू गुप्ता, देशबंधु गुप्ता, सोमेश्वर कुशवाहा, निशांत श्रीवास्तव, के़ मोहन, राजेश गुप्ता, सुबोध कुमार, तेजबहादुर यादव, समसूदीन आलम तथा राजद नेता सैफुल आलम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।बरदाहा पंचायत में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव हेतु विशेष जनसुविधा शिविर आयोजित।

### करीब 100 लोगों ने उठाया लाभ

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सेल्सफोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) द्वारा रविवार को मोतिहारी सदर प्रखंड के बरदाहा पंचायत भवन में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव हेतु विशेष जनसुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मोहन सहनी, सरपंच मुरारी सहनी, वार्ड सदस्य रामायण सहनी, शिव शंकर सहनी एवं झरिया देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया मोहन सहनी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। शिविर में बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) के हामिद रजा और सत्यप्रकाश के नेतृत्व में संस्था द्वारा संचालित कमन सर्विस सेंटर के संचालक हरि कुमार ने अनलाइन आवेदन, केवाईसी, बैंक खाता अपडेट, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान कियास शिविर में पुनर्पकली देवी, बीरबल सहनी, जीवत सहनी, बीरबल माझी, सुरेंद्र राय, रविन्द्र कुमार सहित लगभग 100 लोगों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं से जुड़ने का लाभ उठाया। इस अवसर पर हामिद रजा ने बताया कि इस तरह के निःशुल्क शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है, ताकि जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव आपदा के जोखिम को कम करने और आपदा न्यूनीकरण में भी सहायक है। इसी उद्देश्य से बाल रक्षा भारत द्वारा निःशुल्क कमन सर्विस सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

### जरूरतमंद छात्रों को इंजीनियरिंग व उच्च शिक्षा दिलाने की पहल : रणजीत सिंह

**रक्सौल(एनएसबी)।** गरीब और प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत सिंह ने उम्मीद एजुकेशन एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इस पहल के तहत अब आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को मैट्रिक एवं इंटर के बाद तकनीकी एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। रणजीत सिंह ने बताया कि समाज में कई ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं हैं, जो आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई आगे नहीं बढ़ा पाते हैं। ऐसे बच्चों के सपनों को पंख देने और उन्हें शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 12वीं के बाद छात्रों को बी़ई़ध्बी़टेक (चार वर्षीय) इंजीनियरिंग कोर्स जैसे अटोमोबाइल इंजीनियरिंग, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, बायोटेक्नेलजी इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रनिक्स इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, मेकाट्रनिक्स इंजीनियरिंग, दूरसंचार इंजीनियरिंग, एयरोनटिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। इसके अलावा प्रबंधन के क्षेत्र में बीबीए, बीबीएम, एमबीए और होटल मैनेजमेंट जैसे कोर्स भी उपलब्ध होंगे। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में डी फार्मा, बीएससी अपरेशन थिएटर टेक्नेलजी, एनेस्थीसिया टेक्नेलजी, रीनल डायलिसिस, रेडियोलजी, अप्टोमेट्री, एमएलटी, एएनएम नर्सिंग सहित कई पैरामेडिकल कोर्स भी किए जा सकेंगे। रणजीत सिंह ने बताया कि 10वीं के बाद छात्रों के लिए पलिटेक्क्नि तकनीकी शिक्षा का भी अवसर मिलेगा, जिसमें अटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रनिक्स एवं कम्युनिकेशन, मैकेनिकल, मेक्ट्रोनिक्स और सिविल इंजीनियरिंग जैसे कोर्स शामिल हैं। इसके साथ ही रेडियोलजी, षि और डीएमएलटी जैसे पैरामेडिकल डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इन कोर्सो में ट्यूशन फीस का बड़ा हिस्सा ट्रस्ट द्वारा वहन किया जाएगा, जबकि छात्रों को रहने, खाने और परीक्षा शुल्क के रूप में सालाना लगभग 85 से 95 हजार रुपये का खर्च देना होगा। रणजीत सिंह ने समाज के लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई गरीब लेकिन प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा है, जो आर्थिक तंगी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहा है, तो उसे इस योजना से जोड़कर उसके उज्ज्वल भविष्य की राह तैयार की जा सकती है।

### पहाड़पुर प्रखंड कार्यालय से गायब रहती हैं एमओ

**12 किमी दूर अरेराज से चला रहीं विभाग, परेशान ग्रामीणों में आक्रोश**

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय में आपूर्ति विभाग की मोहर्रिर अधिकारी (एमओ) की लगातार अनुपस्थिति अब बड़ा प्रशासनिक सवाल बनती जा रही है। आरोप है कि एमओ प्रखंड कार्यालय में नियमित रूप से नहीं बैठतीं और विभागीय कामकाज अरेराज से ही संचालित कर रही हैं। इससे राशन कार्ड, अनाज वितरण और आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि दूर-दराज के गांवों से महिलाएं, बुजुर्ग और गरीब लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर रोज प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन एमओ के नहीं मिलने से उन्हें घंटों इंतजार के बाद निराश होकर लौटना पड़ता है। इस व्यवस्था को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी और आक्रोश बढ़ रहा है।शनिवार को कोटवां पंचायत के बथुआहा गांव निवासी रजनीश कुमार सिंह, सोनवल शक्तिनगर के अशोक मिश्रा और सटहां के भाजपा नेता सदन साह अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्हें उम्मीद थी कि एमओ से मिलकर राशन व आपूर्ति से जुड़ी परेशानियों का समाधान हो जाएगा, लेकिन कार्यालय में एमओ के नहीं मिलने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यालय में पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि एमओ यहां बैठती ही नहीं हैं। काफी प्रयास के बाद उनका मोबाइल नंबर मिला, जिस पर बात करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें अरेराज अनुमंडल से ही काम देखने का निर्देश मिला है।ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़पुर से अरेराज की दूरी करीब 12 किलोमीटर है। ऐसे में गरीब और बुजुर्ग लोगों के लिए इतनी दूरी तय करना बेहद मुश्किल है। कई बार लोग किराया खर्च कर वहां पहुंचते हैं, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता।इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश मिश्रा ने भी स्वीकार किया कि एमओ प्रखंड कार्यालय में नियमित रूप से नहीं बैठती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कई लोग आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचते हैं। बीडीओ ने यह भी बताया कि नए प्रखंड भवन में अब तक एमओ की ओर से कार्यालय कक्ष की मांग भी नहीं की गई है।ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत क्षेत्रीय विधायक राजू तिवारी से भी की है और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रखंड मुख्यालय में एमओ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की गई तो आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की जाए और एमओ को प्रखंड कार्यालय में नियमित रूप से बैठने का निर्देश दिया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### 32 बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार, गुप्त सुचना के आधार पर की गयी कार्रवाई

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रेलवे सुरक्षा बल और उत्पाद विभाग ने एक संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान सहरसा रेलवे यार्ड से 22.29 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ सहरसा को 14 मार्च को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सहरसा रेलवे यार्ड से बड़ी मात्रा में शराब लेकर गुजरेगा। सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट सहरसा के प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम में सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार पांडे, प्रधान आरक्षी अमित किशोर और आरक्षी साहेब कुमार शामिल थे। उत्पाद विभाग के निरीक्षक संजीत कुमार भी अपनी टीम के साथ इस अभियान में शामिल हुए। संयुक्त टीम ने सहरसा रेलवे यार्ड में निगरानी शुरू की। इसी दौरान एक युवक झोला और पिट्ठू बैग लिए यार्ड से गुजरता दिखा। पुलिस और आरपीएफ टीम को देखते ही वह भागने लगा, जिसके बाद टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान 27 वर्षीय संजय कुमार के रूप में बताई। वह सहरसा जिले के नया बाजार का निवासी है और उसके पिता का नाम सीताराम यादव है। जब उससे बैग और झोले में रखे सामान के बारे में पूछा गया, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। टीम ने उसके बैग और झोले की तलाशी ली, जिसमें हरियाणा निर्मित विभिन्न ब्रांडों की कुल 32 बोतल विदेशी शराब मिली। इसकी कुल मात्रा 22.290 लीटर है। शराब को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद निरीक्षक सहरसा को सौंप दिया गया है। उत्पाद विभाग इस मामले में आगे की जांच कर रहा है।




### बुद्धि को सही दिशा तब ही मिलती है जब मन आध्यात्मिक नियमों को मानता है: रमण प्रकाश

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** दो दिवसीय शिव महोत्सव का दूसरा दिन शिव पूजन से शुरू हुआ। भजन गायक महेश पांडे, चंद्रशेखर शर्मा और अनिल गुप्ता कई भजन गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिए। वक्ताओं में कार्यक्रम संयोजक रमण प्रकाश सिंह ने कहा कि बुद्धि को सही दिशा तब ही मिलती है जब मन आध्यात्मिक नियमों को मानता है। राधाकृष्णन कहे कि आध्यात्मिक सम्पत्ति के बिना सांसारिक सम्पत्ति को सम्पत्ति कहा ही नहीं जा सकता। वही महात्मा उग्रानंद गिरी नवधा भक्ति का सांगोपांग वर्णन किए। डॉ आर के सिंह कई उदाहरण देकर बताए कि कि आपका विचार ही परमात्मा को आपमे प्रवेश करने का अवसर देता है। उसी तरह मुन्ना झा, अमरनंद राय आदि वक्ताओं ने गंभीर चर्चा किए। शिव गुरु पर एक अध्यात्मिक ज्ञान परिचर्चा में शिव महादेव, जिन्हें भोलेनाथ महाकाल और आदि देव के रूप में जाना जाता है, कल्याणकारी वैराग्य और चेतना के सर्वोच्च प्रतीक है। एक वार ब्रह्मा और विष्णु के अहंकार को तोड़ने के लिए शिव एक अनंत अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए, जिसका न आदि था न अंत। शिवलिंग शिव की निराकार, अनंत शाक्ति का प्रतीक है जिसे हम पूजते हैं। शिव की पूजा में किसी भष्य मंदिर की नहीं बल्कि बढ़े हुए मन निर्मल हृदय की आवश्यकता होती है। वे वैराग्य के प्रतीक हैं जो हमें सांसारिक मोह से ऊपर उठकर आत्मा की शुद्धि ओर ध्यान योग की और प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक रमण प्रकाश जी, डा आर के सिंह, पंडाल एवं भंडारा साथ ही विधि व्यवस्था की जिम्मेदारी हरेंद्र सिंह मेजर,बंटी कुमार,डा रोशन कुमार, कन्हैया सिंह कलाकार आदि शिवभक्तों द्वारा तन-मन-धन राशि द्वारा देकर यह शिव परिचर्चा सफलतापूर्वक संपन्न होती है। कार्यक्रम संरक्षक रमन प्रकाश सिंह कार्यक्रम प्रभारी डा आर के सिंह, हरेंद्र सिंह मेजर, पंडित मुन्ना झा,गिरी बाबा, उपेन्द्र, अमरनाथ, भजन-कीर्तन गायकी उर्वशी, चन्द्रशेखर शर्मा, कन्हैया सिंह, उपेन्द्र, अर्चना कुमारी,चदू जी सतन, सुशील, सतीश, अरूण मणि, अनिल,राहुल गुप्ता, अमित कुमार, राजकुमार शाह गुड्डू दहलान, बंटी कुमार संजीव कुमार,वंदना सिंह,मीना देवी,अनीता देवी,सिद्धि कुमारी,खुशी कुमारी इत्यादि पंडाल के व्यवस्था में लगे रहे।ज्ञात हो कि शिव गुरु बिराट महोत्सव 26 वें साल लगातार दो दिवसीय कार्यक्रम सुपर मार्केट सहरसा में 14 से 15 मार्च को सम्पन्न हुई।एक तारीख में लगातार 26 वें साल शिव गुरु महोत्सव होना यह महादेव बाबा की असीम कृपा बनी हुई है।



### एमपीएस स्कूल बेहट में मनाया गया पहला वार्षिकोत्सव, पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह सहित राजनीतिक दिग्गजों का रहा जमावड़ा

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** देहद पंचायत अन्तर्गत बेहट गांव स्थित एमपी एस पब्लिक स्कूल में रविवार को पहला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रखर समाजवादी नेता महिषी के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष गुंजेश्वर साह, जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष अन्नू पटेल, प्रखंड जदयू अध्यक्ष जय कुमार सिंह, स्कूल के निदेशक कुमकुम सिंह, समाजसेवी गुंजन सिंह, रौशन कुमार सिंह, जदयू नेता मानवेन्द्र ठाकुर मिट्ठू रजक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जदयू नेता रौशन कुमार सिंह एवं उनके टीम द्वारा धूमधाम से आए मिथिला की संस्कृति के अनुसार अतिथियों का भव्य स्वागत अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर किया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बच्चों के द्वारा गणेश वंदना से हुई। झिंझरी नाच,लोक नृत्य, लोक आस्था का पर्व छठ सहित सेमा चकेवा, समदन गीत एक से बढकर एक सहित देश भक्ति पर विभिन्न तरह के मनमोहक प्रस्तुति किया। इसके अलावा सोशल मीडिया से संबंधित तमाम कार्यक्रम करते हुए बच्चों ने अभिभावकों व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और इस दौरान दर्शकों की खूब ताली बटोरी। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक, शिक्षिकाओं में स्विटी कुमारी राहुल कुमार, मौसम कुमारी, शुभ सिंह ,मनीष कुमार, चांदनी कुमारी, उद्घोषक निशांत झा एवं मनीष झा रहे।



### 18 मार्च को पटना में होगा समता महाजुटान और राजभवन मार्च में शामिल होंगे सैंकड़ों छात्र-युवा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी व यूजीसी रेगुलेशन समता आंदोलन, सहरसा चैप्टर द्वारा 18 मार्च को पटना में आयोजित समता महाजुटान और राजभवन मार्च की तैयारी को लेकर आज शहीद जयप्रकाश भवन गाँधी पथ में संयुक्त छात्र-युवा संघर्ष समिति की बैठक हुई। सौरबाजार नपं विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार की अध्यक्षता और युवा नेता सुबोध कुमार के संचालन में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक मनोज मंजिल, आइसा राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार भी शामिल हुए। 18 मार्च को 74 आंदोलन के ऐतिहासिक दिन को पटना में समता महाजुटान और राजभवन मार्च होने जा रहा है। बिहार भर के दलित-पिछड़ों से समता, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय स्थापित करने के संघर्ष से वास्ता रखने वाले आवाम भारी तादाद में समता महाजुटान में शामिल होने का आह्वान किया। जिले भर में सघन जनसंपर्क चलाने के साथ पर्चा वितरण, नुक्कड़ सभा करते हुए 18मार्च को पटना में हजारों की संख्या में छात्र नौजवान जुटेंगे। बैठक में राजद जिलाध्यक्ष मो.ताहिर, प्रदेश महासचिव धनिकलाल मुखिया, एआइवायएफ के प्रदेश नेता शंकर कुमार, आरवाईए राष्ट्रीय पार्षद कुंदन यादव, कृष्णकांत गुप्ता, विक्की राम, आईआईपी जिलाध्यक्ष विद्या शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ.धनोज कुमार, भाविमो प्रदेश अध्यक्ष सनोज सुमन, युवा नेता रौशन यदुवंशी, मृणाल कामेश, निरंजन किशन, एआईएसएफ के सौरभ कुमार, कांग्रेस आईटी सेल के आशीष कुमार, रोशन कुमार, डीआईवायएफ जिला सचिव कुलानंद कुमार, मो. मुर्शीद, अमित कुमार, प्रफुल्ल यादव, सागर कुमार शर्मा, वकील कुमार यादव, अशोक यादव उर्फ बटन, बमभोली सदा, आइसा जिलाध्यक्ष आशीष आनंद, मंशु कुमार, डॉ. अमित चैधरी, ओबीसी छात्रावास के गुड्डू कुमार, देवेंद्र कुमार, संदीप सहित दर्जनों शामिल रहे।



# करन टाइगर हत्या के आक्रोश में हुआ छोटू मिश्रा की हत्या

## मुख्य शूटर सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, 4 पिस्तौल, 1 देसी कट्टा, 1 रिवाल्वर, 2 मैगजीन, 12 कारतूस और 1 चाकू बरामद।





प्रेस वार्ता में एसपी, डीएसपी व अन्य, गिरफ्तार शूटर।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बीते शनिवार की देर रात सदर थाना क्षेत्र के मीरा टॉकीज के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधियों द्वारा विद्यापति नगर, फकीर टोला, वार्ड नंबर - 16 निवासी जागेश्वर झा के पुत्र सतीश झा और छोटू मिश्रा की हत्या मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। घटना में शामिल मुख्य शूटर सहित पांच आरोपी गिरफ्त में ले लिए गए हैं। जिनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चार पिस्तौल, एक देसी कट्टा, एक रिवाल्वर, दो मैगजीन, 12 जिंदा कारतूस के साथ एक चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना का मुख्य कारण वर्ष 2019 में हुए विद्यापति नगर निवासी करन टाइगर की हत्या का बदला लेना बताया जा रहा है। 36 घंटे के अंदर पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी सहित कांड में शामिल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी जिला पुलिस टीम की बड़ी उपलब्धि मानी जा गई थी। उक्त मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपी की भी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी। एसपी हिमांशु ने बताया कि 13 मार्च को मीरा टॉकीज रोड के समीप सतीश झा उर्फ छोटू मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर उनके पिता की लिखित शिकायत पर सदर थाना कांड संख्या 273/26 दर्ज की गई थी। घटना में चार प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था।उन्होंने बताया कि लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए उनके निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार, साइबर डीएसपी अजीत कुमार, सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, टीओपी 1 प्रभारी जितेंद्र ठाकुर, टीओपी 2 प्रभारी सनोज वर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक प्रीति कुमारी, रौशन कुमार के साथ जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी, उनके कर्मी और सदर थाना पुलिस बल को शामिल करते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया था।गठित एसआईटी टीम द्वारा जिला में संचालित एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वायड की टीम और डीआईयू की टीम की मदद से साक्ष्य का संकलन किया गया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी तलाश की गई। जिसके बाद तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज के सूक्ष्म विश्लेषण, मानवीय और तकनीकी सूचना और संभावित ठिकानों पर सघन छापामारी कर आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई की गई थी।उक्त कार्रवाई में मुख्य शूटर रोहित कुमार उर्फ मिट्ठू को जहां सुपौल जिला से गिरफ्तार किया गया। वहीं अन्य शूटर नवनीत कुमार को सदर थाना क्षेत्र के विद्यापति नगर से गिरफ्तार किया गया था।गिरफ्तार दोनों शूटर की निशानदेही पर हथियार को छुपाने और रखने में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी।गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर सौरव कुमार मिश्रा के घर से कई हथियार बरामद हुए थे।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के घर से 4 पिस्तौल, 1 देसी कट्टा, 1 रिवाल्वर, 2 मैगजीन, 7.25 एमएम के 8 जिंदा कारतूस और 9 एमएम 4 कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ था।उक्त बरामद हथियार और कारतूस को लेकर सदर थाना कांड संख्या 278/26 दर्ज की गई थी। बरामद हथियार को बैलिस्टिक परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में मुख्य शूटर सदर थाना क्षेत्र के हटिया गाछी, वार्ड 20 निवासी घनश्याम ठाकुर के पुत्र रोहित कुमार उर्फ मिट्ठू और जिला के बनमा इटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर गांव, वार्ड 6 निवासी स्व कमलेश्वर शर्मा के पुत्र नवनीत उर्फ उदय की गिरफ्तारी हुई। इन शूटर के अलावे तीन अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई थी। जिनमें सदर थाना क्षेत्र के विद्यापति नगर, वार्ड 19/31 निवासी अंजनी कुमार के पुत्र अभिनव कुमार, सदर थाना क्षेत्र के ही तिवारी टोला, वार्ड 26 निवासी स्व नरेश तिवारी के पुत्र राजा कुमार तिवारी और मिश्रा टोला, तिवारी टोला, वार्ड 26 निवासी संतोष कुमार मिश्रा के पुत्र सौरभ कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। एसपी हिमांशु ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ करने पर पता चला कि बीते वर्ष 2019 में विद्यापति नगर निवासी मिहिर तिवारी उर्फ करन टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें मुख्य अपराधी सतीश झा उर्फ छोटू मिश्रा थे। जिसके बाद उक्त हत्या का बदला लेने के लिए अपराधियों ने छोटू मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विस्तृत जांच की जा रही है। कांड के सभी पहलुओं पर अनुसंधान जारी है। घटना में सम्मिलित सभी अभियुक्त की पहचान कर ली गई है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## विधायक के नागरिक अभिनंदन को लेकर महागठबंधन दलों की बैठक आयोजित



बैठक में जिलाध्यक्ष सहित महागठबंधन कार्यकर्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के 18 मार्च को आयोजित होने वाले भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिला परिषद् परिसर में महागठबंधन के सभी घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 18 मार्च को जिला परिषद् परिसर, डीबी रोड सहरसा में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले भर से महागठबंधन के सभी दलों के नेता, कार्यकत्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता का नागरिक अभिनंदन करेंगे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह तय किया गया कि कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 1 बजे से 2 बजे दोपहर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 2 बजे से 5 बजे शाम तक स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया तथा कार्यकत्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के नेतृत्व में सहरसा के विकास को नई दिशा मिलेगी और यह नागरिक अभिनंदन समारोह जनता के विश्वास और सम्मान का प्रतीक होगा। सभी कार्यकत्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में शामिल कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक की अध्यक्षता राजद के जिला अध्यक्ष मो ताहिर ने किया, एवं बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ धनोज कुमार ने किया एवं इस बैठक में राजद नेता रंजीत यादव, धनिक लाल मुखिया, डिप्टी मेयर गुड्डू हयात, अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष सीताराम दास, संयोजन संजय शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अवधेश यादव, गावो दास, महिला नेत्री प्रदेश अध्यक्षता रिभा शर्मा, गुंजन कुमारी, बैद्यनाथ कुमार, आशीष कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतीश शाह, भीम भारती, हीरा प्रभाकर, नारायण शर्मा, रूपकांत शर्मा, पिंटू कुमार पान, अमरेश कुमार, छोटू संगम, नीतीश कुमार, मनोज शर्मा, पूर्व मुखिया अनिल राम, पल्लू राजा, गुलशन कुमार, अजय कुमार, हंसराज कुमार, रमेश शर्मा एवं अन्य विभिन्न दलों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दिन-दहारे ग्राहक बनकर आया युवक गल्ले से 2 लाख 50 हजार लेकर फरार

### सीसीटीभी फुटेज से आरोपी की पहचान जारी

**सहरसा (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र में डोली पेट्रोल पंप के पास स्थित एक मार्बल दुकान से दिनदहाड़े 2 लाख 50 हजार रुपए की चोरी हो गई। ग्राहक बनकर आए एक युवक ने दुकान के गल्ले से नगदी उड़ाई और फरार हो गया। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके फुटेज शनिवार रात सामने आए। पीड़ित व्यवसायी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के परबतसर थाना क्षेत्र के गूलर गांव निवासी नरसी राम डूडी सहरसा में ‚मैसर्स क्लासिक मार्बल ग्रेनाइट एंड टाइल्स‚ नाम से दुकान चलाते हैं। 12 मार्च की दोपहर करीब 2:30 बजे एक अज्ञात युवक बाइक से उनकी दुकान पर पहुंचा और सामान्य ग्राहक की तरह ऑफिस में बैठ गया। बताया जाता है कि युवक कुछ देर तक दुकान के माहौल को समझता रहा और मौके की तलाश में था। इसी दौरान, जब दुकानदार नरसी राम डूडी और अन्य ग्राहक किसी काम से ऑफिस के केबिन से बाहर निकले, तो युवक ने मौका पाकर गल्ले में रखे 2 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद वह तेजी से दुकान से निकलकर फरार हो गया। दुकानदार जब वापस लौटे, तो गल्ले से रुपये गायब देखकर हैरान रह गए। अब जांच करने पर पता चला कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें युवक पैसे निकालते हुए साफ दिखाई दे रहा है। पीड़ित व्यवसायी ने सदर थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।



## प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है, जिससे कार्यकर्ताओं का बौद्धिक और वैचारिक विकास होता है: जिलाध्यक्ष



वैचारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते कार्यकर्ता।

**सहरसा (एनएसबी)।** बनगांव स्थित रामपुर बंगला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। बनगांव नगर पंचायत मंडल कार्यशाला में भाजपा ने संगठन, सरकार और चुनावी रणनीति को एक कडी में ढालते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बूथ प्रबंधन से लेकर वैचारिक प्रशिक्षण तक के केंद्र में रखा गया। विकास, विचारधारा, नमो एप, सोशल मीडिया और एआई आधारित सरल एप के जरिये कार्यकर्ता तंत्र को तकनीकी रूप से सशक्त कर राष्ट्र के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने की व्यापक रणनीति पर मंथन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है, जिससे कार्यकत्ताओं का बौद्धिक और वैचारिक विकास होता है। जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। महामंत्री शिवभुषण सिंह एवं भैरव झा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कार्यकत्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश झा जी की अध्यक्षता में आयोजित इस मंडल प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला में बनगांव नगर पंचायत के चैयरमैन दीपीका शेखर, भाजपा नेता विजय बंसत, उपाध्यक्ष मीहिर झा,प्रवक्ता अभिषेक पांडेय, अभिलाष कुमार, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर झा, वरिष्ठ नेता बालकृष्ण झा पप्पन आदि प्रमुख नेताओं की रही भागीदारी रही। कार्यशाला में प्रमुख रूप से बनगांव नगर मंडल के महामंत्री मनोरंजन खां, पंकज गुप्ता, अशोक राउत, सुंधाशु शेखर, विनोद कुमार झा,सुनेर देवी,शंकर कुमार झा,मोहन ठाकुर, अरूण झा,अमित झा, शत्रुघ्न झा, मिथिलेश झा, कन्हैया खां, रोशन चैधरी, आशुतोष झा, वार्ड पार्षद साजन कामत , पप्पू झा आदि मौजूद रहे। इस मंडल कार्यशाला में सात टीमों के माध्यम से कुल 7 विषयों पर समूह चर्चा हुई। इनमें भाजपा का इतिहास एवं विकास, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान, समन्वय की भूमिका, कार्यपद्धति, विचार परिवार, संगठन विस्तार, कार्यकर्ता विकास, बूथ प्रबंधन, कार्यालय संचालन, सरकार की उपलब्धियां, मोदी सरकार की योजनाएं, सोशल मीडिया एवं नमो एप, एआई आधारित सरल एप और राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां प्रमुख रहीं।

### रूआरी की बेटी रेणु सिंह जो गांव के स्कूल में हेडमास्टर को सम्मानित करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है: अंजना सिंह



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की ओर से एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें शामिल अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की ओर से पंजाब जनरल सचिव सरदार गुरदेव सिंह एवं बिहार प्रदेश के अध्यक्ष श्रीमती अंजना सिंह एवं झारखंड प्रदेश के सचिव राजेश्वर चंद्र डे के साथ-साथ कई उच्च अधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें एवं वर्तमान काल में चल रहे युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय संकट पर चर्चा की और इस संकट से अपने देश और अपने देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री द्वारा उठाए जा रहे कदमों की सराहना की और आश्वासन दिलाया कि हम सब इस विकट परिस्थिति में आपके साथ है और कामना करते हैं कि जल्द से जल्द शांति का कोई विकल्प निकाला जा सकेगा और पूरे संसार में दोबारा अमन शांति कायम होगी।

## कोशी महोत्सव के दुसरे दिन पाश्र्व गायक विनोद राठौड़ एवं स्थानीय कलाकारों नें जलवा बिखेरा



जलवा बिखेरते कालाकार।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के तहत आयोजित कोसी महोत्सव के दूसरे व अंतिम दिन शनिवार को मुंबई से आये पाश्र्व गायक विनोद राठौड़ एवं उनकी टीम की प्रस्तुति की जहां घूम रही। वहीं स्थानीय कलाकारों ने भी अपना जलवा बिखेरा। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकगीत, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य एवं एक से बढ़कर एक गीतों पर दर्शकों ने जमकर ताली बजायी। स्थानीय कलाकारों ने अपनी बेहतरीन कला को दर्शकों के समक्ष पेश किया। दर्शकों ने भी कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। श्रोताओं की पहली पसंद विनोद राठौड़ के सुप्रसिद्ध गीत नायक नहीं खलनायक हूं मैं के शुरू होते ही दर्शकों में उल्लास आ गया। उनकी प्रस्तुति का दर्शकों ने जमकर लुफ्त उठाया।उनके प्रत्येक गीतों पर दर्शकों का उल्लास देखते बनता था। स्थानीय कलाकारों में राजलक्ष्मी के नृत्य, सुषमा कुमारी के नृत्य, कृतिका झा के नृत्य, हियांशी के रेकॉर्डिंग डांस, शैलजा सिन्हा के नृत्य, शशि सरोजिनी रंग मंच के कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।इस मौके पर मुंबई के सुप्रसिद्ध पाश्र्व गायक विनोद राठौड़ एवं उनकी टीम के सन्नी मुखर्जी एवं चांदनी मुखर्जी की प्रस्तुति को लेकर स्टेडियम प्रांगण में श्रोता जमे रहे। तालियों के गडगडाहट के बीच विनोद राठौड़ के एक से बढ़कर एक गीतों पर श्रोता झुमते रहे एवं अंत तक जमे रहे। महोत्सव के पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे। जिनका स्थानीय कलाकारों सहित विनोद राठौड़ ने भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने अपनी गीतों की शुरूआत अपने सुप्रसिद्ध गीत नायक नहीं खलनायक हूं मैं से की. इसके बाद एक से बढकर एक गीतों की प्रस्तुति दी।खासकर नये, पुराने गीतों से श्रोताओं को झूमने पर विवश किया। उन्होंने कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला, ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं, ए मेरे हमसफर, अगर चाहत ना होती, छुपाना भी नहीं आता, कहां राजा भोज कहां गंगू तेली सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिलाधिकारी दीपेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया गया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम एवं सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने सफल आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों व कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कलाकारों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया. मौके पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत सदर एसडीओ श्रीयांश तिवारी सहित बडी संख्या में दर्शक मौजूद थें। कार्यक्रम में उद्घोषना आनंद झा एवं तनीषा ने किया।

# आवासीय आनंद पब्लिक स्कूल का मना आठवां स्थापना दिवस, नए सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ



किशनपुर (सुपौल) प्रखंड मुख्यालय के बगल में मलाढ़ स्थित आवासीय आनंद पब्लिक स्कूल का आठवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चे।



किशनपुर (सुपौल) प्रखंड मुख्यालय के बगल में मलाढ़ स्थित आवासीय आनंद पब्लिक स्कूल का आठवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि।



पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव सहित अन्य ने केक काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव सहित अन्य ने केक काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय के बगल में मलाढ़ स्थित आवासीय आनंद पब्लिक स्कूल का आठवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक सह राजद के राष्ट्रीय सचिव यदुवंश कुमार यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश ठाकुर, राजद प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश उर्फ मंगल यादव एवं निदेशक एलबी यादव के द्वारा केक काटकर किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि यदुवंश कुमार यादव का स्वागत बिहार सरकार की महत्वपूर्ण डायरी व कलम प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि सुदूर इलाके से आए इन तेजस्वी बच्चों की हौसला देखकर हम काफी गद हैं। हमने कई बच्चों से सवाल जवाब भी किया है जिससे मैं काफी प्रसन्न हूं। इनका सीधा मतलब है कि संस्थान में बेहतर पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था है। जो बच्चों में देखने को भी मिल रहा है। उन्होंने विद्यालय संचालक की प्रशंसा करते हुए कहा कि कम संसाधनों में एवं कम शुल्क में बेहतर शिक्षा प्रदान करने की सुविधा प्रदान करना काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज, परिवार व देश की उन्नति संभव है। उन्होंने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसी प्रकार जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने भी विद्यालय में बच्चों की विद्वता पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं विद्यालय के संपूर्ण टीम को बधाई समर्पित किया। वहीं पूर्व जिला परिषद रमेश ठाकुर व राजद प्रखंड अध्यक्ष ने भी बच्चों की प्रशंसा करते हुए अभिभावकों को सहयोग प्रदान करने की अपील की ताकि विद्यालय व विद्यालय में शिक्षणरत बच्चे निरंतर आगे बढ़ते रहे। इसी प्रकार कई अभिभावक समूह ने भी स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर बच्चों व विद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। वही धन्यवाद ज्ञापन करते हुए निदेशक एलबी यादव ने अभिभावक समूह को बच्चों के और भी बेहतर शिक्षा का भरोसा दिलाते हुए आने वाले दिनों में और भी बेहतर करने का रोडमैप बताया। उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि नए सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ है उन्होंने अधिक से अधिक नामांकन कराने का आग्रह किया।

# सुपौल में मस्जिद के शौचालय से मिला बिजली मिस्त्री का मिला शव, रान्ग नंबर से शुरू हुआ था प्यार, धर्म परिवर्तन कर दो वर्ष पहले की थी शादी

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के प्रतापगंज बाजार स्थित थाना रोड की जामा मस्जिद के शौचालय से रविवार दोपहर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

मृतक की पहचान भवानीपुर दक्षिण पंचायत के इस्लामपुर गांव निवासी अब्दुल नासिर के दामाद अश्विनी अहमद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला था और पेशे से बिजली मिस्त्री का काम करता था।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर जामा मस्जिद में नमाज के लिए पहुंचे लोगों ने देखा कि मस्जिद के शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद है। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर एक युवक का शव पड़ा मिला। यह श्य देखते ही वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना प्रतापगंज थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही बीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेज दिया।

मृतक की पत्नी नौसीन सबा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि करीब पांच वर्ष पहले मोबाइल फोन पर रन्ग नंबर के जरिए दोनों की बातचीत शुरू हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। लगभग दो वर्षो तक दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। इसके बाद करीब तीन वर्ष पहले दोनों प्रतापगंज से भागकर राजस्थान चले गए और वहीं शादी कर ली।

शादी के बाद दोनों लगभग एक वर्ष तक राजस्थान में ही रहे। इसके बाद वे बिहार के पूर्णिया जिले में रहने लगे। पूर्णिया में रहने के दौरान उनके परिवार में दो बच्चों का जन्म हुआ। दंपती की एक डेढ़ वर्ष की बेटी और चार माह का बेटा है।



बिजली मिस्त्री की फाइल फोटो।

बताया जाता है कि पूर्णिया में रहने के दौरान अश्विनी ने धर्म परिवर्तन कर लिया था। पहले उसका नाम अश्विनी सिंह था, जिसे बदलकर उसने अश्विनी अहमद रख लिया। धर्म परिवर्तन के बाद वह अपनी पत्नी के गांव इस्लामपुर में रहने लगा था। पिछले करीब दस महीनों से वह वहीं रह रहा था और बिजली मिस्त्री का काम करता था।

परिजनों के अनुसार शनिवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि अश्विनी नशे का आदी था और शनिवार को उसने अपनी पत्नी से पैसे की मांग की थी।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद के बाद वह घर से यह कहकर निकला कि वह अपने घर जा रहा है, लेकिन बाद में वह प्रतापगंज बाजार स्थित जामा मस्जिद पहुंच गया।

जामा मस्जिद के इमाम इम्तियाज आलम ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे युवक मस्जिद आया और यहां रुकने की बात कही। मानवीय आधार पर उसे मस्जिद के एक कमरे में ठहरने की अनुमति दे दी गई। रविवार सुबह करीब आठ बजे उसे जगाया गया था।

कुछ देर वह बाहर बैठा रहा और फिर चला गया।

इमाम ने बताया कि रमजान का महीना होने के कारण वे अपने काम में व्यस्त थे। बाद में जब लोग नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे तो शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद मिला। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने उसे तोड़ दिया। दरवाजा टूटने पर अंदर युवक का शव पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में भीड़ जमा हो गई। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। हालांकि पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

बीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि युवक का शव मस्जिद के शौचालय से बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत मलाढ पंचायत के वार्ड संख्या 12 निवासी रंजीत मंडल के 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार अपने दोस्त विक्रम कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर थरिया चौक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान किशनपुर की ओर से आ रही एक अन्य बाइक ने एचपी. गैस एजेंसी के पास उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। अचानक हुई टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों का किया जा रहा है उपचार।

मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत किशन पुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सुपौल रेफर कर दिया। किशनपुर थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है मामले में आवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति हो गई प्रारंभ, अधिकारियों द्वारा लगातार जांच और छापेमारी जारी

**सुपौल (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, सुपौल के निर्देश के आलोक में घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा इसके अनुश्रवण के लिए जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार जांच और छापेमारी की जा रही है।

बता दे कि जिला के सभी डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं गैस कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है। जिन गैस एजेंसी पर भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर समाप्त हो जाता है वहां कुछ ही घंटे में उस एजेंसी को संबंधित तेल कंपनी के द्वारा भरे हुए सिलेंडर उपलब्ध करा दी जा रही है।



अपने समक्ष गैस वितरित कराते अधिकारी।

जिलाधिकारी महोदय सुपौल द्वारा गैस कंपनियों के एरिया अफिसर्स, फिल्ड अफिसर्स, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ इस विषय पर नियमित समीक्षा की जा रही है।

कालाबाजारी तथा जमाखोरी को सख्ती से रोकने एवं दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। स्थिति पर प्रशासन की पूरी नजर है। एलपीजी गैस की कहीं कोई समस्या नहीं है।

# ईदगाह कमिटि ने लिया निर्णय, ईद उल फितर की नवाज सुबह 9 बजे

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** किशनपुर उत्तर पंचायत अंतर्गत पीरगंज ईदगाह परिसर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व समिति सदस्य अब्दुल समद ने की। बैठक में ईदगाह कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 9 बजे अदा की जाएगी।

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए कमेटी सदस्यों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नमाजियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई और कहा कि समय निर्धारित रहने से बड़ी संख्या में आने वाले नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इमामे ईदैन कारी रिजवान अहमद ने कहा कि ईद इस्लाम का प्रमुख त्योहार है, जिसे रमजान के एक माह के रोजे, आत्म-अनुशासन और इबादत के बाद खुशियों, भाईचारे और अल्लाह के प्रति आभार के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ईद प्रेम, दान और सामाजिक सद्भाव का संदेश देती है। साथ ही उन्होंने जिला पदाधिकारी से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की।



बैठक में शामिल कमिटि के पदाधिकारी व अन्य।



बैठक में शामिल कमिटि के पदाधिकारी व अन्य।

इस अवसर पर मोहम्मद अली अकबर, मोहम्मद समीउल्लाह, मोहम्मद नौशाद रहमानी, मौलाना सुल्तान रहमानी, अनामुल डीलर, मोहम्मद शौकत, मोहम्मद शमीम खान, मोहम्मद कयामुल, मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद खलील, मोहम्मद शहजाद, हाफिज दिलशाद, मोहम्मद अहसान, हाफिज इरशाद, मोहम्मद रुस्तम, मोहम्मद मुजीब सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### जनता हास्पिटल के सौजन्य से रोजेदारों के लिए भव्य इफ्तार पार्टी आयोजित

**राघोपुर ( सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सिमराही नगर पंचायत अंतर्गत रामनगर रोड स्थित जनता हस्पिटल के सौजन्य से रविवार की संध्या रोजेदारों के लिए भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों के साथ-साथ कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे व सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रोजा इफ्तार के साथ हुई, जिसमें सभी रोजेदारों ने एक साथ बैठकर दुआ मांगी और लजीज व्यंजनों के साथ इफ्तार किया। जनता हस्पिटल के संचालक ने रमजान के पवित्र महीने की सभी रोजेदारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रमजान बरकतों और इबादत का महीना है। इस महीने में की गई दुआएं अल्लाह जरूर कबूल करता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल की ओर से हर वर्ष रोजेदारों के सम्मान में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है, ताकि समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा मिल सके। इस मौके पर भपटियाही शाहपुर पृथ्वी पट्टी के मुखिया सतीश पांडेय, प्रमानंदपुर मुखिया प्रतिनिधि मो अखलाख, मोहम्मद आफताब, बिट्टू यादव, प्रतोष पांडेय, फहीम, काजिम और लाल यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की परंपरा रही है कि हिन्दू और मुस्लिम सभी पर्व-त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं, जिससे यहां सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष पांडेय, सज्जाद आलम, ड़ तबरेज आलम, सुरेन्द्र मेहता, संजय सिंह, शाहिद आलम और डा. ज़ी रहमानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इफ्तार पार्टी में दोनों समुदाय के लोगों की मौज़ूी ने भाईचारे और एकता का संदेश दिया।



इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार।

### चिकित्सक की पुत्री ने एमडी पैथोलॉजी में किया गोल्ड मेडल हासिल

**सिमराही (सुपौल) (एनएसबी)।** रेफरल अस्पताल राघोपुर में पदस्थापित प्रसिद्ध चिकित्सक डा दीपक कुमार गुप्ता की पुत्री डा अंकिता कुमारी ने एमडी (पैथोलजी) में गोल्ड मेडल हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। डा अंकिता कुमारी ने किशनगंज स्थित एमजीएम मेडिकल कलेज से वर्ष 2022 से 2025 के सत्र में एमडी (पैथोलजी) की पढ़ाई पूरी की। अपने बैच (बैच-16) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्हें यह सम्मान 13 मार्च 2026 को किशनगंज में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किया गया। समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। डा अंकिता की इस सफलता पर उनके पिता डा दीपक कुमार गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी पुत्री बचपन से ही मेहनती और अनुशासित रही है। उन्होंने बताया कि लोगों की सेवा करते हुए उन्हें देखकर ही अंकिता ने भी चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर आज उसने यह उपलब्धि हासिल कर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बेटी की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को भी गर्व है। वहीं डा अंकिता की इस सफलता पर उनके शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने भी खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डा अंकिता की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है और यह साबित करती है कि समर्पण, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।



गोल्ड मेडल प्राप्त करते चिकित्सक।

### बाइक की ठोकर से सातवीं कक्षा के छात्रा की मौत, सुपौल सदर थाना गेट के पास हुआ हादसा

**सुपौल (एसएनबी)।** जिला मुख्यालय में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। यह हादसा सदर थाना गेट के पास सुपौल-सहरसा मुख्य सड़क पर हुआ। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार सहित तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृत छात्रा की पहचान सदर थाना क्षेत्र निवासी मो़ आजाद की 11 वर्षीय पुत्री सजदा परवीन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह वह सड़क किनारे पैदल जा रही थी। इसी दौरान कैंप टोला की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि मोटरसाइकिल पर सवार लोग अपने एक भाई को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए जा रहे थे। जब वे सदर थाना गेट के पास पहुंचे, तभी अचानक सड़क पार कर रही छात्रा उनकी बाइक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार समेत तीन लोग भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया है। वहीं घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। घायल मोटरसाइकिल सवार ने बताया कि वे लोग कैंप टोला से अपने भाई को स्टेशन छोड़ने जा रहे थे। इधर, सदर थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### रास्ता विवाद को लेकर पड़ोसी ने की मारपीट

**बेलदौर।** बेला नोवाद गांव निवासी झलेन्द्र राम ने अध्यक्ष को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित झलेन्द्र राम ने बताया कि पड़ोसी ने मेरे रस्ते को बंद कर दिया है। इसके कारण हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यदि रास्ता खोलने के लिए कहते हैं तो गाली गलौज के साथ-साथ मारपीट पर उतारू हो जाता है। रविवार को पत्नी कविता देवी के साथ मारपीट की। मारपीट में हम दोनों घायल हो गए। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### चोरों ने एक लाख से अधिक का सामान चुराया

**बेलदौर।** तेलिहार पंचायत के वार्ड नंबर दो में चोरों ने ग्राइंडर मशीन से ताला एवं चदरा को काट कर लगभग एक लाख पैंतीस हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। इस संबंध में बेलदौर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पवन सिंह के 26 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार ने रविवार को थानाध्यक्ष को आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। आवेदक के मुताबिक चोरों ने चालाकी दिखाते हुए पहले सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त किया, उसके बाद सभी समान की चोरी कर ली। चोरी हुई समानों में सौ फीट चापाकल का पाइप, एलईडी टीवी, तीन एचपी का मोटर, लैपटॉप, रूम के बाहर लगा हुआ चापाकल का हेड, स्ट्रीट लाइट का वेपर, सिंचाई करने के लिए रखा हुए फीता, सीलिंग फैन एवं सीसीटीवी का हार्ड डिस्क शामिल हैं। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रामधुनी यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश शोभायात्रा

**बेलदौर।** रामधुनी यज्ञ को लेकर 501 कुमारी कन्याओं के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा में जय श्री राम-जय श्री राम के नारे बुलंद हो रहे थे। बताते चलें कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के बलैठा पंचायत अंतर्गत ढाड़ी गांव में ग्रामीणों के सहयोग से 48 घंटा रामधुनी यज्ञ का आयोजन किया गया है। इसको लेकर रविवार को 501 कुमारी कन्याओं ने पचाठ गांव के कोसी नदी पहुंचकर पंडितों द्वारा पूजा पाठ कराकर कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश शोभा यात्रा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल ढाड़ी पहुंची। मालूम हो कि रामधुनी यज्ञ में पांच मंडली शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में हनुमान की मौत, गाजे-बाजे के साथ विदाई

**खगड़िया।** जिले के एनएच 31 पर पसराहा के समीप मर्माहत करने वाली घटना सामने आई है। यहां सड़क पार करने के दौरान हनुमान (लंगूर) की एम्बुलेंस से टकराकर दर्दनाक मौत हो गई। बेजुबान जीव के प्रति ग्रामीणों की अगाध श्रद्धा ने इस दुखद घटना को भावुक विदाई में बदल दिया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने हनुमान के पार्थिव शरीर को सड़क से उठाकर पास के बजरंगबली मंदिर में रखा। ग्रामीणों ने इसे सामान्य जीव की मृत्यु न मानकर दैवीय संकेत माना और आपसी सहयोग से चंदा एकत्रित किया। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ फूलों से सजी अर्थी तैयार की गई। हनुमान की अंतिम यात्रा किसी उत्सव जैसी प्रतीत हो रही थी। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ ग्रामीण जयकारे लगाते हुए निकले। शव यात्रा पसराहा से शुरू होकर कमरी और चकहर जैसे गांवों से गुजरी, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में, शव को अगुवानी गंगा घाट ले जाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा में विसर्जित (गंगा लाभ) कर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हनुमान जी के प्रति उनकी आस्था अटूट है, इसलिए उन्होंने एक परिवार के सदस्य की भांति उनका अंतिम संस्कार किया।

### श्रद्धा के साथ मनायी गई कांशीराम की 92वीं जयंती



**खगड़िया।** बहुजन समाज के महान चिंतक कांशीराम की 92वीं जयंती रविवार को रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत ग्राम नन्हकू मंडल टोला स्थित मेनका-कार्तिकेय सदन के सभाकक्ष में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गई। अध्यक्षता दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तथा जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने की। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित लोगों द्वारा कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद सामाजिक न्याय और समानता विषय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित, वंचित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। कांशीराम ने सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं को समाप्त कर समतामूलक समाज के निर्माण का सपना देखा और उसके लिए निरंतर संघर्ष किया। कांशीराम की दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व ने देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक और संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। शास्त्री ने कहा कि कांशीराम ने बाबा साहेब का मिशन अधूरा, कांशीराम करेंगे पूरा, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी और वोट हमारा, राज तुम्हारा-नहीं चलेगा जैसे नारों के माध्यम से बहुजन समाज में राजनीतिक चेतना जगायी। इन नारों ने समाज के सोए हुए वर्गों को जागृत कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाया। वास्तव में कांशीराम का संपूर्ण जीवन सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक रहा है, जो आज भी समाज के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में किसान सलाहकार अंकेश कुमार, रघुवीर पासवान, रामाकांत पासवान, सूर्यवंश, कुमारी कीर्ति, कल्पना कुमारी, अभिषेक कुमार रीतिक कुमार, मेनका देवी, ईशा देवी आदि शामिल रहे।

# निशांत कुमार से मिले सदर विधायक बबलू मंडल

**निशांत ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और जिले में पार्टी संगठन की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की**

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र एवं जेडीयू के नए सदस्य निशांत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच खगड़िया जिले में पार्टी संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं की भूमिका और संगठन को और मजबूत बनाने के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

गौरतलब है कि हाल ही में निशांत कुमार ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की है। इसके बाद से वे लगातार पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती को लेकर गंभीरता से विचार-विमर्श कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल से भी मुलाकात कर जिले में पार्टी की गतिविधियों और संगठनात्मक ढांचे के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

मुलाकात के दौरान निशांत कुमार ने विधायक बबलू कुमार मंडल से खगड़िया जिले में पार्टी संगठन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी जाना कि जब बबलू कुमार मंडल पार्टी के जिलाध्यक्ष थे, उस दौरान संगठन को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने किन-किन चुनौतियों और संघर्षों का सामना किया। विधायक ने उन्हें जिले में संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन और उनके कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई।



निशांत कुमार के साथ विधायक बबलू मंडल।

निशांत कुमार ने संगठन के अलग-अलग प्रकोष्ठों की भूमिका और उनके माध्यम से पार्टी को मजबूत करने की रणनीति के बारे में जानकारी ली। विधायक बबलू कुमार मंडल ने बताया कि पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और अन्य वर्गों को संगठन से जोड़ने का लगातार प्रयास किया गया है। मुलाकात के दौरान विधायक बबलू कुमार मंडल ने निशांत कुमार की संभावित यात्रा को सफल बनाने के लिए भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले में जेडीयू का मजबूत संगठन है और यहां के कार्यकर्ता पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हैं। विधायक ने युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने और संगठन को और सशक्त बनाने की योजना पर भी विस्तार से अपने विचार रखे।

वहीं निशांत कुमार ने विधायक बबलू कुमार मंडल की बातों को गंभीरता से सुना और खगड़िया जिले में पार्टी संगठन की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद और बैठकें की जाएंगी। मुलाकात के दौरान निशांत कुमार ने जल्द ही खगड़िया जिले में एक कार्यक्रम आयोजित करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही खगड़िया आकर कार्यकर्ताओं और नेताओं से सीधे संवाद करेंगे, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी और पार्टी का जनाधार भी मजबूत होगा।

## रमजान में घर के लिए चला सज्जाद, पहुंचा शव

**बेलदौर (एनएसबी)।** दिघौन पंचायत के जफर वासा उर्फ जाफराबाद निवासी महरूम सदरे आलम का 34 वर्षीय पुत्र सज्जाद एक सप्ताह पूर्व परदेश गया था। रमजान और ईद के कारण युवक के घर से पत्नी एवं बच्चे पर्व में घर आने के लिए बार-बार फोन करते थे। बच्चे एवं पत्नी की बातों को सुनकर युवक अपने रिश्तेदार के साथ चार चक्के वाहन से घर आ रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में हो गयी। उक्त घटना बीते शनिवार के सुबह घटी है। उक्त युवक के परिवार में 30 वर्षीया पत्नी सफीना खातून, 13 वर्षीया पुत्री नेहा प्रवीण, 11 वर्षीया नगमा बेगम, 8 वर्षीय मसद, 5 वर्षीय असद एवं डेढ़ वर्षीय जावा प्रवीण हैं। सज्जाद उत्तर प्रदेश में मजदूरी करता था। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को उक्त युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया, पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले दो गिरफ्तार

**वीडियो वायरल करना पड़ा महंगा**

**दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से हथियार और कारतूस बरामद**

**गोगरी (एनएसबी)।** अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल फोटो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने फोटो के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला साइबर, सोशल मीडिया एवं आईटीसेल के द्वारा तकनीकी जानकारी प्राप्त कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित थाना को प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् गोगरी थाना पुलिस टीम ने उक्त वायरल फोटो का सत्यापन किया।

सत्यापन के क्रम में ज्ञात हुआ कि सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाला युवक हिमांशु कुमार सा राटन, थाना गोगरी, जिला खगड़िया का रहने वाला है। गोगरी थाना पुलिस टीम ने छापामारी कर ग्राम राटन से हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त से वायरल फोटो दिखाकर पुछ-ताछ किया गया तो उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि अवैध देशी कट्टा मेरे दोस्त बिट्टू कुमार का है। अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर छापामारी कर ग्राम राटन से बिट्टू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में गोगरी थाना कांड सं.-82/28 दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्त के घर से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। छापामारी दल में पुनि सह थानाध्यक्ष परशुराम सिंह, सअनि जमादार साहु समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।



अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

# सांसद की पहल पर कार्यपालक अभियंता सरोज कुमार निलंबित

**नल जल समेत जलापूर्ति की जिले की अन्य योजनाओं में गड़बड़ी की मिली थी शिकायत**

**सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में गड़बड़ी बरदाश्त नहीं : सांसद**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में बीते दिनों सांसद राजेश वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी की बैठक में दिशा समिति के सदस्यों द्वारा खगड़िया के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता सरोज कुमार के खिलाफ सरकार की महत्वपूर्ण योजना नल जल योजना समेत जलापूर्ति योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। सांसद राजेश वर्मा ने बैठक में ही जिलाधिकारी को अभियंता के कार्यों की जांच का आदेश दिया था।

जिलाधिकारी ने अलग अलग प्रखंडो में जलापूर्ति योजना की जांच विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों से करवाई जिसमें खगड़िया, गोगरी ,चौथम, बेलदौर, मानसी एवं परबत्ता प्रखंडों में 193 योजनाओं में 19 बंद पाई गई। वहीं खगड़िया, अलौली, बेलदौर, चौथम, मानसी एवं परबत्ता प्रखंडों के विभिन्न पंचायत के कई वार्डों में हर घर नल का जल योजना का परिचालन रखरखाव विभागीय मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। जिला पदाधिकारी के स्तर से जांच के बाद बेगूसराय अंचल के अधीक्षण अभियंता द्वारा भी इन जलापूर्ति योजनाओं की पुनः जांच कराई गई। जिसमें पाया गया कि दो योजनाएं बंद थी। 1945 घरों में जल संयोजन कार्य नहीं कराया गया था। 1164 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित भी है कि कार्यपालक अभियंता की नकारात्मक भूमिका नजर आई है। इसके साथ ही पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा में भी पाया गया कि कार्यपालक अभियंता सरोज कुमार के स्तर से पोर्टल पर 476 शिकायतों के निष्पादन का प्रतिवेदन अपलोड हुआ था। विभागीय नियंत्रण कक्ष से सत्यापन के बाद कुल 84 शिकायतों का फीडबैक और असंतोषजनक पाया गया। जिसके कारण सभी 49 प्रमंडलों के विभागीय रैंकिंग में क्रिया 35 वें पायदान पर है।

इसके बाद बिहार राज्यपाल के आदेश से अभियंता प्रमुख विशेष सचिव (मुख्यालय) नित्यानंद प्रसाद द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल खगड़िया के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता सरोज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का किया आह्वान



**खगड़िया (एनएसबी)।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना है, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसी क्रम में परबत्ता विधानसभा अंतर्गत गोगरी ग्रामीण मंडल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार राजा उर्फ सोनू चौरसिया ने की। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचार आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीतीश कुमार, डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, जिला मंत्री अजीत कुमार नटवर, भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश सह-संयोजक राजेश पंडित आदि भी मौजूद रहे।

दूसरी ओर अलौली विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खगड़िया जिला संगठन प्रभारी राज किशोर सिंह, उपाध्यक्ष आलोक विद्यार्थी, प्रवक्ता उदय भास्कर तथा ई. गौरव राज भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

# शिक्षक ही संस्कृत को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं : शिवशंकर



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक नेता।

**संस्कृत शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**

**खगड़िया (एनएसबी)।** संस्कृत साहित्य जीने की कला सिखाती है। संस्कृत के बिना भारतीय संस्कृति और साहित्य को समझना बालू से तेल निकालने के समान है। उपरोक्त बातें पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य शिवशंकर सिंह ने सम्मान समारोह में कहीं।

जननायक कर्पूरी ठाकुर इंटर स्तरीय विद्यालय में संस्कृत जागृति मंच द्वारा खगड़िया जिले के संस्कृत शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जेएनकेटी इंटर स्तरीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राम प्रसाद एवं संचालन भारत सिंह जोशी ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य श्री राम प्रसाद ने कहा कि संस्कृत साहित्य की जागृति के लिए इस तरह का कार्यक्रम बच्चों के भविष्य सृजन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के संयोजक नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि आज अधिकांश अभिभावक यही कहते हैं बच्चा उदंड और अनुशासनहीन होता जा रहा है। इसके लिए जिम्मेदार भी माता-पिता ही हैं जो अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से दूर करते जा रहे हैं। इसका ज्ञान हमें संस्कृत से मिलता है। संस्कृत किसी जाति या धर्म की भाषा नहीं बल्कि आज की तारीख में मध्यम वर्ग के बच्चे के लिए भविष्य निर्माण का चाबी भी है।

बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय रहीमपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि संस्कृत साहित्य देवी देवताओं का साहित्य इसलिए कहा जाता है कि भारत में कोई ऐसी भाषा नहीं है जिसमें संस्कृत शब्द ना हो। इसलिए संस्कृत साहित्य से बड़ा कोई साहित्य नहीं है। जब देश गुलाम था तो हमारी संस्कृति आजाद थी और देश आजाद हुआ तो संस्कृति गुलाम हो गई। जेएनकेटी की शिक्षिका सोनी कुमारी एवं रेणु कुमारी ने कहा कि सबसे पहले संस्कृत के शिक्षक ही अपने बच्चों में संस्कृत के प्रति अभिरुचि पैदा करें। इस भाषा को सरल और आसान बना दें, तभी बच्चे और आकर्षित होंगे।

संस्कृत के शिक्षक राघव कुमार और धर्मेंद्र शास्त्री ने सम्मान समारोह के औचित्य को बताते हुए कहा कि इस सम्मान को हल्के में नहीं लें। जहां एक ओर हर व्यक्ति भौतिक संसाधन को ही अपना जीवन लक्ष्य बना रहे हैं, वहीं खगड़िया के सामाजिक कार्यकर्ता अपनी संस्कृति और साहित्य के संवर्धन और सशक्त बनाने के लिए विगत कई वर्षों से पहल कर रहे हैं। यहां उपस्थित सभी शिक्षकों का यह सम्मान रूपी अंग वस्त्र सूती का कपड़ा मात्र नहीं है बल्कि समाज और संस्कृति बचाने की एक बहुत बड़ी पगड़ी है और कलम रूपी उपहार हम शिक्षकों का वह हथियार है, जिससे समाज की धारा बदल सकते हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने आचार्य बलदेव चौधरी, धनंजय कुमार, दीपक कुमार, बैंकटेक शर्मा, श्वेता यादव, वीणा कुमारी, आरती कुमारी, संजय ठाकुर, कोमल कुमारी सहित 80 संस्कृत शिक्षकों एवं विद्यालय के कर्मचारियों को अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया। मौके पर सबों ने संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

# विकासशील देशों की खनिज संपदा पर कब्जा करने को अमेरिकी कर रहा हमले

**सीपीआईएम का जनाक्रोश जत्था पहुंचा खगड़िया, 24 मार्च को दिल्ली में है पार्टी का कार्यक्रम**

**खगड़िया (एनएसबी)।** सीपीआईएम द्वारा आहूत 24 मार्च की दिल्ली रैली की सफलता को लेकर देश के कोने-कोने में पार्टी का जन आक्रोश जत्था का आयोजन किया गया है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय नेता शिरकत कर रहे हैं। बिहार में भी राष्ट्रीय नेताओं के नेतृत्व में 5 जत्था चल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह बिहार प्रभारी डॉ. अशोक ढवले के नेतृत्व में एक जत्था विभिन्न जिलों से होते हुए खगड़िया पहुंचा। जत्थे में पार्टी के राज्य सचिव ललन चौधरी, राज्य सचिवमंडल सदस्य राजेन्द्र सिंह और संजय कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

जन आक्रोश जत्था की अगवानी हेतु खगड़िया के पार्टी कार्यकर्ता दर्जनों चार चक्के और बाइक के काफिले के साथ सैनिक होटल एनएच 31 पर सुबह ही पहुंच गए।जैसे ही डॉ. अशोक ढवले का जत्था उक्त स्थल पर पहुंचा, खगड़िया सीपीआईएम के कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ जत्थे में शामिल नेताओं को फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत के बाद काफिले के साथ जत्था सीपीआईएम जिला कार्यालय खगड़िया पहुंचा जहां पूर्व से इंतजार कर रहे सैकड़ों साथियों ने उनका स्वागत किया। बाद में पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतो की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।




कार्यक्रम को संबोधित करते नेता।

बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआईएम पोलित ब्यूरो सदस्य डॉ. अशोक ढ़वले ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद पूरी दुनिया के विकासशील देशों की खनिज संपदा पर कब्जा करने हेतु लगातार एक के बाद एक देशों पर हमले कर रहा है। कुछ दिन पूर्व रात के अंधेरे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इशारे पर अमेरिकी सेना ने एकतरफा कार्यवाही करते हुए वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को सोए हुए अवस्था में उठा कर अमेरिका ले जाकर जेल में बंद कर दिया। तब से वेनेजुएला के तेल पर कब्जा कर उसका अपने मन माफिक इस्तेमाल कर रहा है। उसी नियत से अभी 15 दिन पहले अमेरिका और इजराइल ने एक साथ मिल कर ईरान पर एकतरफा हमला कर वहां के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खुमनेई की परिवार सहित हत्या कर दी। ईरान की बहादुर जनता और सेना एकताबद्ध तरीके से इस कायरतापूर्ण हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिससे युद्ध ने भीषण रूप ले लिया है। पूरा मिडिलिस्ट इस युद्ध की जद में है और धीरे धीरे युद्ध का क्षेत्र बढ़ता ही जा रहा है। लाखों लोगों की जानें अमेरिकी और इजरायली हमले में जा रही है। इस युद्ध के चलते तेल और गैस के उत्पादन पर भारी प्रभाव पड़ रहा है, जिससे बिहार सहित पूरे देश में लोग गैस के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में वैश्विक मंदी भी अवश्यंभावी है। केन्द्र की मोदी सरकार ऐसी विकट परिस्थिति में दुनिया के देशों में जो भारतीय फंसे हैं, उन्हें निकालने एवं युद्ध के चलते भारत पर पड़ने वाले कुप्रभाव से निपटने को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं दिखती। मोदी सरकार ने भारत की वैदेशिक नीतियों को एक तरह से अमेरिकी परस्त बना दिया, जिस कारण हमारे सभी पुराने मित्र राष्ट्र जिनसे हमें सस्ते तेल, गैस और दूसरे सामान मिल रहे थे, उसके लिए अमेरिका के आदेश का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों के चलते देश में महंगाई आसमान छू रहा है। जिसके चलते आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून के दायरे में लाना सरकार के एजेंडे से बाहर हो गया है। किसानी में उपयोग होने वाले सभी सामान पर से सब्सिडी खत्म कर दी गयी है,जिससे किसानी घाटे का सौदा हो गया है। चार लेबर कोर्ड जो केन्द्र की सरकार ने लाया है, उसके चलते एक बार फिर से मजदूरों के वो सभी अधिकार खतरे में हैं, जिसे उसने अपने संगठित संघर्ष के दम पर खून की कीमत देकर सैकड़ों साल पहले हासिल किया था। मसलन यूनियन बनाने और उसके आधार पर अपने वाजिब हक के लिए संघर्ष करने का अधिकार खत्म कर दिया गया है। बिजली बिल अधिनियम जो केन्द्र सरकार का प्रस्तावित है, उसके लागू होते ही किसानों को किसानी में मिलने वाली बिजली बहुत महंगी हो जाएगी। उन्होंने कहा मोदी सरकार द्वारा मनरेगा के नाम को जी वी जी राम जी करके ना सिर्फ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति अपनी गोडसेवादी नीतियों को दर्शाया है, बल्कि रोजगार गारंटी योजना में पैसे कम कर उसे कमजोर करने की भी कोशिश की है,जिससे ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों के सामने भुखमरी की समस्या खड़ा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में आम जनों को मोदी सरकार पर जन दबाव पैदा करने के लिए 24 मार्च को दिल्ली में सीपीआईएम द्वारा आहूत रैली को ऐतिहासिक बनाना होगा।

# प्रोपर्टी डीलर हत्याकांड का 6 घंटे के अंदर पुलिस ने किया खुलासा, महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** आदर्श थाना जमालपुर के बड़ी दरियापुर निवासी सिमेश्वर तांती के पुत्र रंजीत हत्याकांड का खुलासा घटना के 6 घंटे बाद सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रापर्टी डीलर रंजीत की हत्या करने वाला कोई और नहीं उनके साथ डेल्सकन होम कंपनी में काम करने वाली एक महिला निकली। हत्याकांड का खुलासा करते हुए सीडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव गली में पड़ा हुआ। थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। थानाध्यक्ष को व्यक्ति के संदिग्ध मौत होने का शक हुआ तो फरेंसिक जांच टीम के सहारे मामले की वैज्ञानिक जांच एवं डग सयड का सहारा लिया गया। इस जांच के तहत पास के ही एक महिला का नाम सामने आया जिसको पुलिस ने तुरंत महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दिया। पूछताछ के कदम में महिला ने अपना जुर्म को स्वीकार करते हुए बताई की मृतक व्यक्ति के साथ मेरा कुछ कहा सुनी हो गई थी इसी दौरान उसकी चोट लगी और उसकी मौत हो गई। इधर हत्याकांड के महत्व 6 घंटे के बाद पुलिस के द्वारा खुलासा करने से सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए की रंजीत का हत्यारा उनके साथ काम करने वाली महिला देवे श्री निकली।मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान,एसआई टीपू सुल्तान सहित कई मौजूद थे।


हत्याकांड का खुलासा करते एसडीपीओ।

**आदर्श थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर गली में गिरा पड़ा मिला था पुलिस को रंजीत का शव**

## ट्रेन मैनेजर के क्वार्टर में आठ माह में दूसरी चोरी की घटना से सहमे रेलकर्मी, घटना आदर्श थाना क्षेत्र के रामपुर कॉलोनी जमालपुर का

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आदर्श थाना जमालपुर के रामपुर कॉलोनी क्वार्टर नंबर 283 जीएच में आठ माह में दूसरी बार चोरी की घटना से रेल परिवार सहमे नजर आ रहे हैं। क्वार्टर में चोरी की घटना के बारे में ट्रेन मैनेजर नंदन कुमार ने बताया कि 1 साल के अंदर दूसरी बार हमारे क्वार्टर में चोरी हुई है। पहले हुए चोरी मामले में पुलिस ने सिर्फ प्राथमिक की दर्ज कर अपना दायित्व पूरा कर लिया था। आठ माह के बाद आज दूसरी बार फिर चोरी हुई है अभी तो हम बाहर हैं आने के बाद ही कुछ बता पाएंगे कि क्या क्या चोरी हुई है। हालांकि स्वजनों ने बताया कि चोरों ने क्वार्टर का ताला तोड़कर आलमारी बक्सा खोल कई तरह के कीमती सामान चुराए हैं। विशेष जानकारी आने के बाद ही पता चलेगा। इधर चोरी की घटना की जानकारी जमालपुर पुलिस को मिलने के बाद गश्ती दल रेल क्वार्टर पहुंचकर मामले की जांच किया है। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


बंद पड़ा ट्रेन मैनेजर का क्वार्टर।

### खबरें : एक नजर में

## सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण वसूला 34 हजार से अधिक जुर्माना


अभियान चलाते डीटीओ ।


अभियान जारी ।

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी ट्रैफिक, एमवीआई प्रतीक कुमार, बिपिन कुमार, ईएसआई ेहा कुमारी एवं एसआई अमित कुमार की टीम ने जिले के नेशनल और स्टेट हाईवे पर सघन जांच अभियान चलाया। निस्ता, गढ़ही एवं कजरा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और सड़क पर रखे ईंट, गिट्टी, बालू सहित अन्य अतिक्रमण सामग्रियों को मौके से हटाया गया। घ्प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई के दौरान सड़क पर खराब और जर्जर स्थिति में लावारिस पड़े वाहनों के स्वामियों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्हें शीघ्र हटाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और हाईवे पर लगने वाले जाम की समस्या से आम जनों को निजात दिलाना है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों पर भी शिकंजा कसा गया। बिना हेलमेट पाए गए 11 मोटरसाइकिल चालकों का चालान काटते हुए कुल 34,500 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई।

## मजदूर पर जानलेवा हमले मामले में आरोपी गिरफ्तार, घटना सफियासराय फरदा पुयारी टोला का

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के फरदा पुयारी टोला गांव में बीते रात्रि एक मजदूर पर सनकी व्यक्ति के द्वारा जान मारने की नीयत से किए गए हमले मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के बारे में थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि घायल मजदूर के भाई बेंगलुरु में काम करता था वहीं पर गुड्डू चौधरी के साथ रुपए लेनदेन को लेकर कोई बात विवाद हुआ था। इस मामले को लेकर बीते रात्रि सनोज चौधरी जब अपने घर में सोया हुआ था तो जान मारने की नीयत से गुड्डू चौधरी कुदाल लेकर उनके घर पहुंच गया और सनोज को सोया देख कुदाल से हमला कर दिया। हमले में सनोज का पर बुरी तरह से घायल हो गया। घर के लोगों ने शोर मचाया तो गुड्डू चौधरी फरार हो गया। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली तो गश्ती दल ने गुड्डू चौधरी को खरीद कर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि मजदूर पर जानलेवा हमला आरोपी की गिरफ्तारी हुई है करवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।


थाना के बाहर बैठे घायल मजदूर।

# मां की पुण्यतिथि पर तारापुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**उप मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिला फुटबाल महोत्सव के विजेता बढोनियां टीम और उपविजेता अमैया टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया**

**तारापुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को सरकारी हेलीकाप्टर से तारापुर के पार्वती नगर स्थित हेलीपैड पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी माता व पूर्व विधायक स्व. पार्वती देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री ने स्व. पार्वती देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और श्रद्धांजलि के साथ की। इस दौरान उन्होंने उनकी सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। उप मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिला फुटबाल महोत्सव के विजेता बढोनियां टीम और उपविजेता अमैया टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।


हवन करते उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन की प्रेरणा देता है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। समारोह में स्थानीय लोगों की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पटना के लिए रवाना हो गए। राज्य में सरकार और नए सीएम को लेकर चल रहे कयासों पर मीडिया से बातचीत नहीं की।

## लोक अदालत में अव्यवस्था का बोलबाला न्याय के नाम पर आंकड़ों की खानापूर्ति

**लखीसराय (एनएसबी)।** लखीसराय में आयोजित वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत अपनी गरिमा और उद्देश्यों को धरातल पर उतारने में विफल साबित हुई। अधिवक्ताओं और पक्षकारों ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे महज वसूली का जरिया और आंकड़ों की बाजीगरी करार दिया है। स्थानीय अधिवक्ता रजनीश कुमार के अनुसार, जिस मंच का उद्देश्य लोगों को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाना था, वह अव्यवस्था और खानापूर्ति की भेंट चढ़ गया। सबसे चौंकाने वाला मामला उन मुकदमों के निष्पादन को लेकर सामने आया है जो नियमित न्यायालयों में पहले ही समझौते के आधार पर खत्म हो चुके थे। आरोप है कि आंकड़ों को बढ़ाने के लिए इन्हीं पुराने मामलों को लोक अदालत के माध्यम से नया पंचाट बनाकर निष्पादित दिखा दिया गया। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों ने भी अपने स्तर पर शाखाओं में किए गए पुराने समझौतों को लोक अदालत का जामा पहनाकर महज कागजी खानापूर्ति की। इससे यह संदेश गया कि लोक अदालत अब न्याय दिलाने के बजाय केवल बैंक वसूली का माध्यम बनकर रह गई है। नियमानुसार लोक अदालत में बिना वकील और बिना किसी शुल्क के त्वरित न्याय का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट रही। पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं ने जिन मामलों के समाधान के लिए महीनों मेहनत की, उन्हें तवज्जो देने के बजाय पहले से सुलझे हुए मामलों के पंचाट तैयार करने पर जोर दिया गया। इस दौरान वास्तविक पक्षकार पूरे दिन भटकते रहे और उन्हें निराशा हाथ लगी। अधिवक्ता रजनीश कुमार ने दावा किया कि कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाए तो इस पूरी प्रक्रिया की अनियमितता स्पष्ट रूप से उजागर हो जाएगी। इस घटनाक्रम ने लोक अदालत की विश्वसनीयता और उसकी वास्तविक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचि खड़ा कर दिया है।

# मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा की तैयारी का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

**मुंगेर (एनएसबी)।** आगामी सप्ताह में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कों लेकर जिले में युद्ध स्तर पर तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है।

जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए।

मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी सप्ताह माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को ले कर चल रहीं तैयारियों का आज निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल साफियाबाद हवाई अड्डा का निरीक्षण कर आवश्यक निदेश दिए गए। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा भगत सिंह चौक स्थित पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया।


तैयारी का जायजा लेते अधिकारी।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री साफियाबाद हवाई अड्डा पर सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा आयोजित आमजन सभा को सम्बोधित भी करेंगे।

साथ हीं पोलो मैदान में चौपर से उतरने के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री संग्रहालय के समीप बने जिला उद्योग केंद्र के नवनिर्मित भवन का अवलोकन करेंगे, तत्पश्चात कष्टहरणी घाट, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नवनिर्मित भवन तथा भगत सिंह चौक स्थित पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों को एक्टिव मोड में कार्य करने के निदेश दिए गए हैं।

## लखीसराय संग्रहालय में प्रवेश शुल्क तय करने से पहले लेनी होगी विभागीय अनुमति


**घ्लखीसराय (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग ने राज्य के सभी राजकीय संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क के निर्धारण को लेकर नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत लखीसराय संग्रहालय सहित सभी राजकीय संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क अब विभाग से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद ही निर्धारित किया जाएगा। इस संबंध में जारी आदेश के बाद पूर्व में तय की गई शुल्क व्यवस्था को आंशिक रूप से संशोधित माना जाएगा।

कला एवं संस्कृति विभाग के संग्रहालय निदेशालय की ओर से अपर निदेशक डा. विनय कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि दिनांक 11 फरवरी 2026 को सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में संग्रहालयों के संचालन और आगंतुकों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट और व्यवस्थित करने पर बल दिया गया है। लखीसराय संग्रहालय के सहायक संग्रहालयध्यक्ष मृणाल रंजन ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार ही आगे की व्यवस्था लागू की जाएगी और आगंतुकों को समय-समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## आध्यात्मिक साधना में मनुष्य का लक्ष्य केवल ईश्वर की उपासना नहीं उनका अनुभव करना

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ धर्म महासम्मेलन के तीसरे दिन बाबा नगर जमालपुर में पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत ने घुंघट के पट खोल रे, तुझे पिया मिलेंगे विषय पर अपने प्रवचन के माध्यम से मार्गी को राधा भाव और परम प्रेम की साधना भाव को बताया। पुरोधा प्रमुख ने आनंद मार्ग की आध्यात्मिक साधना में मनुष्य का लक्ष्य केवल ईश्वर की उपासना करना नहीं है, बल्कि अपने अस्तित्व की गहराइयों में उतरकर परम पुरुष से प्रत्यक्ष मिलन का अनुभव करना बताया। पुरोधा प्रमुख ने अज्ञानता का घुंघट हटते ही साधक को अनुभव होता है कि जिस परम आनंद की खोज वह बाहर कर रहा था वह तो उसके भीतर ही विद्यमान है। आनंद मार्ग की आध्यात्मिक साधना में मनुष्य का लक्ष्य केवल ईश्वर की उपासना करना नहीं है बल्कि अपने अस्तित्व की गहराइयों में उतरकर परम पुरुष से प्रत्यक्ष मिलन का अनुभव करना है। संतों और भक्तों ने इस परम मिलन को विभिन्न भावों के माध्यम से व्यक्त किया है। इधर मा धर्म सम्मेलन के मंच पर सांस्तिक कार्यक्रम के जरिए रावा के कलाकारों ने गीत संगीत नृत्य एवं मनमोहक झांकी भरे एकांकी का प्रदर्शन कर मार्गी को अपनी ओर आकर्षित किया। बाबा के प्रवचन विरोधी प्रमुख के प्रवचन एवं सांस्तिक कार्यक्रम के पूर्व केंद्रीय कमेटी की बैठक हुई जिसमें आनंद मार्ग की शाखा को मजबूत बनाने के साथ आगामी योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत,आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत,आचार्य मधुवतानन्द अवधूत,आचार्य अभिरामानन्द अवधूत,आचार्य शुभनिर्यासानन्द अवधूत,आचार्य कल्याणमित्रानंद अवधूत,आचार्य मेघदीपानंद अवधूत,आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत,आचार्य अवनिन्द्रानंद अवधूत,आचार्य रुद्रप्रकाशनंद अवधूत,आचार्य रत्नमुक्तानंद अवधूत,आचार्य सदवीरानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत,आचार्या अवधूतिका आनंद,आचार्य सुष्मितानन्द अवधूत भुक्ति, सुनील कुमार, प्रधान रंजीत, बादल सहित हजारों अनुवाई मौजूद थे।



मार्गी का अभिवादन करते पुरोधा प्रमुख, कीर्तन में झूमते मार्गी।

## भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की थानाध्यक्ष ने किया अपील

**ईद रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक**

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ईद रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा शहर में भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर आदर्श थाना जमालपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के अध्यक्षता में आयोजित बैठक उपस्थित लोगों ने पर्व को धार्मिक आस्था के साथ मनाने की बात कही। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद को लेकर शहर में व्यस्तता बढ़ गई है इसको लेकर सामाजिक सौहार्द बना रहे इसको लेकर जनता जनप्रतिनिधि समाजसेवी की बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि सौहार्द भाईचारा को स्थापित कर यह संदेश देने का काम करें। रही बात रामनवमी एवं चौती दुर्गा पूजा की तो सरकार एवं प्रशासन से जारी गाइडलाइन के अनुसार ही हम सभी पर्व को खुशी खुशी मनाएंगे। बैठक में उपस्थित राजीव नायक, मोहम्मद इशा चंचल, प्रमोद पासवान, मोहम्मद मुकीम, इंद्रदेव दास, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन को विश्वास दिलाया कि जमालपुर हमेशा पर्व त्यौहार के दौरान सौहार्द को बनाए रखना है और इस बार भी यह नजारा दिखेगा। मौके पर मनोज कुमार सिंह, राजीव सिंह, मोहम्मद जुम्मन आलम, साईं शंकर, भवेश चौधरी सहित कई मौजूद थे।


शांति समिति की बैठक करते थानाध्यक्ष।

# अंतर राज्य गिरफ्तार महिला चोर गिरोह को संरक्षण देने वाले चेहरे को बेनकाब करेगी रेल पुलिस

**मुंगेर जमालपुर के वैसे सुनार की तलाश हेतु पुलिस जुटा रही साक्ष**

**जेल भेजी गई महिला चोर को को रेल पुलिस रिमांड पर लेकर मुंगेर जमालपुर के उस सोनार तक पहुंचेगी**

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** अंतर राज्य चोर गिरोह के सरगना तक पहुंचाने के लिए रेल एसपी विद्यासागर की टीम मुंगेर जमालपुर के उसे सोनार की तलाश में जुट गई है जो भारी मात्रा में चोरी का आभूषण खरीदना था और उसके बदले नगद रुपए चोर गिरोह के सदस्यों को दिया करता था। रेल एसपी इस पूरे प्रकरण का खुलासा करते हुए बताया रेलवे में यह सबसे बड़ा महिला चोर जीरो का भंडाफ रेल पुलिस आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम ने मिलकर किया है इसलिए टीम में शामिल पदाधिकारी जवान कांस्टेबल को पुरस्कार मिलेगा। लेकिन गिरफ्तार चार महिला चोर गिरोह की सदस्य जो अपने आप को फर्जी आईडी के अनुसार जामताड़ा झारखंड राज्य की बताई जा रही है। जो अभी तक के अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह फर्जी पता है इसलिए इसका पता लगाने को लेकर जेल भेजे गए सभी चोर गिरोह की महिला को रिमांड पर लिया जाएगा। रेल एसपी ने यह भी कहा कि महिला चोर गिरोह को संरक्षण देने वाला उसे मास्टर पुरुष के साथ मुंगेर जमालपुर के उसे सुनार की तलाश हेतु पुलिस साक्षी जुटा रही है जो वर्षो से चोरी के सोना चांदी के बदले मोटी रकम चोर गिरोह के सदस्यों को दिया करता था। रेल एसपी ने यह भी कहा कि आरपीएफ जीआरपी एवं सीआईबी की टीम चोर गिरोह के महिलाओं को गिरफ्तार करने में थोड़ी भी देर करती तो वे सभी अपना ठिकाना बदल देने के फिराक मे थी। रेल एसपी ने यह भी कहा कि रेल यात्रियों के सामानों को लूटने एवं आभूषण को चोरी करने वाले इस महिला गिरोह का पर्दा तो किया गया है पर पूरी तरह इसे पर्दा रेल पुलिस जल्द ही उठाने वाली है जो मुंगेर जमालपुर के वैसे सफेद पोस सुनार एवं इनका संरक्षण देने वाले चेहरे को बेनकाब करेंगे। इसके लिए रेल एसपी ने रेल थानाध्यक्ष जमालपुर के स्वराज कुमार को यह जिम्मेदारी सोपी है।


जानकारी देते रेल एसपी विद्यासागर।

